वर्ष 73 अंक 115 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 22 जनवरी, 2026
माघ शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए


# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"समय सबसे बड़ा शिक्षक है। हर अनुभव कुछ सिखाता है।" -अज्ञात

# सोना पहली बार 1.5 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोने की कीमत 21 जनवरी को 1.50 लाख रुपए पार कर गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना 1,55,204 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला था। हालांकि, इसके बाद इसके दाम में थोड़ी गिरावट आई और ये 6,818 रुपए बढ़कर 1,54,227 रुपए पर बंद हुआ। सोना इस साल अब तक 21,032 रुपए महंगा हो चुका है। कल ये 1,47,409 रुपए पर था। वहीं 1 किलो चांदी 3,20,075 रुपए किलो पर ओपन हुई थी। हालांकि, इसके बाद इसकी कीमत में भी थोड़ी कमी आई और ये 9,752 रुपए बढ़कर 3,19,097 रुपए पर बंद हुई। इससे पहले कल ये 3,09,345 रुपए पर थी। चांदी इस साल सिर्फ 21 दिनों में ही 88,677 रुपए महंगी हो चुकी है। सोने-चांदी के दाम लगातार तीसरे दिन अपने ऑलटाइम हाई पर हैं।

## सोने में तेजी के तीन बड़े कारण



### ग्लोबल टेंशन और 'ग्रीनलैंड' विवाद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद और इस मुद्दे पर यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी से वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। जब भी दुनिया में ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ता है, निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश यानी सोने की ओर भागते हैं।

**21 दिन में 21 हजार महंगा, चांदी 10 हजार बढ़कर 3.19 लाख पर पहुंची**

### रुपए की रिकॉर्ड कमजोरी

भारत में सोने की कीमत केवल वैश्विक दरों पर नहीं, बल्कि डॉलर-रुपया एक्सचेंज रेट पर भी निर्भर करती है। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 91.10 के ऑल-टाइम लो पर है। जानकारों के मुताबिक, रुपए की कमजोरी की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खरीदे जाने वाले सोने की लैंडिंग कॉस्ट भारत में बहुत महंगी हो गई है, जिससे घरेलू बाजार में कीमतें 1.5 लाख के पार निकल गईं।

### सेंट्रल बैंकों की भारी खरीदारी

दुनिया भर के केंद्रीय बैंक (जैसे भारत का आरबीआई) अपने विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने के लिए सोने का स्टॉक बढ़ा रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, 2025 में रिकॉर्ड खरीदारी के बाद 2026 की शुरुआत में भी सेंट्रल बैंकों की मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे सप्लाई कम और डिमांड ज्यादा होने के कारण कीमतें बढ़ रही हैं।

### 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है सोना

विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर अमेरिकी टैरिफ और मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ता है, तो सोना 2026 में 1,90,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी 4 लाख रुपए तक जा सकती है।





### 2025 में सोना 75 फीसदी चांदी 167 फीसदी महंगी

पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपए (75 फीसदी) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपए (167 फीसदी) बढ़ा। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई। चांदी में तेजी के पीछे इंडस्ट्रियल डिमांड, सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी में भारी इस्तेमाल प्रमुख है। चांदी अब सिर्फ ज्वेलरी नहीं, जरूरी कच्चा माल बन गई है।

## ऑफ बीट

### हर दिन 100 जिंदा कीड़े खा जाता है ये बंदा



*दुनिया में तरह-तरह के लोग हैं, जिनमें से कुछ शाकाहारी हैं तो कुछ मांस-मछली भी खाते हैं। वैसे आमतौर पर तो लोग चिकन, मटन, अंडा या मछली ही खाते नजर आते हैं, लेकिन कुछ देशों में लोग कीड़े-मकौड़े भी खा जाते हैं। जी हां, एक ऐसा ही शख्स इन दिनों काफी चर्चा में है, जिसने एक ऐसा दावा किया है, जिसके बारे में जानकर ही लोगों के होश उड़ गए। दरअसल, इस बंदे ने दावा किया है कि वो हर दिन कम से कम 100 जिंदा कीड़े खा जाता है और इसके पीछे की जो वजह है, वो तो और भी अजीबोगरीब है। इस बंदे का नाम कार्लोस है, जो अमेरिका के शिकागो का रहने वाला है, उसका कहना है कि 'कीड़े मेरे पसंदीदा स्नैक्स में से एक हैं। मुझे इनमें सबसे अच्छी बात इनका स्वाद लगता है। ये बिल्कुल बटर वाले पॉपकॉर्न की तरह होते हैं'।*

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या: नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ी

**लखनऊ, जेएनएन।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों ने उनके कुछ टेस्ट कराएं हैं। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद उसी के हिसाब इलाज शुरू किया जाएगा। 87 साल के नृत्य गोपाल दास को सोमवार रात से उल्टी-दस्त हो रहे थे। बुधवार सुबह श्रीराम अस्पताल के रिटायर्ड डॉक्टर एसके पाठक ने उनका चेकअप किया था। फिर उन्हें मेदांता रेफर कर दिया था। जानकारी के मुताबिक, महंत ने पिछले 36 घंटे से कुछ भी नहीं खाया है। श्रीराम हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह ने बताया कि महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। डॉक्टर्स की टीम ने उनकी जांच की। इसके बाद मेडिकल टीम और एक एम्बुलेंस के साथ उन्हें मेदांता अस्पताल रवाना कर दिया गया। उनके उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास भी उनके साथ है। अब वहां से मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कोई जानकारी दी जा सकती है।

**संभल कोर्ट के जज का ट्रांसफर**

### एएसपी चौधरी पर दिया था एफआईआर का आदेश

**लखनऊ, जेएनएन।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मंगलवार को संभल के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर सहित 14 न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया है। चंदौसी में सिविल जज, सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह ने सुधीर की जगह ली है। वहीं सुधीर को अब सुल्तानपुर में सीनियर डिविजन का सिविल जज बनाया गया है। विभान्शु सुधीर ने 19 जनवरी को संभल पुलिस को नवंबर 2024 में संभल हिंसा के दौरान एक युवक की गोलीबारी के संबंध में तत्कालीन सर्किल ऑफिसर (सीओ) अनुज चौधरी और एसएचओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। संभल पुलिस ने कहा, वे सीजेएम कोर्ट के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपील करेंगे। इलाहाबाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से जारी ट्रांसफर आर्डर में कन्नौज के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज (फास्ट ट्रैक) हरेंद्रनाथ को पॉक्सो मामले के कोर्ट में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज कन्नौज नियुक्त किया गया है।

**दावोस में उच्च स्तरीय राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव**

## सस्ती, भरोसेमंद ऊर्जा की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है प्रदेश: मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नवकरणीय ऊर्जा मध्यप्रदेश के समावेशी और टिकाऊ विकास की आधारशिला है। राज्य स्वच्छ, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अन्तर्राज्यीय सहयोग और बेहतर समन्वय से राज्य में बिजली और जल आपूर्ति में स्थिरता आई है। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ उद्योगों को भी लाभ मिला है।

सीएम डॉ. यादव बुधवार को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में डी-रीस्किंग द ग्रीन लीप-सब नेशनल ब्लू प्रिंट फॉर यूटिलिटी स्केल एनर्जी ट्रांजीशन विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय राउंड टेबल बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश ने हरित ऊर्जा को विकास की मुख्य धारा में शामिल किया है। इस मौके पर सीएम ने राज्य में सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण से जुड़ी नई नवकरणीय परियोजनाओं की प्रगति और आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी।

मीटिंग के समापन-सत्र में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि मध्यप्रदेश की सौर ऊर्जा संबंधित उपलब्धियां वैश्विक स्तर पर साझा की जा सकती हैं। उन्होंने श्रम, भूमि और ऊर्जा के बेहतर समन्वय से स्वच्छ ऊर्जा में जोखिम कम करने के मध्यप्रदेश मॉडल को उल्लेखनीय बताया और प्रौद्योगिकी निवेश और ब्लेंडेड फाइनेंस पर जोर दिया। जोशी ने देश और पीएम के हरित ऊर्जा विजन को साझा करते हुए नवकरणीय ऊर्जा नीति स्थिरता के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि यह उपभोक्ताओं और ऊर्जा क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।






### ऊर्जा नीति की हुई सराहना

इंडोनेशिया के ईस्ट जावा प्रांत के उप-राज्यपाल एमिल एलेस्टियान्तो डार्डक ने कहा, उप-राष्ट्रीय सरकारें भी राष्ट्रीय नीतियों में परिवर्तन की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र की प्रगतिशील नीतियों की सराहना की। राउंड टेबल मीटिंग में प्रतिभागियों में वैश्विक और घरेलू कंपनियों के कॉरपोरेट प्रतिनिधि व निवेशक शामिल थे, जिन्होंने राज्य की नीतियों, हरित ऊर्जा, तथा डेटा सेंटर जैसी नई प्रौद्योगिकी एवं नवाचारों के संबंध में जानकारी ली। यह चर्चा भी हुई कि मप्र जैसे क्षेत्रीय सरकारें इसमें नवाचार का नेतृत्व कर सकती हैं।

### ड्रॉफ्ट फ्रेमवर्क किया प्रस्तुत

राउण्ड टेबल मीटिंग में मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, डीजी, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन अशोक खन्ना, एसीएस नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मनीष सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार सक्सेना एवं एमडी एमपीआईडीसी चन्द्रमौली शुक्ला उपस्थित रहे। मीटिंग में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक ड्रॉफ्ट फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया।

अधिकारियों ने कहा-कम बजट से योजनाएं होती हैं प्रभावितें- पेज-7

### अरावली में रोक के बाद भी अवैध खनन : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अरावली पहाड़ियों पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि रोक के बावजूद भी अवैध खनन चल रहा है। इससे ऐसे हालात बनेंगे, जिन्हें सुधार नहीं सकेंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा, खनन रोकने के लिए विशेषज्ञों की एक एक्सपर्ट कमेटी गठित करेगा। कोर्ट ने राजस्थान सरकार से गारंटी ली कि अरावली क्षेत्र में किसी भी तरह का खनन नहीं होने दिया जाएगा।

सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा, कुछ तरह की अवैध गतिविधियां अब भी जारी हैं। अवैध खनन से ऐसे हालात बन सकते हैं, जिन्हें सुधारा नहीं जा सकेगा। नई रिट याचिकाएं दाखिल न करें। हमें पता है कि ये याचिकाएं क्यों दायर की जा रही हैं। अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, हम अरावली का इतिहास जानते हैं। इसकी परिभाषा के पीछे विज्ञान होना चाहिए। सीजेआई ने कहा, हमें अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों की जरूरत है। सभी लोग नाम सुझाएं। हम चरणबद्ध तरीके से एक्सपर्ट्स की टीम बनाएंगे। सिब्बल ने कहा, कृपया 30 मिनट की प्रारंभिक सुनवाई हो। हिमालय, अरावली जैसी पर्वतमालाओं को परिभाषित नहीं किया जा सकता, इनमें टेक्टोनिक मूवमेंट होते रहते हैं। सीजेआई ने 29 दिसंबर 2025 के आदेश के संदर्भ में, कोर्ट के सामने व्यापक नोट और अहम सवाल रखे जाएंगे, ताकि सही फैसला लिया जा सके।

## हाईकोर्ट बोला-लिवइन में महिला तभी सुरक्षित, जब पत्नी मानें

### रिश्ते टूटने पर कैरेक्टर पर सवाल उठाते हैं पुरुष

**चेन्नई, जेएनएन।** मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को सुरक्षा तभी मिलेगी, जब उन्हें पत्नी का दर्जा दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों में महिलाओं को वैवाहिक सुरक्षा नहीं मिल पाती इसलिए कोर्ट की जिम्मेदारी बनती है कि महिलाओं को संरक्षण दें। जस्टिस एस श्रीमथी ने यह टिप्पणी एक आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए की। शख्स पर आरोप है कि वह महिला के साथ पहले लिव-इन में रहा। फिर शादी का झूठा वादा कर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए।

इस पर कोर्ट ने कहा कि पुरुष पहले मॉडर्न बनकर लिव-इन का रिश्ता बनाते हैं। बाद में रिलेशनशिप खराब होने पर महिला के कैरेक्टर पर सवाल उठाते हैं। वे ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि कानून में लिव-इन को लेकर कोई नियम नहीं हैं।

**ये अब आम हो गए:** भारत में लिव-इन रिलेशनशिप को भले ही समाज पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पा रहा है लेकिन अब ये आम हो गए हैं। पुरुष रिश्ते में रहते हुए खुद को मॉडर्न मान सकते हैं। लेकिन जब चीजें बिगड़ने लगती हैं तो वे महिलाओं को शर्मिंदा करने या दोष देने में देरी नहीं लगाते। आरोपी ने रिश्ते में आने के बाद शादी करने से इनकार किया। हालांकि, धारा 69 (धोखे से यौन संबंध बनाने) के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।

### सनातन पर उदयनिधि का बयान हेट स्पीच: हाईकोर्ट

मद्रास हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की सनातन के खिलाफ की गईं बातें हेट स्पीच के दायरे में आती हैं। कोर्ट ने यह टिप्पणी स्टालिन के तीन साल पुराने बयान को लेकर की। साल 2023 में उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसे मिटा देना चाहिए। इस बयान का काफी विरोध हुआ। भाजपा आईटी विभाग के हेड अमित मालवीय ने स्टालिन के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह बयान देश के 80 फीसदी सनातन धर्म मानने वालों के खिलाफ है। हालांकि, स्टालिन की डीएमके पार्टी के एक नेता ने उल्टा मालवीय के खिलाफ केस कर दिया। आरोप लगाया कि मालवीय ने स्टालिन के बयान को तोड़-मरोड़ के पेश किया। मालवीय ने एफआईआर के खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई। तीन साल बाद मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने अब एफआईआर को रद्द कर दिया है। जस्टिस एस. श्रीमथी ने कहा, मालवीय ने स्टालिन के बयान पर केवल प्रतिक्रिया दी थी। ऐसी प्रतिक्रिया पर केस चलाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

## प्रयागराज में एयरफोर्स का प्लेन क्रैश, तालाब में गिरा

### माघ मेला से 3 किमी दूर शहर के बीच हादसा

**प्रयागराज, जेएनएन।** प्रयागराज में बुधवार दोपहर सेना का एयरक्राफ्ट तालाब में गिर गया, जहां हादसा हुआ वह शहर का बीचों-बीच का इलाका है। एयरक्राफ्ट हवा में उड़ते-उड़ते डगमगाया और तालाब में गिर गया। 2 सीटर एयरक्राफ्ट में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। हादसा बुधवार दोपहर करीब 12.20 बजे केपी कॉलेज के पीछे हुआ। यह शहर के बीचों-बीच का इलाका है। तालाब के पास स्कूल और रिहायशी कॉलोनियां हैं। यहां से माघ मेले की दूरी 3 किमी है। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, एयरक्राफ्ट क्रैश होने से पहले दोनों पायलट पैराशूट से कूद गए और तालाब में गिरे। वहां दलदल में फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। जिस तालाब में विमान गिरा है, वहां चारों तरह जलकुंभी उगी हुई है।



## आरकेडीएफ विवि में एसटीएफ का छापा

**संचालक कपूर के घर भी पहुंची राजस्थान की टीम, फर्जी मार्कशीट से जुड़ा मामला**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी की आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी समेत संचालक सुनील कपूर के घर पर राजस्थान एसटीएफ ने फर्जी मार्कशीट मामले में मंगलवार को छापे मारे हैं। इस कार्रवाई के दौरान यूनिवर्सिटी परिसर, शाखा कार्यालय और संचालक सुनील कपूर के घर की जांच की सूचना मिली है। मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे राजस्थान स्पेशल टास्क फोर्स की टीम आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी से जुड़े तीन स्थानों पर एक साथ पहुंची। जानकारी के अनुसार, यह रेड राजस्थान में फर्जी मार्कशीट और शैक्षणिक प्रमाण पत्रों से जुड़े एक घोटाले की जांच के तहत की गई। इस घोटाले में कुछ फर्जी मार्कशीट राजस्थान पुलिस के हाथ लगी थीं, जिसके बाद राजस्थान की टीमें भोपाल पहुंचीं। जानकारी के मुताबिक, राजस्थान पुलिस की तीन टीमों ने गांधी नगर स्थित आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी कैंपस, कोलार इलाके में स्थित ब्रांच ऑफिस और संचालक सुनील कपूर के निवास पर तलाशी अभियान चलाया। इस पूरी कार्रवाई को बेहद गोपनीय रखा गया था।

**एसटीएफ के आते ही मेन गेट किया बंद :** मंगलवार सुबह जैसे ही एसटीएफ की टीम आरकेडीएफ के कैंपस में पहुंची, वैसे ही मुख्य द्वार बंद करा दिए गए। इस दौरान परिसर में मौजूद कर्मचारियों और स्टाफ को न तो बाहर जाने की अनुमति दी गई और न ही स्टूडेंट्स को एंट्री मिली। अचानक हुए इस एक्शन से यूनिवर्सिटी में अफरा-तफरी का माहौल रहा। गेट बंद होने की जानकारी कुछ छात्रों ने सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दी। बताया जा रहा है कि राजस्थान में दर्ज एक प्रकरण की जांच के दौरान आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी से जारी कथित फर्जी मार्कशीट और अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों के उपयोग के सुराग मिले थे। छापे के दौरान राजस्थान एसटीएफ द्वारा यूनिवर्सिटी के अलग-अलग विभागों से फाइलें, कंप्यूटर डेटा और अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड जब्त करने की भी सूचना मिली है। हबीबगंज थाना प्रभारी संजीव चौकसे के अनुसार राजस्थान एसटीएफ की टीम मंगलवार को पहले पुलिस स्टेशन पहुंची और कार्रवाई की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस थाने की फोर्स के साथ राजस्थान एसटीएफ की टीम ने कार्रवाई की।

### आदित्य हटे, मालवीय होंगे अशोकनगर के नए कलेक्टर

**विसं भोपाल।** राज्य शासन ने बुधवार को अशोकनगर के कलेक्टर आदित्य सिंह को बदल दिया। अब साकेत मालवीय अशोकनगर के नए कलेक्टर होंगे। मौजदा कलेक्टर आदित्य सिंह को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास बनाया गया है।

कलेक्टर आदित्य सिंह के खिलाफ एक जमीन के नामांतरण में रिश्वत मांगने की शिकायत हुई थी। मामला दिल्ली तक पहुंचा था, जिसके बाद राज्य शासन ने इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों के नाम का पैनल चुनाव आयोग के पास भेजा था। जहां से साकेत मालवीय के नाम पर सहमति मिलने के उपरांत सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा उनके स्थानांतरण का आदेश जारी कर दिया।

## तकनीक

**मशहूर इन्वेस्टर नोबल ने बताया क्यों गहरे संकट में है ऑल्टमैन की कंपनी**

## रियल टाइम में तेजी से गिर रहा है ओपनएआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मशहूर इन्वेस्टर जॉर्ज नोबल ने चेतावनी दी है कि 500 बिलियन डॉलर की वैल्यूएशन के बावजूद ओपनएआई टूट रहा है। उन्होंने इंटरनल कोड रेड अलर्ट, घटते चैटजीपीटी ट्रैफिक, 12 बिलियन डॉलर के बड़े तिमाही नुकसान और सोरा जैसे टूल्स की अनसस्टेनेबल कॉस्ट का हवाला दिया। बड़े लोगों के जाने और एलन मस्क के मुकदमे ने इंटरनल उथल-पुथल और फाइनेंशियल स्ट्रेन को और हाईलाइट किया है।

पुराने इन्वेस्टर जॉर्ज नोबल ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, एआई की यह पसंदीदा कंपनी अपनी वैल्यूएशन के बावजूद रियल टाइम में बिखर रही है। एक्स पर एक कड़े एनालिसिस में नोबल ने उन बातों पर जोर दिया जिन्हें वे परेशानी के साफ संकेत कहते हैं।



### सबसे बड़ा रेड फ्लैग?

दिसंबर में ओपनएआई का इंटरनल कोड रेड मेमो, जिसमें सैम ऑल्टमैन ने कथित तौर पर कर्मचारियों से सबकुछ छोड़ने को कहा था, क्योंकि गूगल की जेमिनी, चैटजीपीटी के दबदबे को कम कर रही है। यह खतरा कोई मनगढ़ंत बात नहीं है। चैटजीपीटी ट्रैफिक लगातार दो महीनों से कम हो रहा है, जबकि जेमिनी के मंथली यूजर्स बढ़कर 650 मिलियन हो गए हैं।

### वित्तीय नुकसान और भी बुरा

नोबल ने माइक्रोसाफ्ट के खुलासों की ओर इशारा किया, जिसमें दिखाया गया है कि ओपनएआई ने एक ही तिमाही में 12 बिलियन डॉलर गंवा दिए। ड्यूश बैंक का अनुमान है कि कंपनी प्रॉफिट कमाने से पहले 143 बिलियन डॉलर का नुकसान उठाएगी। वीडियो टूल सोरा को चलाने में अकेले रोजाना 15 मिलियन डॉलर का खर्च आता है।

### टीम से आधे लोग बाहर

सीटीओ मीरा मुराती, चीफ साइंटिस्ट इल्या सुत्स्केवर और एआई सेफ्टी टीम के आधे लोग बाहर चले गए हैं। इस बीच जीपीटी-5 इतनी बुरी तरह फ्लॉप हुआ कि ओपनएआई को यूजर्स के विरोध के 24 घंटे के अंदर जीपीटी-4 को रिस्टोर करना पड़ा। अब एलन मस्क का 134 बिलियन डॉलर का मुकदमा अप्रैल में ट्रायल के लिए तैयार है।

### असली कहानी पैसे की है

माइक्रोसॉफ्ट के फाइनेंशियल डिस्क्लोजर के अनुसार, ओपनएआई को एक तिमाही में 12 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। ड्यूश बैंक का अनुमान है कि कंपनी के प्रॉफिटेबल होने से पहले कुल नेगेटिव कैश फ्लो 143 बिलियन डॉलर था। उनके एनालिस्ट ने साफ-साफ कहा, इतिहास में किसी भी स्टार्टअप ने इतने बड़े पैमाने पर नुकसान के साथ काम नहीं किया है।

### बहुत निराशा के साथ लॉन्च हुआ जीपीटी-5

रिपोर्ट्स बताती हैं कि 2025 में ओपनएआई के बड़े ट्रेनिंग रन पिछले वर्शन से बेहतर मॉडल बनाने में फेल रहे। जीपीटी-5 को बहुत निराशा के साथ लॉन्च किया गया। यूजर्स ने इसे बहुत कमजोर और बहुत खराब कहा। ओपनएआई को 24 घंटे के अंदर जीपीटी-4श को रिस्टोर करना पड़ा, क्योंकि यूज़र्स पुराने मॉडल को पसंद करते थे। ऑल्टमैन ने वादा किया था कि जीपीटी-5, जीपीटी-4 को थोड़ा शर्मनाक महसूस कराएगा। इसके बजाय यूज़र्स ने शिकायत की कि यह बेसिक मैथ और जियोग्राफी में खराब था। उन्होंने तब से जीपीटी-5.1, जीपीटी-5.2 रिलीज किए हैं।

**सुनीता विलियम्स 27 साल बाद रिटायर**

## चांद पर जाना चाहती हूं, लेकिन पति की इजाजत नहीं: सुनीता



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने मंगलवार को कहा, इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ (स्पेस रेस) चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। लक्ष्य सिर्फ पहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए। सुनीता ने यह बात दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में 'आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर' सेमिनार में कहीं। सुनीता ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट ले लिया है। इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की। रिटायरमेंट 27 दिसंबर 2025 से लागू होगी। 60 साल की विलियम्स का आखिरी स्पेस मिशन सिर्फ 10 दिन का था, लेकिन वह साढ़े ९ महीने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रहीं। सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। सुनीता ने कहा, भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। वहीं, चांद पर जाने के सवाल पर कहा, मैं चंद्रमा पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे। घर वापसी और जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है।

# सतना में खुलेगा वर्ल्ड क्लास फ्लाइंग ट्रेनिंग सेंटर

## हर साल एक सैकड़ा प्रतिक्षित पायलट होंगे तैयार

### एरोबी फ्लाइट एकेडमी कल रखेगी सेंटर की नींव, भूमि पूजन की घोषणा की।



**जागरण, रीवा/ सतना।** सतना जिले को जल्द ही एक बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। सतना एयरपोर्ट में वर्ल्ड क्लास की पायलट ट्रेनिंग सेंटर खुलने जा रहा है। इससे हर साल 100 उत्कृष्ट प्रशिक्षित पायलट तैयार होंगे। इस लाभ यह होगा कि स्थानीय युवा भी जहाज उड़ान का प्रशिक्षण ले सकेंगे। अभी तक युवाओं को पता ही नहीं था कि पायलट कैसे बनते हैं। दरअसल एटीपी फ्लाइट एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड का एक ब्रांड, एरोबी फ्लाइट एकेडमी का संचालन सतना में होने जा रहा है। जिसका भूमि पूजन कल 23 जनवरी 2026 को होगा। इस संबंध में कंपनी के प्रतिनिधि पियूष नागर ने बताया कि इसकी शुरुआत नवंबर 2024 में गुरुग्राम, हरियाणा से हुई। कंपनी का यहीं हेडक्वर्टर भी है। बताया एरोबी फ्लाइट एकेडमी की स्थापना एक साफ विज़न के साथ की गई थी एक अत्याधुनिक पायलट ट्रेनिंग इकोसिस्टम विकसित करना जो ग्लोबल एविएशन स्टैंडर्ड्स को पूरा करे और साथ ही भारत से अगली पीढ़ी के प्रोफेशनल पायलटों को तैयार करे।

सतना में बनने वाली यह फैसिलिटी एरोबी की ग्रोथ यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर है। एक आधुनिक और टेक्नोलॉजी से लैस फ्लाइंग स्कूल के रूप में डिज़ाइन की गई, यह एकेडमी सेंट्रल इंडिया में फ्लाइट ट्रेनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा और ट्रेनिंग की क्वालिटी में नए बेंचमार्क स्थापित करने का लक्ष्य रखती है।

बताया कि अपने शुरुआती फ्लीट विस्तार के हिस्से के रूप में, एरोबी फ्लाइट एकेडमी पांच डायमंड डीए 40 एयरक्राफ्ट शामिल कर रही है, जो अपने एडवांस्ड एवियोनिक्स, सुरक्षा फीचर्स और ट्रेनिंग दक्षता के लिए दुनिया भर में मशहूर हैं। इस फ्लीट और एक मजबूत ट्रेनिंग फ्रेमवर्क के साथ, एकेडमी सालाना 100 पायलटों को ट्रेनिंग देने की योजना बना रही है, जो भारत के तेजी से बढ़ते एविएशन सेक्टर में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

ऐरोबी फ्लाइट एकेडमी के मैनेजमेंट का कहना है कि उसका विज़न सतना में वर्ल्ड-क्लास एविएशन ट्रेनिंग फैसिलिटी बनाना है जो न सिर्फ इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स को फॉलो करे, बल्कि देश भर के इच्छुक एविएटर्स के लिए हाई-क्वालिटी पायलट ट्रेनिंग को भी सुलभ बनाए। भूमि पूजन इस क्षेत्र में एविएशन ट्रेनिंग के लिए एक बदलाव लाने वाली यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है।

### अभी तो शुरुआत है

प्रबंधन द्वारा बताया गया कि 23 जनवरी 2026 को भूमि पूजन समारोह साइट पर डेवलपमेंट एक्टिविटीज़ की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक होगा और एविएशन एजुकेशन में एयरोबी की उत्कृष्टता, सुरक्षा और इनोवेशन के प्रति लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अपनी रणनीतिक लोकेशन, आधुनिक फ्लीट और मजबूत ट्रेनिंग फिलॉसफी के साथ एयरोबी फ्लाइट एकेडमी भारत के फ्लाइट ट्रेनिंग क्षेत्र में एक प्रमुख नाम बनने के लिए तैयार है।

## शासकीय माध्यमिक शाला बड़खेरा में कंबल वितरण, जरूरतमंदों के चेहरे खिले



सतना। सामाजिक दायित्व और मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स एवं सार्थक वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान मेंएशासकीय माध्यमिक शाला बड़खेरा के प्रांगण में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन द्वितीय डिस्ट्रिक गवर्नर पवन मलिक के मुख्य आतिथ्य एवं लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक लायन विनय त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए द्वितीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक ने कहा कि सेवा कार्य समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं और लायंस क्लब द्वारा निरंतर किए जा रहे ऐसे प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि सेवा कार्य समाज के प्रति हमारा नैतिक दायित्व है। इस प्रकार के आयोजन न केवल जरूरतमंदों को शारीरिक राहत प्रदान करते हैंए बल्कि उनके जीवन में आत्मीयता अपनत्व और सामाजिक समरसता का भाव भी भरते हैं। संयोजक लायंस क्लब पन्ना के अध्यक्ष विनय त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के लिए सेवा कार्य भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवा निवृत्त शिक्षक अशोक प्रताप सिंह ने ग्रामीणजनों से संवाद करते हुए क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की और सड़क निर्माण जैसे विकास कार्यों के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं रीजन चेयर पर्सन आलोक त्रिपाठी ने कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य सेवा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंद ग्रामीणजनों को कंबल वितरित किए गएएजिससे उनके चेहरों पर प्रसन्नता और संतोष देखने को मिला।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक रविन्द्र गौतम , दीपा मिश्रा, अनामिका नामदेव, राजेश गौतम, विवेक शर्मा, राजदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जन अभियान परिषद सरकार के लिए सेतु करता है निर्माण: भाजपा जिलाध्यक्ष सुहाने



### ग्रामोदय से अभ्युदय सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**जागरण, मैहर।** बुधवार को विकास खंड मैहर के सेक्टर क्रमांक 2 मैहर के आदर्श ग्राम कन्हवारा में सेक्टर ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के मैहर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, सांसद प्रतिनिधि सत्यभान पटेल, ग्राम पंचायत कन्हवारा सरपंच रमेश दाहिया, विकास खंड समन्वयक प्रदीप तिवारी एवं नवांकुर समिति मां धेनु सुविधार्थ जन कल्याणार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष सविता शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम में नवांकुर समिति अध्यक्ष द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उद्देश्य एवं आर्थिक रूप से हितग्राही मूलक योजनाओं व उनके उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में विकास खंड समन्वयक प्रदीप तिवारी ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के बारे में अपनी बात रखी। सांसद प्रतिनिधि सत्यभान पटेल जी ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्य को सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचे और पर्यावरण विषय पर अपने विचार रखे।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने सरकार के समस्त योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिए एवं जन अभियान परिषद से परिचय, किसानों के बारे में, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ, पेंशन, पीएम आवास योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव प्रह्लाद यादव, स्वामीदीन साहू , प्राथमिक विद्यालय हेड मास्टर बिहारी लाल साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व सहायता समूह एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## मैहर और जबलपुर के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला



**जागरण, सतना।** स्व. कप्तान अबधेश प्रताप सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का चौथे दिन का रोमांचक मुकाबला मैहर और जबलपुर के बीच खेला गया जिसमें मैहर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए मैहर ने 192 रन बनाए जिसमें मैहर के कप्तान दानिस नसीम ने 57 बॉल पर शानदार 71 रन बनाएए सिद्धांत ने 18 बॉल पर 26 रनों की पारी खेलीए जबलपुर की ओर से देवांश पटेल ने 5 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट झटके जवाबी पारी खेलने उतरी जबलपुर के सलामी बल्लेबाजों ने धमाकेदार शुरुआत कीए साहिल खान ने 26 गेंदों पे 48 रन लिए मोहित शुक्ल ने 28 बालों पर 40 रनों की बेहतरीन पारी खेली और मैच को जबलपुर ने 5 विकेट से जीत लिया।इस मैच के प्लेयर ऑफ मैच देवांश पटेल रहे।आयोजित टूर्नामेंट के आयोजक रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल अपने जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है खेल से शरीर के साथ स्वस्थ्य भी निखरता है।आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि विद्या तिवारी नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह पुष्पेंद्र सिंह अजीत सिंह विश्व विजय सिंह कमलेश कचेर पवन गौतम शिवमोहन सिंह कुबेर ताम्रकार शानू मिश्रा सिद्धांत सिंह शनी सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त परिचय वार्ता का हुआ आयोजन

**सतना।** विकासखंड रामपुर बघेलान अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 4 ग्राम पंचायत जमुना हाई स्कूल विद्यालय में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश के अंतर्गत कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के विचारों पर संक्षिप्त परिचर्चा वार्ता का आयोजन हुआ।जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि प्राचार्य विजय जायसवाल एवं शशिकांत तिवारी एवं समस्त स्टाफशिक्षक गण एवं संकट मोचन सेवा संस्थान के नामांकुर संस्था के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा एवं परामर्शदाता डॉक्टर सरदार कुमार चौधरी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं डू के छात्र कृष्ण साकेत बृजलाल साकेत एवं सयोगिता आदिवासी करिश्मा साकेत अमन साकेत एवं विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**जागरण, सतना।** नवांकुर संस्था शिवा ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में शासकीय डिग्री महाविद्यालय जैतवारा में सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रस्फुटन समितियों, समाज कार्य के विद्यार्थियों, परामर्शदाताओं, प्राध्यापकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही। मुख्य अतिथि बी के रंजन प्राचार्य ने ग्रामीण विकास स्वावलंबन पर्यावरण संरक्षण एवं नशामुक्ति जैसे विषयों पर विचार रखते हुए परिषद की गतिविधियों की सराहना की। अध्यक्षता कर रहे विकासखंड समन्वयक विजयेंद्र जडिया ने अभियान को जनभागीदारी सशक्त करने और शासनदृजनता के बीच सेतु बताया। उन्होंने जैतवारा सेक्टर की लीड संस्था शिवा ग्रामीण विकास संस्थान तथा सेक्टर प्रभारी बृजेंद्र सिंह के कार्य की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथियों ने स्वैच्छिकता सामूहिकता अनुशासन और सतत विकास पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन बृजेंद्र सिंह ने तथा आभार दुर्गा गौतम ने व्यक्त किया। अंत में प्रतिभागियों ने आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के निर्माण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## भाजपा का आंतरिक लोकतंत्र दुनिया में मिसाल: गणेश सिंह

### सोहावल और सज्जनपुर शक्ति केंद्रों में सांसद का संगठन सशक्तिकरण संदेश



**जागरण, सतना।** रैगांव विधानसभा के सोहावल शक्ति केंद्र और रामपुर विधानसभा के सज्जनपुर शक्ति केंद्र में बुधवार को आयोजित संगठनात्मक बैठकों में सांसद गणेश सिंह शामिल हुए। बैठकों में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और आंतरिक लोकतंत्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैए जहां आंतरिक लोकतंत्र भारत के लोकतंत्र की तरह जीवंत रूप में मौजूद है। उन्होंने कहा कि भाजपा में एक साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद तक पहुंच सकता है और यह उदाहरण आज के समय में कोई अन्य राजनीतिक दल प्रस्तुत करने का साहस नहीं कर सकता। इसके साथ ही उन्होंने संगठन की जमीनी मजबूती पर जोर दियाए बूथ स्तर पर संगठन को इतना ताकतवर बनाया जाए कि उसमें समाज के सभी वर्गों का समावेश हो। ऐसी संगठनात्मक रचना करने की अपेक्षा उन्होंने कार्यकर्ताओं से कीए जिससे पार्टी की विचारधारा और जनसेवा का संदेश घर.घर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की नींव होते हैं और इसी से पार्टी की चुनावी तथा वैचारिक सफलता सुनिश्चित होती है। अपने संबोधन के दौरान सांसद गणेश सिंह ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ता उत्साह और प्रसन्नता के साथ खुशियां मना रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भी इस खुशी में शामिल हों और संगठन को और अधिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लें।

## विजेताओं को विधायक ने भेंट किये पुरस्कार



**जागरण रामपुर बाघेलान।** माँ टीवीएस इंटरप्राइजेज शोरूम में 20-20 लीग लकी ड्रा का आयोजन मां टीवीएस इंटरप्राइजेज के संचालक आकाश सिंह परिहार द्वारा किया गया आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह उपस्थित रहे वहीं अध्यक्षता नीरज सिंह टी एम नवल अग्रवाल डायरेक्टर एन के ग्रुप गिरीश पूरी डायरेक्टर पूरी ट्रेडिंग कंपनी सांसद प्रतिनिधि जनमेजय सिंह विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष कमलेश कचेर मां टीवीएस के डायरेक्टर आकाश सिंह परिहार के साथ समस्त स्टाफकार्यक्रमों पर चित्र जिसमें 21 प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया जिसमें इलेक्ट्रॉनिक प्रेस कलर टीवी ब्लैंकेट ट्रॉली बैग स्मार्ट फोन डिनर सेट एवं टीवीएस स्पोर्ट बाइक भेंट करके लकी विजेताओं को सम्मानित किया गया।आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक कोल नीतिकेश सिंह गुंजन सिंह सुमित सिंह प्रकाश सिंह रिया सिंह पूनम द्विवेदी प्राची मिश्रा मोहम्मद रईस समी साकेत फारूख खान अंकित शर्मा सरगम सिंह सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## नगर निगम की जनसुनवाई में आये 26 आवेदन




**सतना।** मंगलवार को नगर निगम के सभागार में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान कुल 26 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से सर्वाधिक आवेदन विकास कार्यो और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आये है। जनसुनवाई का आयोजन उपायुक्त सत्यम मिश्रा एवं कार्यपालन यंत्री आरपी सिंह की उपस्थिति में 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुआ। जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 02 आवेदन, अतिक्रमण शाखा से संबंधित 04 आवेदन, सामान्य प्रशासन से संबंधित 01 आवेदन, साफसफाई से संबंधित 02 आवेदन, पेयजल से संबंधित 03 आवेदन,सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 02 आवेदन,विकास कार्य से संबंधित 06 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 06 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटनए आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

## किसानों ने कलेक्टर से की शिकायत

### फारेस्ट की जमीन में ब्लास्टिंग और तालाब में अतिक्रमण का मामला

**जागरण, सतना ।** वन विभाग की जमीन में अवैध उत्खनन एवं दलदल गांव में बने राम सागर तालाब में अवैध अतिक्रमण को लेकर देवमऊ दलदल गांव के किसानों ने सतना पहुंचकर सतना कलेक्टर को जनसुनवाई में सिकायत की है कि बीट जनार्दनपुर कक्ष क्रमांक आर 7.59 रकवा 344.944 हेक्टेयर एवं कक्ष क्रमांक आरएफ्764 का रकबा 57.178 हेक्टेयर का वन एवं राजस्व विभाग की जमीन का सीमांकन कराकर अवैध उत्खनन कारियों को जंगल विभाग की जमीन पर 20 फीट गहरी ब्लास्टिंग करने से रोका जाए किसानों ने शिकायत की है कि वन विभाग की भूमि बीट जनार्दनपुर की है जिसे कुछ दबंगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है जहां पर आम जनता के लिए गौशाला निर्माण कराया जाना न्याय हित में है वहां पर अवैध रूप से 20 फीट गहरी डायनामाइट लगाकर पत्थर तोड़ा जा रहा है जिससे पूरे जंगल में जंगली जानवर निवास करते थे वह जंगल छोड़कर नीलगाय जंगली सूअर गांव की ओर घुसने लगे हैं और किसानों को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। किसानो की खेती पूर्ण रूपेण चौपट हो रही है देव मऊ दलदल के मरजादपुर बस्ती के बगल से कोठी स्टोन क्रेशर लगा हुआ है वहां पर चार क्रेशर हैं जिससे वहां खदान से पत्थर भेजा जाता है और उस क्रेशर से आम जनता को भी बड़ा नुकसान हो रहा है चारों तरफ100 मीटर दूर ब्लास्टिंग से घरों के अंदर पत्थर गिरते हैं जिससे कोई भी जनहानि हो सकती है इस अवैध ब्लास्टिंग को रोकने एवं कोठी स्टोन क्रेशर को वहां से अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सतना कलेक्टर को जनसुनवाई के माध्यम से ज्ञापन पत्र सौपा है वही रामसागर तालाब में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए भी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के द्वारा आवेदन पत्र दिया गया है कहा गया है कि अगर किसानों की बात को अनसुना किया गया तो वह आमरण अनशन के लिए मजबूर होंगे जिसके समस्त जवावदारी शासन प्रशासन की होगी कार्रवाई के लिए किसानों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।

## सर्वोदय मंडल प्रभात फेरी निकालकर फहराएगा झंडा

**सतना।** जिला सर्वोदय मंडल सतना के तत्वावधान प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी की सुबह 6रू45 बजे जयस्तंभ चौक पर अमर शहीदों को नमन करने के पश्चात प्रभात फेरी निकाली जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सर्वोदय मित्र मंडल के प्रदेश संयोजक एवं जिला सर्वोदय मंडल सतना के सचिव बलराम सेन द्वारा बताया गया कि प्रभात फेरी शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करके वापस जयस्तंभ चौक पहुंचेगी जहां प्रभात फेरी का समापन होगा। तत्पश्चात सभी लोग कलेक्टरेट प्रांगण में स्थित भारत पेंशनर समाज कार्यालय पहुंचेगे जहां देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। सर्वोदय मंडल सतना के सभी लोकसेवक एवं सर्वोदय मित्रों से समय सीमा में कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## बिरसा मुंडा आदिवासी क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**जागरण, सतना।** बिरसा मुंडा आदिवासी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया टूर्नामेंट के संरक्षक रमेश प्रसाद कोल ने जानकारी देते हुए बताया की आदिवासी प्रतिभावों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना खेल से लगाव जुड़ाव एवं बेहतर खेल मंच प्रदान करने के साथ साथ नशा मुक्त समाज को अग्रसित करने के उद्देश्य से म प्र कोल आदिवासी समाज सेवा संघ के तत्वावधान में आयोजित अमर शहीद बिरसा मुंडा आदिवासी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 का शुभारंभ वार्ड नं 11 इटमा नई बस्ती रामपुर बघेलान अमरपाटन रोड़ खेल मैदान में किया गया इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मो बाबर ख़ान रहे अध्यक्षता शिवशंकर प्रसाद गौंटिया प्रदेश उपाध्यक्ष म प्र कोल आदिवासी समाज सेवा ने की विशिष्ट अतिथि राजकुमार कोल संभागीय उपाध्यक्ष म प्र कोल आदिवासी समाज राकेश रावत अशोक कोल जिला अध्यक्ष जनजाति प्रकोष्ठ सतना शंभू कोल संतोष रावत जयस जिला उपाध्यक्ष रीवा रवि कोल सुदर्शन कोल ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर हरदास कोल रजनीकांत कोल युवा अतुल कोल सरदार कोल अमन कोल उपस्थित रहे मैच के उद्घाटन में जयस नागौद बनाम एकलव्य क्लब अमरपाटन के मध्य खेला गया जयस नागौद टांस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में शानदार 156 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए अमरपाटन मात्र 113 रन बनाकर आल आऊट हो गई जिसमें मैन ऑफद मैच अतुल कोल 35 रन बनाए और दो विकेट लिए मैच एम्पायर किशन कोल नीलू कोल रहे स्कोरर सतेन्द्र कोल प्रकाश दहिया रहें ।

## उज्जैन में भक्ति और इंदौर में तकनीकी ज्ञान, विद्यार्थियों का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न




**जागरण, सतना।** श्री रामा कृष्णा कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी करही सतना द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए दो दिवसीय शैक्षणिक एवं धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी उज्जैन और औद्योगिक केंद्र इंदौर का भ्रमण किया। भ्रमण के पहले दिवस सभी विद्यार्थी बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंचे। यहाँ उन्होंने विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। छात्रों ने महाकाल लोक की भव्य मूर्तिकला और कॉरिडोर का अवलोकन किया जो भारतीय संस्कृति और पौराणिक कथाओं का अद्भुत संगम है। इसके साथ ही बाबा काल भैरव मंदिर मंगलनाथ मंदिरए गढ़कालिका मंदिरए सांदीपनि आश्रमए और क्षिप्रा तट का भ्रमण कर छात्रों ने क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को समझा यात्रा के दूसरे दिवस विद्यार्थी इंदौर पहुंचे जहाँ उन्होंने प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया। सेम.केम कफ सिरफ टैबलेट मैन्युफैक्चरिंग की यूनिट में छात्रों ने लाइव प्रोडक्शन लाइन आधुनिक मशीनों की कार्यप्रणाली और इन्वेंट्री मैनेजमेंट को लाइव देखा। कंपनी के इंजीनियरों ने छात्रों को इंडस्ट्री की वर्तमान मांगों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह सत्र छात्रों के लिए करियर की दृष्टि से काफी ज्ञानवर्धक रहा। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन शम्मी पुरी ग्रुप डायरेक्टर शाश्वत पुरी तकनीक विंग डायरेक्टर डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री डीन फार्मेसी डॉ अमित पांडे विभाग अध्यक्ष सुमित द्विवेदी और बाकी सभी स्टाफ ने सभी छात्र छात्राओं को यात्रा की शुभकामनाएं दी।

## सरपंच के साथ हुई मारपीट, आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

**सतना।** अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि आमजनता के द्वारा चुने गये सरपंच की बेधड़क होकर पिटाई की जा रही है इसका जीता जागता ज्वलंत उदाहरण मध्य प्रदेश के मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर समीपस्थ ग्राम पंचायत जमुना सरपंच प्रकाश सिंह बघेल जो एक सरल स्वभाव एवं मिलनसार सरपंच हैं जो अपने गांव की दुकान पर बैठकर विनीत पटेल का खानदानी सजरा लेख कर रहे थे तभी अचानक गांव के बृष्णू प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह गजेन्द्र सिंह योगेन्द्र सिंहएगगन सिंह अखण्ड प्रताप सिंह ने एकराय होकर सरपंच को मां बहन की बुरी . बुरी गाली देने लगे जिसका विरोध करने पर दुकान के अन्दर घुसकर बुरी तरह मारपीट कर अधमरा कर दिए। गांव के लोगों ने हल्ला गुहार सुन दौड़े और बीच बचाव किये। सरपंच के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसे पुलिस ने गम्भीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए उक्त आरोपियों के ऊपर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



**नाम सुधार सूचना**

मै सूचित किया जाता है कि मेरा नाम IMTIYAZ AHMED मेरे मार्कशीट में लिखा है। जबकी मेरा सही नाम IMTIYAZ AHMAD SIDDIQUI है जो सभी दस्तावेज में दर्ज है मै अब IMTIYAZ AHMAD SIDDIQUI नाम से जाना पहचाना जाता हूं। आगे से मुझे समस्त दस्तावेजों IMTIYAZ AHMAD SIDDIQUI के नाम से जाना जाए निवास का पता SUPER D STAFF COLONY, MAIHAR CEMENT, SARLA NAGAR, SONWARI MAIHAR Distt MAIHAR (M.P.) है।

**NAME CHANGE NOTICE**

I RENU VERMAN doughter of shri SHIV KUMAR VERMAN residing at dali baba punjabi colony city in satna tehsil of raghurajnagar dist. satna satate m.p. aadhar number-24947576 3548, do hereby solemnly affrimn and declare as follows. I am a permanent resident of the above mentioned address and I am an Indian citizen, born on 02/05/1992. my name in my marksheet of class 10th is RENU BARMAN but in my all documents my name is RENU VERMAN. My name RENU VERMAN and RENU BARMAN is one and the same person, that the both name are mine. my father's name in my marksheet of class 10th is SHIV KUMAR VARMAN but in my all documents his name is SHIV KUMAR VERMAN. my father's name SHIV KUMAR VERMAN and SHIV KUMAR VARMAN is one and the same person, that the both name are my father's name. my mother's name in my marksheet of class 10th is SHYAMVATI but in all ducuments her name is SHYAMVATI VERMAN. My mother's name SHYAMVATI VERMAN and SHYAMVATI is one and the same person that the both name are my mother's name.

# ड्रग इन्स्पेक्टर की उदासीनता से नियमों की अनदेखी

जागरण निष्क्रियता

## कच्चे बिल पर हो रहा दवाईयों का अधिकांश व्यापार

### सरकार को प्रतिमाह लगाया जा रहा है लाखों का चूना

जागरण, सीधी



जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में ड्रग इंस्पेक्टर के ढुलमुल रवैया के चलते मेडिकल की दुकानें पूरी तरह से परचून की दुकान सी प्रतीत होती हैं। उचित विधिक कार्यवाही के अभाव में आवश्यक नियमों की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। डीआई की लचर व्यवस्था के चलते बाजार का आलम कुछ इस तरह हो चला है कि ज्यादातर मेडिकल स्टोर संचालकों का पूरा व्यापार ही सिर्फ कलकूलेटर के सहारे चल रहा है। मेडिकल स्टोर से दवाईयां क्रय करने के बाद अगर कोई उपभोक्ता बिल की मांग करता है तो उसे कल और परसों की डेट दे दी जाती है। जानकारों की मानें तो नये नीति के तहत हर उपभोक्ता को क्रय की सामग्री का बिल देना अनिवार्य है। अगर कोई दुकानदार ऐसा करने में आनाकानी करता है तो शासन द्वारा इनसे निपटने के लिये शक्त कानून की व्यवस्था की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर जिले में ज्यादातर मेडिकल दुकानों का रजिस्ट्रेशन किसी और के नाम से है और संचालित कोई और कर रहा है। हमारे संवादाता द्वारा शहर के दर्जनों मेडिकल स्टोर पर निरीक्षण किया गया और पाया गया कि ज्यादातर दुकानों पर फार्माशिष्ट गायब थे। जो कि सिर्फ कागजों में देखने को मिलते हैं। शेष समय अयोग्य व्यक्ति द्वारा बिना जानकारी के यूं ही दवाई विक्रय की जाती है। ग्राहकों को क्रय किये गये दवाईयों के बिल न देने की एक वजह यह भी मानी जा रही है कि मेडिकल की दुकानों पर फार्माशिष्ट के कभी दर्शन ही नहीं मिलते हैं। जिले के ज्यादातर दुकानों में कई बार एक्सपाइरी दवाईयॉ भी देखने को मिल जाती हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही जीएसटी योजना को पूर्णतः शिथिल किया जा चुका है। जीएसटी कर जो टैक्स भारत सरकार के खाते में जानी चहिये वह दो नम्बर की काली कमाई में जा रही है। वर्तमान परिवेश में छोटे व्यापारी के पास जीएसटी के विषय में जानकारी का अभाव है तो वहीं बडे व्यापारियों द्वारा लेखा विभाग से संबधित व्यक्तियों को हर माह लाखों का रूपये का भुगतान सिर्फ इस बात के लिये दिया जाता है कि दो नम्बर को एक नंबर में कैसे बदला जाये। बिल में क्रय किये गये माल और बिना बिल के बीच का अंतर सीधे तौर पर जेब में जा रहा है। सबसे बडी बात जो उभर कर सामने आ रही है वह यह है कि जबाब देह अधिकारी कर्मचारी कभी भी अपने उत्तर दायित्व के निर्वहन हेतु बाजार में औचक निरीक्षण नहीं करते है। सूत्रों की मानें तो ऐसा भी नहीं है कि जबाब देह अधिकारी कर्मचारी की जानकारी में सारा माजरा नहीं है किन्तु व्यापारी और अधिकारी के बीच में सूत्रधार का काम करने वाले विचौलिये अपने दायित्व का निर्वहन भली भांति कर रहे है। जबाब देह अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्व निर्वहन के प्रति घोर लापरवाही करने के कारण ही सीधी जिले से प्रतिमाह लगभग लाखों रूपये का राजस्व हानि भारत सरकार को उठानी पड रही है। जानकारों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों का हाल यह है कि दूसरे धंधे में लिप्त लोग भी अब मेडिकल स्टोर का संचालन करने में अग्रणी बने हुए हैं। झोलाछाप डॉक्टर तो अपने क्लीनिकों में अघोषित रूप से मेडिकल स्टोर संचालित करने की होड़ मचाए हुए हैं।

### ड्रग इन्स्पेक्टर द्वारा बन्द कमरे से होता है निरीक्षण

सूत्रों की मानें तो सीधी जिले में ये अधिकारी कपड़ों की भॉति बदले जाते हैं। सीधी जिले के प्रभारी ड्रग इंस्पेक्टर जिसके चलते बाजार क्षेत्र में तानाशाही पूर्ण रवैया हावी हो चुका है। कभी-कभार ड्रग इंस्पेक्टर का औचक आगवन होता है। सबसे खास बात तो यह रही कि इनके सारे आवश्यक कार्य व सभी दुकानों का निरीक्षण होटल के बन्द कमरे के माध्यम से ही होता है। इसी मनमानी के चलते मेडिकल स्टोर्स के मनमानी संचालन का प्रचलन सीधी जिले में खूब बढ़ रहा है। जिला मुख्यालय में ही जब मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण नहीं होता तो कस्बाई क्षेत्रों की स्थिति का सह्ज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### इन जगहों पर संचालित हैं मनमानी दुकानें

शासन द्वारा बनाये गये नियमों की वर्तमान समय में खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं जिसमें खासतौर पर ग्रामींण अंचलों में कई ऐसे मेडिकल स्टोर हैं जहां रजिस्ट्रेशन की बात तो दूर कई दुकाने झोलों में संचालित हो रही हैं। बात अगर नियमों की करें तो मुख्यालय में ही कई ऐसे चिहिंत दुकानदार हैं जैसे कि गोपालदास मार्ग, सेन्ट्रल स्कूल के समीप, पटेल पुल तिराहे के समीप सहित अन्य कई चिहिंत स्थल हैं। यहां पर दुकानों पर कभी भी फार्माशिष्ट नहीं रहता है। साथ ही जीवन रक्षक दवाईयों में स्वच्छता का ध्यान दिया जाता है।

# विभागीय लापरवाही से झगरहा में गहराया पेयजल संकट



## एक माह से खराब पड़े 10 हैंडपंप, ग्रामीणों को भारी परेशानी

जागरण, सेमरिया

ग्राम पंचायत झगरहा में एक माह से अधिक समय से कई हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं, लेकिन संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण अब तक उनकी मरम्मत नहीं हो सकी है। गांव में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर आदिवासी और हरिजन बस्तियों में पानी की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। सरपंच प्रतिनिधि संजय पाण्डेय ने बताया कि ग्राम पंचायत झगरहा को सीएम हेल्पलाइन मुक्त ग्राम मानते है लेकिन पी एच ई-विभाग के कारण सर्मिन्दा होना पड़ता है। शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। विभागीय अधिकारियों से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन न तो फोन उठाया जा रहा है और न ही मौके पर कोई अमला भेजा गया है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में रमेश कोल की आदिवासी बस्ती, जमुना सोनी के घर के पास, बाबूलाल कोल, कांतस्ली कोल, गोपाल कोल, हनुमान मंदिर दयसमलाल साहू के घर के पास, किसुमिया कोल के घर के पास, आलोपन मंदिर के पास, हरिजन बस्ती तथा पंचायत भवन के पास स्थित हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल संज्ञान लेकर सभी खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराए, ताकि पेयजल संकट से राहत मिल सके।

> मेरे ग्राम पंचायत में कई हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण अभी तक ठीक नहीं हो सके हैं। यदि विभाग द्वारा ध्यान दिया जाए तो सभी हैंडपंप ठीक हो सकते हैं, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है।
>
> **निशा पाण्डेय, सरपंच झगरहा**

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## शहीद अनिल कप में उमरिया ने शहडोल को हराया



**जागरण, मझौली।** शहीद अनिल सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवां मैच 21 जनवरी को शहड़ोल और उमरिया के बीच खेला गया। जिसमें उमरिया ने 106 रनों से शहड़ोल टीम को हराया। पांचवें मैच में मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह परिहार जनपद अध्यक्ष सीधी रहे। वहीं अध्यक्षता कुसमी जनपद अध्यक्ष श्यामवती सिंह द्वारा की गई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मझौली, उमाशंकर यादव, रामराज गुप्ता, अमर सिंह, रणमत सिंह, अरूण सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, रामकुमार सिंह मंचासीन रहे। वहीं दर्शक दीर्घा में प्रमुख रूप से नागेंद्र सिंह कन्हाई, संविदाकार लवकेश सिंह गहरवार, अजय सिंह छोटू, संजीव सिंह संजू, सुनील सिंह, प्रदीप सिंह, अजय तोमर, अरूण सिंह, भाईलाल सिंह, अब्दुल खां, अतुल सिंह सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा शहीद अनिल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया एवं अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस उमरिया के कप्तान ने जीत कर पहले बल्लेवाजी करने का निर्णय लिया और उमरिया की टीम ने पहले बल्लेवाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकट के नुकसान पर 204 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। उमरिया की तरफ से गाजी खान ने सबसे ज्यादा 47 बालों पर 80 रनों की पारी खेली। वहीं लवकुश ने 42 व सनी तिवारी ने 29 रन बनाये। वहीं शहडोल की तरफ से बॉलिंग में मनीष व अंकित ने 2-2 व शंकर, गौरव एवं कासिम को 1-1 विकेट मिला। बाद में 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहडोल की पूरी टीम 14.5 ओवर में 98 रनों पर सिमट गई और उसे 106 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा। शहडोल की तरफ से बैटिंग में सबसे ज्यादा 25 रन श्यामू ने व मनीराम ने 15 रनों का योगदान दिया। उमरिया की तरफ से गाजी खान ने 3 व राकेश, रोहित व सुमित को 2-2 वहीं शनी परस्ते को 1 विकेट मिला। मैच मे उमरिया के खिलाड़ी गाजी खान को आयोजन समिति द्वारा मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने 80 रनों की तेज पारी के साथ चार ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट चटकाए। एम्पायर की भूमिका में संजय तोमर, सुधीर सिंह रहे वहीं रेफरी दिलीप कुमार गुप्ता रहे।

## पूजापार्क में भागवत कथा का शुभारंभ आज से



**जागरण, सीधी।** शहर के बीच में स्थित पूजापार्क में प्रति वर्ष होने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 22 जनवरी से लेकर 28 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक चलेगी। भागवत कथा के दुर्लभ कथानक और दृष्टान्त पं. बालाव्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक की अमृतवाणी से सभी श्रद्धालु श्रोतागण सुन सकेंगे। श्रीकृष्ण रसामृत समिति पूजापार्क की अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी सिंह, संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा, कार्यकारी अध्यक्ष पवनकुमार सिंह सहित भक्तों ने बताया कि मंगल कलश यात्रा फूलमती मंदिर के पास से बाजे गाजे सहित चलकर ठीक 3 बजे कथास्थल पर पहुंच जायेगी। आयोजक मण्डल के सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भागवत कथा श्रवण करने की अपील की है।

## मारपीट के आरोपी को 1 वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड

**जागरण, सीधी।** मारपीट के आरोपी को न्यामयिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा 1 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। बताया गया कि फरियादी रामलखन प्रजापति पिता सुकाली प्रजापति उम्र 55 साल साकिन भरूही थाना बहरीने थाना बहरी में दिनांक 6 अप्रैल 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराइ कि दिनांक 12 मार्च 2021 को वह अपने खेत में मकान बनाने के लिए उसके हिस्सेकी जमीन में मिट्टी खोद रहा था तभी अभियुक्तर उदयराज सिंह गोड़ आया और उससेझगड़ा विवाद करने लगा बोला कि वह उसके हिस्से की जमीन में मिट्टीखोद रहा है तब वह बोला कि अपने हिस्से की जमीन में खोद रहा है, इसी बात से नाराज होकर उदयराज सिंह उसे डण्डा से मारपीट करने लगा। मारपीट से उसके बाएं हाथ की नाड़ी में सूजनदार चोट आई। फरियादी का मेडिकल कराने पर एक्स-रे रिपोर्ट में फ्रैक्चर होना पाया गया। उक्त सूचना के आधार पर थाना बहरी जिला सीधी में अपराध क्रमांक 210/2021 अंतर्गत धारा 325 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय सीधी में पेश किया गया। जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 578/2021 में शासन की ओर से पैरवीकरते हुए सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती पूजा गोस्वायमी के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वारूप न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त उदयराज सिंह तनय बुद्धू सिंह उम्र 72 वर्ष निवासी ग्रामभरूही थाना बहरी जिला सीधी मप्र को धारा 325 भादवि में दोषी पाते हुए 1 वर्ष के सश्रम कारावास व 1,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## पत्रकार शाहनवाज के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**जागरण, सीधी।** जिले के सिहावल क्षेत्र के युवा पत्रकार साथी शाहनवाज खान लकी का बीती रात सड़क हादसे में निधन हो गया था, उनके निधन से सीधी जिले के पत्रकार साथियों को गहरा आघात पहुंचा है। बता दें कि लकी के पिता स्व. शौकत अली भी पत्रकार थे, जिनका निधन कोरोना संक्रमण की चपेट आ जाने से हो गया था। अब उनके पुत्र शाहनवाज खान लकी के निधन से समूचा परिवार बिखर गया है। युवा पत्रकार साथी शाहनवाज खान के निधन उपरांत आज बुधवार को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सीधी जिला इकाई द्वारा उच्च विश्राम गृह में दोपहर 1 बजे श्रद्धांजलि शोक सभा आयोजित की गई। सभी साथियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं। मौन रखकर शोक व्यक्त किया है। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व संभागीय महासचिव आदित्य सिंह, जिलाध्यक्ष हरीश मिश्रा, अमित सिंह, हरीश द्विवेदी, महासचिव शरद गौतम, शिवपूजन मिश्रा, अजय मिश्रा, जनार्दन तिवारी, अमित पाण्डेय, रवि पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, सुभाष तिवारी, प्रवेश शुक्ला, पुजारी लाल मिश्रा, प्रकाश गुप्ता, मनोज मिश्रा, अरविंद सिंह मझौली, पुष्पराज मिश्रा समाजसेवी, बेनाम सिंह शिवसेना जिलाध्यक्ष, राजेश तिवारी, अनूप तिवारी सहित जिले भर के पत्रकार साथी शामिल रहे।

# अल्ट्राटेक सीमेंट में संपन्न हुई औद्योगिक सुरक्षा विजन कार्यशाला




**जागरण, सीधी।** सुरक्षा के मानक बिंदुओं की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट प्लांट के मुखिया बीपी सग्गू जी की सुव्यवस्था में बीते 20 जनवरी को इंडो जर्मन कारपोरेशन फार सेफ्टी आई जीसीएसएचडबल्यू नौएडा के निदेशक करुणेश श्रीवास्तव द्वारा औद्योगिक सुरक्षा केविजन जीरो विषयक कार्यशाला में सुरक्षा के मानकों को परिभाषित कर कार्य स्थलों को सुरक्षा युक्त बनाए रखने पर बल दिया गया। उन्होंने सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति मानक बिंदुओं की अनदेखी न करने की समझाइश करते हुए कहा कि विभिन्न प्रकार के जोखिमों से बचाव कर समग्र कल्याण की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इसी क्रम में विजन टीम के शुद्धूराम जी द्वारा सुरक्षा के सात स्वर्णिम नियमों को बताया तथा समझाया जाकर जागरूक किया गया। कार्यशाला में यूनिट प्रमुख द्वारा कहा गया कि सीधी सीमेंट संयंत्र में कार्यरत आप सभी बंधु जन सुरक्षा जैसे इंजन के अंग हैं। जिसकी चाबी स्वमेव आपके पास है। अपील करते उनके द्वारा कहा गया कि सुरक्षा के मापदंडों का अक्षरशः पालन होने तथा किए जाने को प्रभावी तरीके अपनाए जाने की मंशा से प्रत्येक माह संस्थान में सेफ्टी मीटिंग होने का क्रम जारी है, आवश्यकता है कि आप सभी के द्वारा अमल में लाया जाय। सावधानी पूर्वक कार्य संपादन करना ही असली कार्यकुशलता है। यूनिट प्रमुख द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि दुर्घटनाओं को शून्य करने हेतु सजगता पूर्वक कार्य किया जाय, कार्य स्थलों पर असुरक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी दिखने या महसूस होने पर तत्काल प्रभाव से बिना हिचक बताया जाना सुनिश्चित माना जाय। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से प्लांट के एच आर प्रमुख अभिषेक शर्मा, टेक्निकल प्रमुख मुस्तकीम मोहम्मद, सेफ्टी विभाग के प्रमुख दिवाकर विश्वकर्मा, प्रशासनिक प्रमुख दिनेश शर्मा, ईआर विभाग के प्रभागीय अधिकारी शांति मया दास, सेफ्टी विभाग के जिम्मेदार सभी अधिकारियों के संयोजकत्व में आयोजित सेफ्टी संगोष्ठी कार्यशाला में सैकड़ों की संख्या में श्रमिक, कर्मचारी, संविदाकार, संविदाकर्मी सम्मिलित रहे। इसी क्रम में सुरक्षा शपथ के मानक मूल्यों के वाचन के पश्चात कार्यशाला का समापन किया गया।

## धुम्मा टूर्नामेंट के फाइनल में शिपुरवा बनी विजेता



**जागरण, सीधी।** युवा चैलेंज कप धुम्मा सीजन 9 का फाइनल मैच शिवपुरवा बनाम धुम्मा के बीच खेला गया। जिसमें शिवपुरवा टीम ने जीत अपने नाम की। मुख्य अतिथि मिश्रा नर्सिंग होम सीधी के संचालक डॉ. अनूप मिश्रा उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने बघेली बोली में बात रखते हुए कहा कि जिंदगी में बिना लालच के आगे बढ़ना और खेलना चाहिए। अध्यक्षता ग्राम पंचायत धुम्मा के सरपंच सविता रावत ने की। विशिष्ट अतिथि छात्र संगठन के अध्यक्ष इन्द्रलाल पटेल ने अपने संबोधन से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। अतिथियों में अशोक पटेल, विनोद पटेल, राजेंद्र प्रसाद पटेल, लखपति पटेल, शिवेंद्र मिश्रा, दिनेश पटेल, गेंदलाल पटेल, इंद्रमणि पटेल, नंदलाल पटेल, तेजभान, सुखलाल राजेंद्र, रोशन लाल, चक्रधर, मोतीलाल, रामलाल पटेल एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य तिथियायों के हाथों खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पूरे मैच में 24 टीम सम्मिलित रहीं। आयोजक मंडल के अध्यक्ष रविनंदन सिंह संरक्षक अभिषेक सिंह दिलवर, सदस्य धीरू पटेल, सौरभ पटेल, अवधेश सिंह, निखिल विश्वकर्मा एवं अन्य सह्योगी शिवकुमार रावत, मोहित सेन नवाब सिंह आनंद, आशीष, पवन अनिल, विवेक, मनीष, पुष्पेंद्र, ऋषि, ऋतिक अन्य सभी उपस्थित रहे।

# वन विभाग का अनुभूति का कार्यक्रम बघवार में आयोजित

## वन मंडलाधिकारी की मौजूदगी में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### छात्रों को जंगल का कराया गया भ्रमण

जागरण, सीधी




वन विभाग के सर्किट हाउस बघवार में वन मण्डल अधिकारी सीधी श्रीमती प्रीति अहिरवार की अध्यक्षता एवं समाजसेवक सभापति जनपद पंचायत रामपुर नैकिन महेन्द्र सिंह भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय कन्या स्कूल बघवार की छात्राओं द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पहले छात्राओं का भ्रमण जंगल क्षेत्र में कराया गया। उन्हें वन परिक्षेत्राधिकारी द्वारा जंगल के बारे में एवं उनसे लाभ.हानि तथा पर्यावरण के बार में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा एक पेड़ मां के नाम से लगाने, पेड़ की कटाई बन्द करने, पर्यावरण से फायदे एवं नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रीति अहिरवार से नया विश्राम गृह एवं पुराने विश्राम गृह के जीर्णोद्धार के लिए मांग की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही वन मण्डलाधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई एवं पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्राधिकारी नवीन सिंह बघेल, एसडीओ बादशाह रावत, परिक्षेत्राधिकारी विनी आनन्द, सहायक परिक्षेत्राधिकारी राजेन्द्र यादव, बीट प्रभारी विक्रम सिंह परिहार के अलावा ग्रामवासी भी मौजूद थे।

## बीएलओ कर्तव्यों में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस

**जागरण, सीधी।** विधानसभा क्षेत्र 77 सीधी के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्राथमिक शाला कतरीकाड़ी के प्राथमिक शिक्षक अशोक सिंह को बीएलओ कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्यालयीन आदेश दिनांक 24 दिसंबर 2025 के अनुसार उन्हें मतदान केन्द्र क्रमांक 97 कतरीकाड़ी का बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ नियुक्त किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अत्यंत समयबद्ध है, किंतु संबंधित शिक्षक द्वारा आदेश जारी होने के बाद न तो कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई गई और न ही निर्वाचन कार्य प्रारंभ किया गया। इसके कारण लगभग 20 दिवस तक मतदान केन्द्र का कार्य प्रभावित रहा। नोटिस में उक्त कृत्य को घोर लापरवाही एवं कदाचरण मानते हुए मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विरुद्ध बताया गया है।

# कानून व्यवस्था एवं विकास योजनाओं की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

## सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य और कृषि कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश

### उच्च प्राथमिकता के कार्यों की मासिक समीक्षा के निर्देश

जागरण, सीधी




मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक माह में कम से कम दो दिन संयुक्त रूप से बैठक कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समन्वित प्रयास करें। कलेक्टर शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की प्रत्येक माह समीक्षा करें तथा विकासखंड और ग्राम स्तर तक गतिविधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें। विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। लोक सेवा गारंटी योजना अंतर्गत चिन्हित सभी सेवाएं तय समय-सीमा में आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशासनिक कार्यों में आधुनिक सूचना एवं संचार तकनीक के उपयोग, योजनाओं से संबंधित डाटा के विश्लेषण तथा तथ्यपरक रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर जोर दिया। ग्रामीण विकास कार्यों की मासिक समीक्षा एवं कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के एजेंडा बिंदुओं पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में मुख्य सचिव ने शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर पर नियंत्रण हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन, नियमित जांच तथा एनीमिक गर्भवती महिलाओं की समुचित देखभाल की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। कम वजन एवं कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के प्रयासों पर भी निरंतर निगरानी रखने को कहा गया। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को भू-अधिकार पत्र जारी करनेए नगरीय निकायों में पेयजल की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई व्यवस्था की सतत निगरानी करनेए पानी की टंकियों की तत्काल सफाई कराने तथा पेयजल पाइपलाइन लीकेज को 48 घंटे की समय-सीमा में सुधारने के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित संबंधित विभागाध्यक्षों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केंद्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला, एसडीएम चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने दिए गए निर्देश

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली असमय मौतों को रोकना एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक आयोजित कर ब्लैक स्पॉट में सुधार, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन तथा दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर गोल्डन ऑवर में पीड़ितों को सहायता दिलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी बताया कि शासन द्वारा दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपये तक की तात्कालिक उपचार सहायता निःशुल्क देने की व्यवस्था की गई है तथा इस योजना में 1600 अस्पतालों को शामिल किया गया है। साथ ही 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी शासकीय वाहनों को स्कैप करने के निर्देश दिए गए। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में सात दिवस के भीतर पीड़ित को राहत राशि की प्रथम किश्त प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को साप्ताहिक टीएल बैठक में जाति प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत कर उनका संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने को कहा गया। इसके साथ ही भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत ई-समन एवं ई-साक्ष्य व्यवस्था लागू करने तथा सभी शस्त्र लाइसेंस ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## शहरों में किफायती आवास का पूरा समाधान हो

भारत की शहरी आवास संबंधी चुनौती केवल अपर्याप्त ऋण उपलब्धता या गृह-स्वामित्व योजनाओं से ही संबंधित नहीं है। हमारे शहर इस तरह की परिस्थितियां बनाने में विफल हो रहे हैं जहां किफायती घर बनाना आर्थिक रूप से व्यवहारिक हो। इसके परिणामस्वरूप परिवारों को अनौपचारिक बस्तियों में रहना पड़ता है, लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और कर्ज का भारी बोझ उठाना पड़ता है। किफायती आवास पर नीति आयोग की नई रिपोर्ट इस संकट के कारण सामने रखती है।

जमीन का महंगा होना, प्रतिबंधात्मक नियोजन मानदंड, किराया बाजार का कमजोर होना, नियामकीय देरी और राजकोषीय प्रोत्साहनों को वापस लिया जाना। इसके परिणामस्वरूप किफायती आवास, डेवलपर्स और फाइनेंस करने वाले दोनों के लिए भारी जोखिम और कम लाभ वाला प्रस्ताव बन गया है। नाइट फ्रेंक और नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के हालिया आंकड़े समस्या की गंभीरता को रेखांकित करते हैं।

भारत के आठ प्रमुख शहरों में 50 लाख रुपये से कम कीमत वाले घरों के लिए आपूर्ति और मांग का अनुपात 2019 के 1.05 से घटकर 0.36 हो गया। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न-आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम-आय वाले परिवारों की संयुक्त मांग वर्ष 2030 तक 3 करोड़ इकाइयों तक पहुंचने का अनुमान है।

नीति आयोग के प्रस्ताव किफायती आवास नीति में लंबे समय से प्रतीक्षित बदलाव के समान हैं। इसके केंद्र में आयकर अधिनियम की धारा 80-आईबीए को नए सिरे से जीवित करने का सुझाव है, स्वीकृत किफायती आवास परियोजनाओं से होने वाले लाभ पर पूर्ण कर छूट प्रदान की थी। इसे वापस लाने से परियोजना की अर्थव्यवस्था बेहतर होगी और नीति की निश्चितता का एक स्तर बहाल होगा, जिसकी निजी डेवलपर्स को सख्त कमी महसूस हुई है।

रिपोर्ट में यह सिफारिश भी की गई है कि किफायती आवास रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (रीट) के लिए किराये की आय और पूंजीगत लाभ को कर से मुक्त किया जाए। यह कदम उस श्रेणी में संस्थागत पूंजी आकर्षित करने के उद्देश्य से है, जो लंबे समय से वित्तीय संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी) को कर-मुक्त बॉन्ड जारी करने की अनुमति दी जाए, जिनसे प्राप्त धनराशि ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के लिए रियायती ऋण में लगाई जा सके। इसके साथ ही, एनएचबी और आवास एवं शहरी विकास निगम द्वारा समर्थित एक नए दीर्घकालिक कोष की स्थापना का प्रस्ताव है।

रिपोर्ट कहती है कि बड़ी आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं में 10 से 15 फीसदी ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के आवास होने चाहिए। अतिरिक्त उपायों में स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क में रियायत, भूमि उपयोग परिवर्तन शुल्क में रियायत और कम से कम आधे फ्लोर एरिया रेशियो को किफायती इकाइयों के लिए उपयोग करने पर प्रोत्साहन शामिल हैं। सबसे अहम बात यह है कि रिपोर्ट किराये के आवास को वाणिज्यिक के बजाय आवासीय मानने की सिफारिश करती है, जिससे बिजली और पानी के शुल्क कम हो सकें।

इन सुधारों की सफलता राज्यों और शहरों द्वारा क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। केन्या में थ्री डी प्रिंटेड घरों से लेकर नेपाल में सामुदायिक भागीदारी और सहयोगी वित्तपोषण मॉडल तक, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाएं यह दर्शाती हैं कि विविध रणनीतियों को बढ़ाया जा सकता है ताकि आवास किफायती बने। सार्वजनिक भूमि का उपयोग सार्वजनिक आवास परियोजनाओं के लिए करना, आसपास के क्षेत्रों में परिवहन और बुनियादी ढांचे में निवेश करना, और विश्वसनीय, प्रौद्योगिकी-सक्षम आवास डेटा प्रणालियां बनाना पूरक के रूप में होना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय संबंध

**यूरोपीय संघ के देशों के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है भारत।**

## तकनीक में मजबूत करेगा जर्मनी का साथ

शशांक



जर्मनी टेक्नोलॉजी समेत कई क्षेत्रों में एक मजबूत शक्ति और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ऐसे में, जर्मनी के साथ आपसी समझौते से तकनीक के क्षेत्र में सह-उत्पादन और सह-विकास को लेकर साझेदारी बढ़ सकती है। इसके अलावा कौशल विकास के क्षेत्र में भी आपसी सहयोग बढ़ सकता है। इसके तहत हमारे युवाओं को जर्मनी जाने के अच्छे मौके मिलेंगे। ऐसे ही, यदि रक्षा क्षेत्र में जर्मनी के साथ सह-उत्पादन और सह-विकास की बात बन जाती है, तो भारत के रक्षा क्षेत्र के लोकल टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन को काफी लाभ मिलेगा।

इस वर्ष भारत यूरोपीय संघ के देशों के साथ अपने संबंधों को अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज भारत यात्रा पर आये थे। इसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को भारत आना है। फिर पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क भारत यात्रा पर आयेंगे और उसके बाद यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ भारत की बैठक होने वाली है। विदित हो कि इस वर्ष 26 जनवरी के मुख्य अतिथि के तौर पर यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी भारत आने वाले हैं। ऐसे में मेरी समझ यही कहती है कि यह महीना यूरोप के साथ भारत के रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने और हमारी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दृष्टि से बहुत अच्छा और महत्वपूर्ण कदम है।

जर्मनी टेक्नोलॉजी समेत कई क्षेत्रों में एक मजबूत शक्ति और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत की हमेशा से ही कोशिश रही है कि जर्मनी के साथ उसके रिश्ते आगे बढ़ें। इस मामले में जर्मनी की तरफ से ही थोड़ी कमी रहती थी, क्योंकि उनके यहां कुछ ऐसे नियम-कानून हैं कि वे अपनी तकनीक दूसरे देशों को आसानी से देते नहीं हैं। जर्मनी अन्य देशों के साथ अपने रिश्ते प्रगाढ़ करने के लिए भी थोड़ा समय लेता है। एक बात यह भी है कि चूंकि भारत के लोगों के लिए अंग्रेजी में संचार करना सुविधाजनक होता है, इसलिए जर्मनी की बनिस्पत वे अमेरिका और ब्रिटेन अधिक जाना पसंद करते हैं। तथ्य यह है कि आज से 25 वर्ष पहले जर्मनी और भारत ने रणनीतिक साझेदारी बनायी थी। उसके बाद भारत ने यूरोपीय संघ के साथ भी अपने रिश्ते को रणनीतिक साझेदारी के तौर पर अपग्रेड किया, जिसमें जर्मनी के साथ हुई साझेदारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

मैं समझता हूं कि पिछले साल जर्मनी के संग रणनीतिक संबंध के 25 वर्ष पूरे होने के बाद अब एक ऐसा समय आया है, जब यूरोपीय देशों, विशेषकर जर्मनी के साथ कई क्षेत्रों में भारत की साझेदारी आगे बढ़ सकती है।

पहला यह कि तकनीक के क्षेत्र में सह-उत्पादन और सह-विकास (को-प्रोडक्शन और को-डेवेलपमेंट) को लेकर साझेदारी बढ़ सकती है। दूसरा, कौशल विकास का क्षेत्र है। इसमें भी भारत-जर्मनी के बीच आपसी सहयोग बढ़ सकता है। इसके तहत हमारे जो युवा हैं, उन्हें जर्मनी जाने के अच्छे मौके मिलेंगे, और जर्मनी यदि अपने विश्वविद्यालयों के कैंपस या उनकी शाखाएं भारत के साथ साझेदारी में यहां खोलता है, तो हमारे विद्यार्थियों को स्किल डेवेलपमेंट (कौशल विकास) का अच्छा अवसर मिलेगा।

इतना ही नहीं, नवाचार और आविष्कार (इनोवेशन और इन्वेंशन) को लेकर जो जर्मन तरीके हैं, उसे भी भारतीय छात्र सीखकर काफी अच्छा कर सकते हैं। जर्मनी के इन्क्यूबेशन सेंटर बहुत मजबूत होते हैं। ऐसे में, उनके विश्वविद्यालय के कैंपस/ शाखाएं यहां खुलने पर उनका लाभ भारतीय विद्यार्थियों को अवश्य मिलेगा। इसकी वजह यह है कि हमारे यहां पहले से ही कौशल विकास के क्षेत्र में तेज प्रगति हो रही है।

इसके अतिरिक्त, भारत और जर्मनी के बीच क्रिटिकल मिनरल्स व सेमीकंडक्टर को लेकर समझौता हुआ है। रक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणापत्र जारी किया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओर फ्रेडरिक मर्ज के बीच आतंकवाद से मिलकर लड़ने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार को लेकर भी चर्चा हुई है। इन सभी क्षेत्रों में भारत और जर्मनी के बीच सहयोग बहुत अच्छी तरह बढ़ सकता है। सुरक्षा परिषद में सुधार को लेकर दोनों देशों के बीच जो चर्चा हुई है, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि जी-4 समूह (जर्मनी, भारत, ब्राजील, जापान) में शामिल देश मिलकर यह कोशिश कर रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार हो और आजकल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो चुनौतियां दिखाई दे रही हैं, उसमें संयुक्त राष्ट्र अच्छी भूमिका निभा सके।

इसके अतिरिक्त, यदि रक्षा उद्योग, विशेषकर सबमरीन के क्षेत्र में जर्मनी के साथ सह-उत्पादन और सह-विकास (को-प्रोडक्शन और को-डेवेलपमेंट) की बात बन जाती है, तो भारत के रक्षा क्षेत्र के लोकल टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन को काफी लाभ मिलेगा, क्योंकि ऐसा सुनने में आया है कि भारत में रक्षा उद्योग में स्थानीय स्तर पर 60 प्रतिशत तक उत्पादन हो सकता है। ऐसे में रक्षा उत्पादन से संबंधित जो भी भारतीय संस्थाएं हैं, उनमें नवाचार और काम की क्षमता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी।

बीते वर्ष जर्मनी के साथ रणनीतिक संबंधों के 25 साल पूरे होने के बाद इस वर्ष हमारे राजनयिक संबंधों के भी 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जाहिर है कि इतने समय में हमारे संबंध परिपक्व हो चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस समय जिस तरह की द्वंद्व की स्थितियां निर्मित हो चुकी हैं, उसमें मालूम नहीं चल रहा है कि दुनिया किस ओर जा रही है, और दीर्घावधि में किस तरह की परिस्थितियों का निर्माण होगा।

खासकर इन दिनों ट्रंप प्रशासन का जिस तरीके का रवैया है और वह जिस तरह अमेरिकी हितों की रक्षा को प्राथमिकता दे रहा है, उसे देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुविधा की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में बहुत आवश्यक है कि यूरोप के देश और भारत मिलकर ऐसे कदम उठायें कि बेहतर क्षमताओं का निर्माण हो। उपरोक्त कारणों के आलोक में देखें, तो जर्मन चांसलर की भारत यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है। चुनौती भरे वैश्विक परिदृश्य में हमें अपने हितों की रक्षा करनी है और उस दिशा में कदम भी उठाये जा रहे हैं।

हम जो भी चीजें आयात करते हैं, उसमें जहां से हमें चीजों की निश्चित आपूर्ति मिल सकती है, अच्छे दामों पर मिल सकती है, हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जहां से तकनीक का हस्तांतरण हो सकता है, जहां से तकनीकों का अपग्रेडेशन हो सकता है, हम उन देशों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसके साथ ही हमारे पड़ोस में जो हमारे प्रतिद्वंद्वी हैं, उन्हें हम किस तरह संभाल कर रख सकते हैं, यह भी हमारी प्राथमिकता सूची का हिस्सा है।

ऐसे में हमारे हितों की रक्षा यदि जर्मनी के साथ संबंधों को बेहतर बनाकर की जा सकती है, या यूरोप के अन्य देशों के साथ जुड़कर की जा सकती है, तो हमें उन सभी के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही, हम ग्लोबल साउथ की जो बात करते रहे हैं, एशिया के देशों के साथ सभ्यतागत मूल्यों की जो बात करते रहे हैं, उन्हें आगे ले जाने का भी हमें ध्यान रखना होगा।

खुला मंच

## नेताओं के 'विकास' के लिए पिछड़ते शहर

आलोक पुराणिक

नेताओं का विकास ठीक-ठाक हो जाये, इसके लिए शहरों को पिछड़ना पड़ता है। अगर शहर का भी विकास हो जाये, तो नेता का विकास कैसे होगा। कुछ शहरों की सड़कें इतनी टूटी-फूटी होती हैं कि वह शहर बहुत पिछड़ा हुआ लगता है। पर पिछड़े शहरों के नेता बहुत विकसित हो जाते हैं, बड़े-बड़े फार्म हाऊस, बड़ी-बड़ी गाड़ियां, नेताओं का विकास हो जाता है, शहर पिछड़ जाता है।

मुंबई, मुंबई वालों के लिए ऐसी समस्या है, जिसे वे न छोड़ सकते, न उसमें खुश रह सकते। मुंबई के हालचाल देखकर मुंबई वाले रोते हैं, तो दूसरे छोटे शहर वाले अपने शहर के सड़कों के गड्ढों को देखकर यही संतोष कर लेते हैं कि जब मुंबई जैसे शहर में सुनवाई न हो रही है, तो हमारी क्या औकात है। पर मुंबई की चर्चा बहुत होती है। अभी मुंबई के नगर निगम के चुनाव के रिजल्ट ऐसे पेश किये गये, मानो केंद्रीय चुनाव के रिजल्ट हों। वजह यह बतायी गयी कि इस निगम के पास बहुत ही मोटा बजट है, जिसके पास मोटा बजट होता है उसकी चर्चा बहुत होती है।

एक कारोबारी थे मेरे शहर में, कविता का शौक लग गया उन्हें। वह तमाम कवियों को बुलाकर कविता सुनाते थे, खिलाते पिलाते थे। कई कवियों ने उन्हें महाकवि घोषित कर दिया। फिर वह कारोबारी कवि कुछ घोटालों में धरे गये, सब धंधा चौपट हो गया। गुण सारे धन में होते हैं, बाकी सब मोह माया है।

मुंबई शहर अमीर है, नेता अमीर हैं, सड़कें गरीब हैं। नेता कहते हैं कि 'इस बार हम मुंबई को शंघाई बना देंगे।' सड़कें गरीब की गरीब रहती हैं, नेता विकसित हो जाता है। यूं हर बजट में गरीबों का ख्याल रखा जाता है। मुंबई के नगर निगम के बजट की बहुत बहुत चर्चा होती है।

मुंबई नगर निगम का बजट ऐसा है जैसे एलियन या भूत, बताते सब हैं, दिखता किसी आम आदमी को नहीं। मुंबई की खस्ताहाल नालियां इस बजट की तलाश में न जाने कब से भटक रही हैं। खैर, बजट में हर साल 'स्मार्ट सिटी' का वादा आता है, लेकिन स्मार्ट सिर्फ नेता की स्पीच होती है। अस्पतालों में इलाज आसान होगा। पर पहले चुनाव आ जाते हैं। ट्रैफिक कम नहीं होता, बस नेता का भाषण लंबा हो जाता है।

हर साल वादे डूब जाते हैं, नेता उबर कर फिर आ जाते हैं, वादों के नये सैट लेकर। लोकतंत्र विकल्प यह देता है कि इसके वादे सुन लो या उसके वादे सुन लो। वादों से अगर बिजली बनाना संभव हो जाये, तो हर चुनाव के बाद कई भारतीय शहर बिजली का निर्यात करने में सक्षम हो जायेंगे।

प्रसंगवश

## सरकार के कार्यों के कारण 'महाजंगलराज' कहना गलत

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को बंगाल में चुनावी शंखनाद की शुरुआत की है और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को विदा करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी 15 साल पुरानी सत्ता पर ढेरों सवाल किए जा सकते हैं, लेकिन महज चुनावी राजनीति के मद्देनजर उस पर 'महाजंगलराज' चस्पा करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

बेशक करीब 6800 कंपनियों और लघु उद्योगों ने अपने दफ्तर, कारखाने, ढांचे आदि पश्चिम बंगाल से खत्म किए हैं और महाराष्ट्र, गुजरात में स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मौजूदा कार्यकाल में ही करीब 2300 कंपनियों ने बंगाल को छोड़ा है। यह औद्योगिक विकास की नकारात्मक स्थिति है, लेकिन इसके समानांतर का यथार्थ यह भी है कि आईटी, सॉफ्टवेयर क्षेत्र में इन्फोसिस सरीखी वैश्विक कंपनी कोलकाता में अपना औद्योगिक तंबू गाड़ रही है। रिलायंस ने बंगाल में निवेश की घोषणा की है। सीमेंट और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों की कंपनियां बंगाल में अपने ढांचे स्थापित कर रही हैं। ऐसे परिदृश्य में दुष्प्रचार किया जाता रहा है कि पश्चिम बंगाल 'उद्योगहीन' राज्य है।

यह तथ्यहीन प्रचार है, क्योंकि बंगाल देश की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसकी औसत विकास दर करीब 12 फीसदी है। बंगाल में खनिजों के प्रचुर भंडार हैं। चावल, चाय, कपड़ा, जूट, कोयला, लौह और आईटी उद्योगों पर आधारित अर्थव्यवस्था एक मिश्रित, सामाजिक बाजार की अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल पर 'महाजंगलराज' का गंभीर आरोप चस्पा किया है। यह भी जनता को बताया है कि 100 घरों में से औसतन 4 घरों में ही 'नल का जल' है, जबकि यह हकीकत नहीं है। प्रधानमंत्री की 'नल से जल' योजना की शोधपरक रपट सार्वजनिक की जाए, तो ढेरों छिद्र सामने आएंगे और योजना के भ्रष्ट आचरण की कलई खुलेगी। बहरहाल आज विषय यह नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी शंखनाद की शुरुआत की है और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को विदा करने का आह्वान किया है।

बंगाल में कानून व्यवस्था के निकम्मेपन, सांप्रदायिक तनाव और हिंसा, घुसपैठ, बांग्लादेशी, रोहिंग्या सरीखे अवैध प्रवासियों का संरक्षण तथा वोट बैंक, भ्रष्टाचार आदि के हालात समझ में आते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी 15 साल पुरानी सत्ता पर ढेरों सवाल किए जा सकते हैं, लेकिन महज चुनावी राजनीति के मद्देनजर उस पर 'महाजंगलराज' चस्पा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। बंगाल में राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर, 'वंदे मातरम' जैसे राष्ट्रीय गीत के रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस से लेकर कालजयी फिल्मकार सत्यजीत रे तक महान हस्तियों की एक लंबी सूची है, जिन्होंने बंगाल की भद्र और कलात्मक संस्कृति को सींचा। उसे महज एक सरकार के क्रियाकलापों के कारण 'महाजंगलराज' करार देकर आरोपित करना गलत है। बंगाल में एक लाख की आबादी पर संज्ञेय अपराध का औसत 83.9 है। बेशक वहां तेजाब के हमलों के अपराध देश में सर्वाधिक हैं। यह दर 27.5 फीसदी है, लेकिन अन्य अपराध उप्र या अन्य राज्यों की तुलना में कम हैं। एक लाख महिला आबादी पर अपराध की दर 71.3 है। यदि अपराध को भी मानदंड माना जाए, तो भी बंगाल को 'महाजंगलराज' करार देना अनुचित है। बंगाल में केंद्र सरकार की 'आयुष्मान' और अन्य योजनाओं को लागू नहीं किया जाता, तो यह राज्य का विशेषाधिकार है। इस पर राजनीति की जा सकती है, लेकिन यह 'महाजंगलराज' का कारक नहीं है। हम कमोबेश प्रधानमंत्री से अपेक्षा करेंगे कि वह इस मुहावरे को छोड़ कर तथ्यों के आधार पर सरकार को घेरें और अपने लिए जनादेश का अनुरोध करें।



ज्ञान परंपरा

**धरोहर ही नहीं, शिक्षा और नीति-निर्माण का अंग बने ज्ञान प्रणाली**

## वर्तमान में भी प्रासंगिक भारतीय ज्ञान प्रणाली

डॉ सुनील कुमार




भारत की आत्मा ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व की आशा है भारतीय ज्ञान प्रणाली । यह जीवन के हर पक्ष को समग्र दृष्टि से देखने का मार्ग प्रदान करती है। इसे केवल धरोहर न मानकर, शिक्षा, अनुसंधान और नीति-निर्माण का अंग बनाया जाना चाहिये। इससे न केवल देश आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि यह विश्व का भी संतुलित, मानवीय और सतत विकास के लिए मार्गदर्शन करेगी।

भारत केवल एक देश व एक राजनीतिक इकाई ही नहीं, बल्कि एक सभ्यता है, एक संस्कृति है, एक जीवन-दृष्टि है और इस जीवन-दृष्टि की आत्मा है—भारतीय ज्ञान प्रणाली। दरअसल, गोंडवाना भूभाग में से भारत केवल एक भौगोलिक इकाई बनकर नहीं, बल्कि एक जीवंत सभ्यता बनकर दुनिया के सामने आया है, जिसकी जड़ें हजारों वर्षों पुरानी भारतीय ज्ञान प्रणाली यानी इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) में समाहित हैं। यह ज्ञान प्रणाली जीवन के हर पक्ष—दर्शन, विज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा, कला, संस्कृति और नैतिक मूल्यों—को समग्र दृष्टि से देखने का मार्ग प्रदान करती है। भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल पुस्तकों में लिखा ज्ञान नहीं है। यह वह ज्ञान है, जो वेदों की ऋचाओं में गूंजता है, उपनिषदों के चिंतन में झलकता है, गीता के कर्मयोग में दिशा देता है और रामायण-महाभारत के चरित्रों में जीवन बनकर उतरता है। यह ज्ञान हमें बताता है कि मनुष्य कौन है, उसका उद्देश्य क्या है और उसका कर्तव्य क्या है?

**वेद, उपनिषद व पुराण हैं आधार**

भारतीय ज्ञान प्रणाली का आधार वेद, उपनिषद, ब्राह्मण, आरण्यक, स्मृतियां, पुराण और दर्शनशास्त्र हैं। ऋग्वेद से लेकर अथर्ववेद तक प्रकृति, मानव जीवन और ब्रह्मांड के बीच गहरे संबंध को समझने का प्रयास दिखाई देता है। उपनिषदों में आत्मा और परमात्मा की एकता का विचार आज भी मानवता को आत्मचिंतन की प्रेरणा देता है। आधुनिक युग में ज्ञान का अर्थ अक्सर केवल डिग्री, नौकरी या तकनीकी कौशल तक सीमित हो गया है, लेकिन भारतीय ज्ञान प्रणाली कहती है ज्ञान वह है, जो मनुष्य को अहंकार से विनम्रता, स्वार्थ से सेवा, और भोग से योग की ओर ले जाए। इसीलिए हमारे शास्त्र कहते हैं— 'सा विद्या या विमुक्तये'। अर्थात वही विद्या है, जो हमें बंधनों से मुक्त करे।

**वैश्विक स्वीकार और प्रासंगिकता**

विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भारत की प्राचीन उपलब्धियां विश्व को आश्चर्यचकित करती हैं। शून्य और दशमलव प्रणाली, आर्यभट्ट द्वारा पृथ्वी के घूर्णन का सिद्धांत, भास्कराचार्य की गणितीय खोजें, तथा सुश्रुत और चरक द्वारा विकसित आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति आज भी प्रासंगिक हैं। संयुक्त राष्ट्र में जब अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, तो यह केवल एक कार्यक्रम नहीं होता, यह भारत की ज्ञान-परंपरा का वैश्विक स्वीकार होता है। योग और ध्यान न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति के साधन के रूप में वैश्विक पहचान बना चुके हैं।

**गुरुकुल प्रणाली में चरित्र निर्माण अहम**

भारतीय शिक्षा प्रणाली में गुरुकुल परंपरा ज्ञान के साथ-साथ चरित्र निर्माण पर बल देती थी। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, नैतिक और संवेदनशील नागरिक का निर्माण था। यह दृष्टिकोण आज की प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा व्यवस्था के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। कला, साहित्य और संस्कृति में भारतीय ज्ञान प्रणाली की छाप स्पष्ट दिखाई देती है।

**'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश**

संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी भाषाओं में रचित ग्रंथों ने न केवल भारत, बल्कि एशिया के कई देशों की सभ्यताओं को प्रभावित किया। नाट्यशास्त्र, संगीत, चित्रकला और स्थापत्य कला में निहित सौंदर्यबोध आज भी हमारी सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाता है।

आज के वैश्विक संदर्भ में, जब दुनिया पर्यावरण संकट, मानसिक तनाव और नैतिक मूल्यों के क्षरण से जूझ रही है, भारतीय ज्ञान प्रणाली 'वसुधैव कुटुम्बकम' और सह-अस्तित्व का संदेश देकर समाधान प्रस्तुत करती है।

**शिक्षा की जड़ें सभ्यता में तलाशें**

मैकॉले की शिक्षा ने हमें केवल नौकरी के योग्य बनाया, लेकिन भारतीय ज्ञान प्रणाली हमें जीवन के योग्य बनाने वाली है। असल में, डिग्रीधारी लेकिन दिशाहीन युवा, अपनी संस्कृति से कटा हुआ समाज, रचनात्मकता की कमी, मानसिक तनाव और प्रतियोगिता का दबाव, आज हर परिवार में चिंता का विषय है और पारिवारिक ढांचा भी चुनौतियों से जूझ रहा है। यदि भारत को आत्मनिर्भर, संवेदनशील और विश्वगुरु बनना है, तो शिक्षा की जड़ें अपनी सभ्यता में ही तलाशनी होंगी।

### आया देखो नया वर्ष है

आया देखो नया वर्ष है
मन में सबके भरा जोश है
नई उमंगें नई आस से
देखो मन में भरा हर्ष है
आया देखो नया वर्ष है।

नये साल की संध्या का
जन जन करता इंतजार
जवाँ दिलों में बहती है
अपार खुशियों की बयार
सबमें दिखता बड़ा फर्क है
आया देखो नया वर्ष है।

संसार में छाया है
वर्चस्व का संघर्ष है
मनुज को डस रहा
शक्ति का सर्प है
मानवता की रक्षा ही
आज का विमर्श है
आया देखो नया वर्ष है
नया वर्ष है भरा जोश है

नई आशा से जगा विश्वास है
युद्ध सिखाता गर्व है
शान्ति ही प्रेम पर्व है
आया देखो नया वर्ष है
आओ हम सब गाएँ गीत
आपस में बन जाएँ मीत
नव वर्ष के नव प्रभात में
मिलजुल कर रहे सहर्ष
आया देखो नया वर्ष है

-जोशी

जीवन दर्शन

## उम्र जितनी भी हो, मन में खुलापन बनाए रखें



जिंदगी के कठिन पलों में मन सबसे पहले जिस चीज की तलाश करता है, वह है क्लोजर, यानी बुरे अनुभव का अंत, लेकिन जरूरी नहीं कि यह हमेशा फायदेमंद ही हो। जब जिंदगी कोई दर्दनाक या कठिन झटका देती है, तो हमारी पहली स्वाभाविक प्रतिक्रिया उसके कारणों का पता लगाने की होती है। ऐसे में, हम क्लोजर यानी उस बुरे अनुभव का अंत चाहते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह कई लोगों के लिए उपचार का अहम जरिया बन सकता है। मैरीलैंड यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान के प्रोफेसर एरी डब्ल्यू क्रुगलांस्की के शब्दों में, बुरे अनुभव का अंत निर्णय लेने और प्रतिबद्ध होने में तो मदद कर सकता है, लेकिन ऐसा न होने पर जीवन मुश्किल हो सकता है। दूसरी तरफ, कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें इस तरह के क्लोजर की जरूरत नहीं होती। ऐसे लोग निर्णय लेने में कुछ अधिक समय ले सकते हैं, पर ये अनिश्चितता को बेहतर ढंग से सहन करते हैं और अपेक्षाकृत अधिक खुले विचारों वाले होते हैं।

हालांकि, जब भविष्य को लेकर आत्मविश्वास डगमगाता है, समय का दबाव बढ़ता है या व्यक्ति मानसिक रूप से थका होता है, तब उसे बुरे अनुभव के अंत की तीव्र इच्छा होती है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान के प्रोफेसर डैन पी मैकएडम्स के अनुसार, जो लोग जीवन से संतुष्ट होते हैं, वे अपने अतीत की नकारात्मक घटनाओं को ऐसी कहानियों में ढाल लेते हैं, जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। वहीं, जो लोग लगातार संघर्ष कर रहे होते हैं, वे ऐसा कम कर पाते हैं। ड्रेक यूनिवर्सिटी की समाजशास्त्र की प्रोफेसर नैन्सी बर्न्स के अनुसार, क्लोजर (बुरे अनुभव का अंत) का विचार हमें इस वादे के साथ आकर्षित करता है कि हमारा दर्द खत्म हो जाएगा।

पर उनके मत में, जीवन में खुशी और शोक, दोनों के लिए जगह होनी चाहिए, क्योंकि कई बार वे एक-दूसरे से गहराई से जुड़े होते हैं। हालांकि, डॉ. क्रूगलांस्की के अनुसार, बुरे अनुभव के अंत का मतलब हमेशा अच्छा महसूस करना नहीं होता। मनोवैज्ञानिक डॉ. डैन मैकएडम्स के मुताबिक, बुरे अनुभव के अंत को अस्थायी समझौते की तरह देखना बेहतर है, क्योंकि कई बार हम उन्हीं मुद्दों पर दोबारा सोचते हैं, जिन्हें कभी सुलझा हुआ मान लिया था। इसलिए, उम्र चाहे जितनी भी हो, मन में थोड़ा-सा खुलापन बनाए रखना भी जरूरी है।

-क्रिस्टीना कैरन

### ॥गीता ज्ञान॥



**श्लोक**

**वीतरागभयक्रोधा मन्मया मामुपाश्रिताः।**
**बहवो ज्ञानतपसा पूता मद् भावमागताः॥**

**भावार्थ**

पहले भी जिनके राग, भय और क्रोध सर्वथा नष्ट हो गये थे और जो मुझमें अनन्य प्रेमपूर्वक स्थिर रहते थे, ऐसे मेरे आश्रित रहने वाले बहुत से भक्त उपर्युक्त ज्ञानरूप तप से पवित्र होकर मेरे स्वरूप को प्राप्त हो चुके हैं।

# वन मंडल डिंडोरी सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र शहपुरा में प्रथम अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण डिंडोरी।** वन मंडल डिंडोरी सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र शहपुरा में दिनांक 21.01.2026 को प्रथम अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन श्री प्रदीप वासुदेवा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक एसएफआरआई जबलपुर की उपस्थिति में एवं श्री अशोक कुमार सोलंकी वन मंडल अधिकारी डिंडोरी(सा.) के दिशा निर्देश एवं उपस्थिति में, श्री सुनील कुमार अशोक उप वनमंडल अधिकारी शहपुरा (सा.), के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में एवं जे पी वाष्पे वन परिक्षेत्र अधिकारी शहपुरा की उपस्थिति में प्रथम अनुभूति शिविर का आयोजन राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान घुघुवा मे किया गया।अनुभूति कार्यक्रम में सी एम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा से 130 छात्र-छात्राएं एवं 08 शिक्षकगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति वंदना, सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ इसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को अनुभूति किट प्रदाय किये जाने के पश्चात अनुभूति मास्टर ट्रेनर श्री शोभित राम बनवासी एवं श्री अमृत सिंह मसराम अनुभूति प्रेरक के द्वारा कैंप स्थल पर अनुभूति की संक्षिप्त ब्रीफिंग की जानकारी,अनुभूति की थीम मैं भी बाघ हम हैं बदलाव हम हैं धरती के दूत की जानकारी दिया गया । इसके बाद अनुभूति की आचार संहिता तथा दिनभर की शेड्यूल बताकर छात्र-छात्राओं को दो ग्रुपों में बांटकर प्रकृति पथ पर घास,सुखे पत्ते, वृक्षों, झाड़ी,औषधि पौधो की पहचान उनकी उपयोगिता, महत्व तथा उनका संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी दिया गया ,दीमक की बामी, मधुमक्खी के छत्ते,बया पक्षी का घोंसला, शाकाहारी, मांसाहारी वन्य जीव, सर्प,गिद्ध, पक्षी इत्यादि की जानकारी प्रकृति पथ पर दिया गया , वापस होकर अनुभूति लोगों पर सामूहिक फोटोग्राफी लिया गया दोपहर भोजन उपरांत साहसिक गतिविधियां, खाद्य-जाल, खाद्य- श्रृंखला, मैं हूं कौन खेल की रोचक जानकारियां, क्विज प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, अनशिले कपड़े से थैला निर्माण, मिशन लाइफ के सिद्धांतों से परिचित कराना,वन विभाग की संरचना, प्रमुख दायित्व एवं चुनौतियों से अवगत करना,फीडबैक फॉर्म भरवाने के तत्पश्चात पुरस्कार वितरण, शपथ ग्रहण,सामूहिक अनुभूति गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस कार्यक्रम में परिक्षेत्र के समस्त वन अमले एवं वन सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# एसपी के पास पहुंचा पत्नी और ससुराल पक्ष से परेशान पति

## मानसिक प्रताड़ना का आरोप, बच्चों के भविष्य को लेकर जताई चिंता

**छतरपुर।** शहर की विश्वनाथ कॉलोनी निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा दी जा रही निरंतर मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि पिछले नौ वर्षों से उसे घरेलू विवाद और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, जिससे न केवल उसका वैवाहिक जीवन प्रभावित हो रहा है बल्कि उसके मासूम बच्चों के भविष्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक



कार्यवाही की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय अंजुल कुमार सोनकिया ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि उसकी पत्नी रुचि सोनाकिया अपने मायके पक्ष के उकसावे में आकर आए दिन घर में विवाद करती है। पीड़ित के दो पुत्र हैं, लेकिन ससुराल पक्ष के हस्तक्षेप और भड़काऊ व्यवहार के कारण घर का वातावरण पूरी तरह खराब हो चुका है। युवक ने जानकारी दी कि वह पहले भी नौगांव थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज करा चुका है, जहाँ उसकी एनसीआर भी काटी गई थी, परंतु स्थिति में कोई सकारात्मक बदलाव नहीं आया। पीड़ित का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं, जिससे वह अत्यंत तनाव में है। युवक ने अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा व मानसिक शांति हेतु प्रशासन से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है ताकि भविष्य में किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

# पटवारी पर रिकॉर्ड सुधारने के बदले रिश्वत और पक्षपात के आरोप

**छतरपुर।** छतरपुर जिले की गौरिहार तहसील अंतर्गत ग्राम खेरा के एक पीड़ित परिवार ने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में जहाँ एक ओर हल्का पटवारी पर अपने ही गृह ग्राम में पदस्थ रहकर शासकीय अभिलेखों में हेराफेरी और भारी भ्रष्टाचार करने के आरोप लगे हैं, वहीं दूसरी ओर दबंगों द्वारा परिवार की महिला के साथ अभद्रता करने और राजीनामा न करने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देने का गंभीर मामला भी सामने आया है।

खेरा निवासी संतोष सिंह ने बताया कि पटवारी रामऔतार वर्मा, जो मूल रूप से इसी क्षेत्र का निवासी है, शासन के नियमों के विरुद्ध अपने निज निवास ग्राम में पदस्थ है। आरोप है कि पटवारी द्वारा नामांतरण, बंटवारा और रिकॉर्ड सुधार के बदले अवैध रूप से रुपयों की मांग की जा रही है। एक विशिष्ट मामले में बैंक में बंधक भूमि (खसरा नंबर 398/1) को आर्थिक लाभ लेकर गलत तरीके से क्रेता के पक्ष में नामांतरित करने का भी आरोप लगाया गया है। इसी विवाद के बीच परिवार की महिला के साथ दबंग युवक द्वारा छेड़खानी की गई, जिसकी शिकायत करने पर अब आरोपी पक्ष द्वारा राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने कलेक्टर से मांग की है कि पटवारी का स्थानांतरण अन्य तहसील में किया जाए और परिवार को सुरक्षा प्रदान करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

# रिश्तों का कत्ल ! बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाले पिता को उम्रकैद

**जागरण डिंडोरी।** डिंडौरी जिले के बजाग थाना क्षेत्र में एक जघन्य व सनसनीखेज हत्या मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। आरोपी पिता को अपनी ही मासूम बच्ची की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।मीडिया सेल प्रभारी अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि थाना बजाग के अप.क्र. 12/2025 एवं सत्र प्रकरण क्रमांक स्ज्ञ 30/2025 में आरोपी राजकुमार करकुटिया पिता केजूलाल (उम्र 34 वर्ष), निवासी ग्राम धुरकुटा जामुनटोला, थाना बजाग, जिला डिंडौरी के विरुद्ध धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता (ब्न्ह्स) 2023 के तहत अभियोग सिद्ध हुआ।

## क्या है पूरा मामला

दरअसल दिनांक 25 जनवरी 2025 को सुबह करीब 9 बजे आरोपी राजकुमार करकुटिया अपनी पत्नी और छोटी बच्ची के साथ घर में भोजन कर रहा था। भोजन के बाद पत्नी बर्तन धोने आंगन में चली गई, जबकि बच्ची कमरे में थी। इसी दौरान आरोपी ने पत्नी के चरित्र पर संदेह के चलते विवाद किया और गुस्से में घर में रखी कुल्हाड़ी से अपनी ही बच्ची के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से बच्ची खून से लथपथ हो गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पत्नी के चिल्लाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की रिपोर्ट पर थाना बजाग में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई और साक्ष्य संकलन के बाद चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## कोर्ट का सख्त रुख

मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश शशिकांता वैश्य ने आरोपी को धारा 103(1) ब्न्ह्स के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं ?20,000 के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को 2 वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने अपने फैसले में इसे अत्यंत जघन्य और अमानवीय अपराध बताते हुए समाज में कड़ा संदेश देने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह फैसला न केवल कानून की सख्ती को दर्शाता है, बल्कि मासूमों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर न्यायपालिका के कठोर रुख को भी स्पष्ट करता है।

# स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर स्वरोजगार के लिए मिली केन्टीन स्थापित करने की अनुमति

## जनसुनवाई में आए तीन आवेदकों के तत्काल निराकरण

**छतरपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की जिला पंचायत सीईओ श्री नमः शिवाय अरजरिया द्वारा सुनवाई की गई। साथ ही तीन अलग-अलग शिकायती आवेदकों का तत्काल निराकरण कराया गया। जिला पंचायत सीईओ ने शेष शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुए तत्काल निराकरण कर अवगत कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे।




जनसुनवाई में आए आवेदक दिव्य शक्ति दिव्यांग स्व सहायता समूह के दिव्यांग संतोष साहू एवं अन्य दिव्यांगसाथियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन में बताया गया कि स्वरोजगार के लिए घुवारा नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में केंटीन स्थापित करने की अनुमति दी जाए। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने समस्या का समाधान करते हुए एवं दिव्यांगजनों के स्वरोजगार एवं आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत घुवारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर के बाहर केंटीन स्थापित कराने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। सीएमएचओ ने बीएमओ को तत्काल निर्देशों के पालन करने के निर्देश दिए।

**आधार कार्ड में नाम गलत होने से आ रही थी परेशानी, समाधान होने पर जताई खुशी :** जनसुनवाई में पहुंची विद्या गुप्ता द्वारा बताया गया कि उनके आधार कार्ड में उनके नाम की कुछ मीनिंग गलत अंकित है। जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और वह परेशान है। आधार कार्ड को तीन बार अपडेट कराने के बाद भी रिजेक्ट होने की वजह से सुधार नही हो पा रहा है। जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर श्री राहुल तिवारी ई गवर्नेंस प्रबंधक द्वारा तत्काल आधार कार्ड में सही दस्तावेजों के आधार पर सुधार कराया गया। जिससे विद्या के आधार कार्ड में नाम सुधर गया। उन्होंने इस कार्य के लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया है। इसके अलावा ग्राम रजपुरवा तहसील चंदला की निवासी चन्द्रकुंवर राजपूत जनसुनवाई में पहुंची। जिनकी हाथों की उंगलियों में समस्या होने की वजह से आधार कार्ड नही बन पा रहा था। जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर महिला का तत्काल रूप से आधार पंजीयन कराया गया।

# नर्मदांचल गौ सेवा समिति ढोंढ़ा में शहपुरा कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया विजिट

## जैविक खेती के प्रायोगिक प्रशिक्षण व नवाचार के लिए जाने जाते है- बिहारी लाल साहू गौवंश आधारित प्राकृतिक/जैविक खेती पर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया



**जागरण डिण्डौरी।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा के विद्यार्थियों को प्राकृतिक/जैविक खेती पर दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण विद्यार्थियों को खेती से जोड़कर स्वरोजगार बनाने के आसान से गौवंश आधारित प्राकृतिक/जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया।

जैविक खेती देखने का मन करे तो चले जिला डिण्डोरी और मिले जिला डिण्डोरी के जाने-माने बहुचर्चित ऑर्गेनिक फार्मिंग एक्सपर्ट श्री बिहारी लाल साहू से जो कि विगत 10 वर्षो से जैविक खेती कर रहे है। साथ ही अभी तक 20 हजार से अधिक विद्यार्थी व 80 हजार से अधिक किसानों को प्राकृतिक/जैविक कृषि पर प्रशिक्षण दे चुके हैं।स्वंय जैविक खेती करने के साथ-साथ ग्रामीण किसान बंधुओ को जैविक खेती करने के लिए लगातार प्रशिक्षित कर रहे है बात यहीं नहीं रुकती किसान बंधुओ के साथ महाविद्यालय, विद्यालय, सरकारी संस्थान, एनजीओ ऐसे अनेको मंच के माध्यम से जिला डिण्डौरी सहित विभिन्न जिला में जैविक खेती का प्रशिक्षण निःशुल्क देने का अमूल्य कार्य कर रहे है। इसके साथ-साथ अपने फार्म हाउस में जैविक खेती का लाइव डेमो भी दिखाते है। बिहारी लाल जी जिला डिण्डोरी के लिए शान व गौरव है उनके इस पूनीत कार्य के कारण राज्य स्तरीय जैविक, राष्ट्रीय स्तर में जैविक खेती में पुरस्कार मिल चुका है यही नही जवाहर लाल कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर सहित अनेक संस्थानों ने बिहारी लाल जी को पुरस्कार दे चुकी है । हाल ही में जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल ने शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा के दर्जनों विद्यार्थियों ने नर्मदांचल गौ सेवा केन्द्र ढोंढ़ा में संचालित जैविक फार्म हाउस का विजिट किया और देखा केंचुआ खाद, जीवामृत, बीजोपचार, अग्नि अस्त्र, वर्मी वाश व केंचुआ के साथ-साथ फार्म हाउस पर लगे जैविक सब्जियों को भी दिखाया गया, और बताया कि हम इस प्रकार के सब्जी अपने घर के बाड़ी/खेत मे लगा सकते है,रासायन मुक्त सब्जी उगा सकते है। जो कि भूमि,स्वास्थ्य और पर्यावरण पर सुधार होगा। खेती में क्या अहम योगदान है,विस्तार से जानकारी लिया देखा और समझा। इस कार्यक्रम मे जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू, महाविद्यालय के विद्यार्थी सुजल शिवहरे, प्रिंस पाल,शुभम पाल,आर्या श्रीवास्तव, गौरी दुबे,नेहा पाल,रोशनी भवेदी,संध्या सैयाम, देववती मार्को,सुनीता परस्ते आदि उपस्थित रहे।

# मंडला गॉट टैलेंट सेमी फाइनल 22 जनवरी को

**जागरण मंडला।** जिले की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के प्रयासों से आयोजित मंडला गॉट टैलेंट प्रतियोगिता अब सेमी फाइनल चरण में प्रवेश कर चुकी है। प्रतियोगिता का सेमी फाइनल 22 जनवरी को झंकार भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिलेभर से युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कुल 109 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से सभी प्रतिभागियों ने ऑडिशन में भाग लिया। दो दिनों तक चले ऑडिशन के बाद चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसमें कुल 41 प्रतिभागियों का चयन सेमी फाइनल के लिए किया गया है।

चयनित प्रतिभागियों में 26 प्रतिभागी गायन विधा तथा 15 प्रतिभागी नृत्य विधा से हैं। सेमी फाइनल में सभी प्रतिभागी अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिससे दर्शकों को एक यादगार और रोमांचक आयोजन देखने को मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के उभरते कलाकारों को पहचान दिलाना, उन्हें प्रोत्साहित करना और उनके लिए आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है।

## सेमी फाइनल के लिए निर्धारित किए गए नियम

मण्डला गॉट टैलेंट प्रतियोगिता के सेमी फाइनल चरण को लेकर आयोजकों द्वारा प्रतिभागियों के लिए आवश्यक नियम एवं दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी नियमों के अनुसार प्रत्येक गायन एवं नृत्य प्रतिभागी को प्रस्तुति के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय दिया जाएगा। समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में प्रतिभागिता रद्द की जा सकती है। प्रतियोगिता में केवल ऑफलाइन, लाइव प्रदर्शन ही मान्य होगा, ऑनलाइन प्रस्तुति स्वीकार नहीं की जाएगी। जो प्रतिभागी कराओके, बैकग्राउंड ट्रैक का उपयोग करेंगे, उन्हें अपना ट्रैक पहले से अधिकृत व्हाट्सऐप ग्रुप में भेजना अनिवार्य होगा। ट्रैक के साथ प्रतिभागी को अपना नाम, प्रतियोगी कोड तथा गीत का पूरा विवरण देना होगा। केवल डाउनलोड किया हुआ ऑडियो ट्रैक ही मान्य होगा। साथ ही यूट्यूब, गूगल ड्राईव या किसी भी प्रकार के लिंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि गीत के बोल किसी भी रूप में उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपने साथ संगीत वाद्ययंत्र लाने की अनुमति होगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या, ट्रैक रुकने या व्यवस्था संबंधी बाधा की स्थिति में दूसरा अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में प्रतिभागी को तत्काल अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

# जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में अवैध गतिविधियों का आरोप

**छतरपुर ।** जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में कार्यरत एक वाहन चालक ने कर्मचारियों और प्रभारी डॉक्टर पर मिलीभगत कर रक्त की अवैध बिक्री करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायती आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। चालक का आरोप है कि उसने जब इन गलत कार्यों का विरोध किया और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी, तो उसे साजिश के तहत फंसाकर नौकरी से निकाल दिया गया। विस्तृत मामले के अनुसार, पीड़ित सूर्या चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से 10 जुलाई 2023 से जिला अस्पताल के ब्लड डोनेशन वाहन पर चालक के रूप में तैनात था। पीड़ित ने कलेक्टर को बताया कि वाहन की चाबी प्रतिदिन शाम को ब्लड बैंक में जमा होती थी और वाहन कर्मचारियों के नियंत्रण में रहता था। आरोप है कि ब्लड बैंक के कुछ कर्मचारी प्रभारी डॉक्टर की शह पर चोरी-छिपे ब्लड बेच रहे थे, जिसकी मौखिक शिकायत उसने सिविल सर्जन से की थी। इस शिकायत के बाद कर्मचारियों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और 28 जुलाई 2025 को वाहन में खाली बोतलें व आपत्तिजनक सामग्री रखकर उसे झूठे मामले में फंसा दिया। पीड़ित का कहना है कि बिना किसी निष्पक्ष जांच के उसी दिन उसे पद से हटा दिया गया। अब पीड़ित ने किसी वरिष्ठ अधिकारी से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों पर कार्यवाही करने और उसे पुनः चालक पद पर बहाल करने की मांग की है।

# हाईवे निर्माण में लापरवाही अनियंत्रित जेसीबी शिव मंदिर प्रांगण में घुसी, ग्रामीणों में आक्रोश

**जागरण डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के गाड़ासराई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरगहना में जबलपुरङ्कअमरकंटक हाईवे किनारे स्थित शिव मंदिर प्रांगण में एक अनियंत्रित जेसीबी मशीन जा घुसी, जिससे मंदिर को क्षति पहुँची है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष देखा गया।मिली जानकारी के अनुसार, जबलपुरङ्कअमरकंटक हाईवे निर्माण कार्य में लगी एक कंपनी की जेसीबी मशीन कार्य के दौरान नियंत्रण खो बैठी और सीधे मंदिर परिसर में प्रवेश कर गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जेसीबी ऑपरेटर की लापरवाही के कारण मंदिर परिसर को नुकसान पहुँचा, जिससे ग्रामीणों की धार्मिक आस्था को ठेस लगी है।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और कड़ी नाराज़गी जताई। ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई, मंदिर की तत्काल मरम्मत तथा क्षति की भरपाई की मांग की है। फिलहाल मामले की जानकारी संबंधित प्रशासन और गाड़ासराई थाना को दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता के लिए टीमें रवाना



**जागरण डिण्डौरी।** जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन दिनांक 19 जनवरी 2026 को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, डिण्डौरी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों की टीमों को संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता हेतु दिनांक 21 जनवरी 2026 (बुधवार) को प्रातः 08:00 बजे रवाना किया गया।जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री मोहम्मद अहमद खान ने बाताया की चयनित खिलाड़ियों की टीमों को शहडोल एवं जबलपुर संभाग के लिए रवाना किया गया।शहडोल संभाग हेतु 100 खिलाड़ियों का दल कु. आरती सोंधिया (जिला खेल प्रशिक्षक), श्रीमती सुनीता धुर्वे (युवा समन्वयक समनापुर), नारायण सिंह मरावी (युवा समन्वयक अमरपुर), सुखना सिंह पन्द्राम (युवा समन्वयक बजाग), धर्मेन्द्र कुमार मार्को (खेल शिक्षक) एवं सूरज सिंह पट्टा (अतिथि खेल शिक्षक) के साथ पं. शम्भूनाथ विश्वविद्यालय एवं महात्मा गांधी स्टेडियम, शहडोल के लिए रवाना किया गया।इसी प्रकार, जबलपुर संभाग हेतु 46 खिलाड़ियों का दल श्रीमती उषा मानिकपुरी (युवा समन्वयक मेंहदवानी), कैलाश रजक (युवा समन्वयक शहपुरा), श्रीमती लक्ष्मी बनावल (युवा समन्वयक करंजिया) एवं लक्ष्मण भवेदी (खेल शिक्षक) के साथ रानीताल खेल परिसर, जबलपुर के लिए प्रस्थान किया।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8057766078
ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **13/02/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
| --- | --- | --- | --- |
| ऋणी- **मेसर्स आन्या एक्वा एसोसिएट्स** प्रोपराइटर- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह निवासी : एलन टाउन स्कूल के सामने, जेपी टर्न के पास, पडारा, रीवा म.प्र.-486001 श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह | मशीनरी स्थित ओपन एलन टाउन स्कूल, जे.पी टर्न के पास, मौजा- पादरा 333, पटवारी हल्का धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी- रीवा तहसील हुजूर, जिला रीवा म.प्र.- 486001 BAANKNET PROPERTY ID: CNRBAANYA COORDINATES: 24.546324, 81.268863 सांकेतिक कब्जा | 04-05-2021 / 20-10-2021 / दि. 21/01/2026 को ₹ 75,59,297.56/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 4,75,000/- / ₹ 47,500/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 12/02/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 13/02/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 21-01-2026, स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा ने मनाया जश्न

**जागरण,कटनी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कटनी में भाजपा संगठन पर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्वाचित होने पर भव्य उत्सव मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं और आतिशबाजी कर हर्ष व्यक्त किया। कार्यालय परिसर में पूरे समय भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों की गूंज सुनाई देती रही। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टण्डन सोनी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास जताया कि पार्टी आगामी समय में और अधिक मजबूती के साथ जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आज खुद को कार्यकर्ता बताया है भाजपा में सब कार्यकर्ता भाव के साथ कार्य करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायक संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमति प्रीति सूरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीतांबर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, सुरेश सोनी, महामंत्री सुखदेव चौधरी, सुनील उपाध्याय, रवि खरे, सीमा जैन सोगानी, अंकिता तिवारी, रामू साहू, आशीष गुप्ता बाबा, वागीश आंनद, मनीष दुबे, संदीप दुबे, अम्बरीष वर्मा, चेतन हिंदुजा, आशुतोष शुक्ला, सचिन तिवारी, यज्ञदत्त मिश्रा, रजत जैन, कौशलेश मिश्रा, श्रीराम पटेल, सौरभ अग्रवाल, संजू गर्ग, मृदुल मिश्रा, दीपक तिवारी, पार्षद राजू मखीजा, डब्बू रजक, रमेश सोनी, उमेंद्र अहिरवार, शिब्बू साहू, गोविंद चावला, बल्ली सोनी, सुमित्रा रावत, बीना बैनर्जी, ऋचा गेलानी, प्रभा गुप्ता, शकुंतला सोनी, सरला मिश्रा, स्वप्निल पुरवार, मनीष त्रिसोलिया, कौशल दुबे, मनोज तिवारी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

No. 387 .../ Vety./ Rewa/ 2026 Date: 20/01/2026

**COLLEGE OF VETERINARY SCIENCE & ANIMAL HUSBANDRY, REWA**

**WALK IN INTERVIEW**

Applications are invited for the one post of 'Research Assistant' purely on contractual basis in the externally funded Project. The details can be downloaded from the university website http://www.ndvsu.org. Interested candidates may attend interview with biodata, original documents along with two sets of photocopies and two attested passport size photographs on 31.01.2026 at 10:30 AM in the Department of Animal Genetics and Breeding, College of Veterinary Science and A.H., Rewa of undersigned. No TA/DA will be paid for attending the interview.

DEAN

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्या :** 02/2026/आर.एस./जे.एच.एस. **दिनांक :** 17.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन ( ई - टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी1-2025-26-आर.टी.3 | **निविदा मूल्यः** ₹37878000.00

**बयाना राशि :** ₹339400.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः** 16.02.2026

**कार्य का विवरणः** हिटैची ट्रैक्सन मोटर HS-15250 का इलेक्ट्रिकल रिपेयर करना।

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 24 माह

निविदाकार निविदा दिनांक 16.02.2026 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in. पर देखें। 139/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
मोबाइल नं. : 9425601511, 9340714903

**प्रेस विज्ञप्ति**

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला शहडोल, रीवा, छतरपुर एवं निवाड़ी में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 24/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2026_MPPHC_477178, 477179, 477180 & 477182_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 09.02.2026 समय 17:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal: http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124084/2026 परियोजना यंत्री

## नाम सुधार सूचना

मैं आर्मी नं. 7244206H, रैंक L / DFR, नाम प्रिनोव सिंह पुत्र श्री कौशल किशोर सिंह, नि. ग्राम-कोल्हूडीह, पोस्ट-कोल्हूडीह, तहसील चुरहट, थाना कमर्जी। मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम अनामिका सिंह है जबकि उनका सही और पूरा नाम अनामिका सिंह तोमर है जो सभी दस्तावेजों में दर्ज है।

सूचनादाता- प्रिनोव सिंह

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री(भवन),लोक निर्माण विभाग, रीवा (म.प्र.)

कला रोड, स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)
E-mail – dpepiurewa@gmail.com Phone- 07672-406740

### घोष विक्रय विज्ञप्ति (प्रथम आमंत्रण)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग रीवा के अंतर्गत जीर्ण-शीर्ण पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण एवं अपलेखन हेतु घोष विक्रय विज्ञप्ति भेजी जा रही है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | विवरण | सरकारी बोली (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | निर्माणाधीन सी.एम. राईज स्कूल भवन ढेरा, जिला- मऊगंज की ध्वस्तीकरण कार्य एवं ध्वस्तीकरण कार्य से प्राप्त सामग्री की नीलामी। | 741313.00 | 7413.00 |
| 2 | निर्माणाधीन सी.एम. राईज स्कूल भवन रायपुर कर्चुलियान, जिला-रीवा की ध्वस्तीकरण कार्य एवं ध्वस्तीकरण कार्य से प्राप्त सामग्री की नीलामी। | 1204324.00 | 120432.00 |
| 3 | निर्माणाधीन सी.एम. राईज स्कूल भवन त्योंथर की ध्वस्तीकरण कार्य एवं ध्वस्तीकरण कार्य से प्राप्त सामग्री की नीलामी | 589555.00 | 58956.00 |

1. बोली की राशि लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक से दिनांक 27.01.2026 को सायं 05.30 बजे तक कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग रीवा में पहुँचना अनिवार्य है। जिसके अंदर 2 लिफाफे होंगे। पहला लिफाफा में धरोहर राशि तथा दूसरे लिफाफा में बोली की राशि शब्दों एवं अंकों में उल्लेखित करना होगा। हर कार्य के लिए अलग-अलग लिफाफा स्वीकार्य होंगे।
2. धरोहर राशि जिसका ड्राफ्ट कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग रीवा के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बोलीकर्ता को जमा करना होगा। ड्राफ्ट निर्धारित राशि का होने पर ही प्राप्त बोली का लिफाफा दिनांक 28.01.2026 को सायं 4 बजे खोला जावेगा।
3. उच्चतम बोली की राशि कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग रीवा के नाम से निविदा खुलने के 5 दिवस के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बोली उसी दिनांक को निरस्त मानी जावेगी और धरोहर राशि राजसात की जावेगी।
4. चयनित संविदाकार को कार्यादेश के पश्चात् 15 दिवस के अन्दर स्वीकृत भवनों का ध्वस्तीकरण करना एवं ध्वस्तीकरण से प्राप्त सामग्री को निर्माण स्थल परिसर की सीमा से बाहर किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उच्चतम बोलीकर्ता से 10 प्रतिशत उच्चतम बोली का प्रत्येक दिन के हिसाब से राशि वसूल की जावेगी।
5. सरकारी बोली में भवनों के ध्वस्तीकरण करने एवं ध्वस्तीकरण से प्राप्त सामग्री को स्थल से परिवहन किये जाने की राशि शामिल है, अन्य कोई भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जायेगा।

G- 24722/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग रीवा (म.प्र.)

**रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 28 को : कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु एक ही छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विकासखण्ड बहोरीबंद स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, बहोरीबंद में बुधवार 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले युवा संगम का आयोजन किया गया है।

## न्यायालय - नायब तहसीलदार वृत्त नौवस्ता तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 23 / रीडर /वृत नौव./2026
रीवा, दिनांक–20/01/2026
राजस्व प्रकरण 0007/अ–74/2023–24
पेशी दिनांक : 05.02.2026

1. रामावतार साकेत उम्र 48 वर्ष, व अन्य 2. शम्भू साकेत उम्र 42 वर्ष, 3. मंगलदीन साकेत उम्र 38 वर्ष, 4. बाबू लाल साकेत उम्र – 40 वर्ष, 5. रामखेलावन साकेत उम्र 46 वर्ष, सभी के पिता रामकुमार, 6. बालकृष्ण पिता रामावतार साकेत उम्र 21 सभी निवासी ग्राम ओढ़की खुर्द तहसील हुजूर, सर्किल गोविन्दगढ़, जिला– रीवा (म.प.)

........अपीलांट/आवेदकगण

बनाम

1. जनरल मैनेजर, पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर मध्य प्रदेश (भारत सरकार) व अन्य 2. शालिनी पाण्डेय पिता सुरेश पाण्डेय 3. वीरेन्द्र शुक्ला पिता एम.पी.शुक्ला 4. सतोष कुमार तिवारी पिता मनमोहन प्रसाद तिवारी 5. सविता शर्मा पति प्रशांतमणि शर्मा 6. रजनी शर्मा पति कान्तमणि शर्मा 7. रीते शर्मा पति शशांकमणि शर्मा 8. बालेन्द्र कुमार तिवारी पिता संतोष कुमार तिवारी 9. गौरव शुक्ला पिता वीरेन्द्र शुक्ला 10. शुभम कुमार तिवारी पिता बृजेन्द्र कुमार तिवारी 11. प्रमोद द्विवेदी पिता संतोष द्विवेदी 12. सरोज तिवारी पति बृजेन्द्र तिवारी 13. राजेन्द्र प्रसाद तिवारी पिता जी.पी. तिवारी 14. अभिषेक त्रिपाठी पिता धनेश त्रिपाठी 15. देवकी त्रिपाठी पति अनुराग त्रिपाठी 16. राजू पटेल पिता जगदीश प्रसाद पटेल कमलाकांन्त साकेत, पिता रामशरण साकेत। 18. प्रदीप कुमार शर्मा पिता राधेश्याम शर्मा 19. नरेन्द्र राय पिता लखमीचन्द्र राय 20. मसुदुन खान पिता मोहम्म्द हनैन खान 21. सचिन साकेत पिता सुखपत प्रसाद साकेत 22. नत्थू लाल चर्मकार पिता कन्हैया लाल साकेत 23. मुकेश तिवारी पिता रावमभजन तिवारी 24. दुर्गा पटेल पति रामसलोने पटेल 25. अन्जू पटेल पत्नी सौखी लाल पटेल 26. सुमित्रा तिवारी पत्नी संजय तिवारी 27. नितिल कुमार शर्मा पिता रामगोपाल शर्मा 28. विवेक कुमार शर्मा पिता तेजलाल शर्मा 29. अवध किशोर मिश्रा पिता दयाशंकर मिश्रा 30. रामकृष्ण तिवारी पिता सुरेश प्रसाद तिवारी 31. शिवार्चन शुक्ला पिता जगजाहिर शुक्ला 32. गोपालराय पिता लखमीचंद राय 33. बबलू कुमार वर्मा पिता नत्थू लाली वर्मा 34. विनय कुमार तिवारी पिता अनिरूद्ध तिवारी 35. सचिन कुमार तिवारी पिता अनिरू) तिवारी 36. शिवम तिवारी पिता रामनिहोर तिवारी सभी निवासी ग्राम ओढ़की खुर्द तहसील हुजूर, सर्किल गोविन्दगढ़, जिला रीवा (म.प्र. )37. मध्य प्रदेश शासन।

विषयांतर्गत के लेख है कि न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील हुजूर वृत नौवस्ता जिला रीवा (म.प्र.) के राजस्व प्रकरण 0007/अ–74/2023–24 का आवेदकगण रामावतार साकेत वगै. द्वारा अनावेदकगण जनरल मैनेजर पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर (म.प्र.) वगै. की तलबी पेशी दिनांक 05/02/2026 को न्यायालय में उपस्थित होवे। अन्यथा अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाई की जावेगी।

नायब तहसीलदार
वृत्त नौवस्ता
तहसील हुजूर
जिला रीवा (म.प्र.)

RN-83154

## बच्चों को प्रकृति से जोड़ना अनुभूति का लक्ष्य : अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक

**ब्यौहारी।** उप वन मंडल ब्यौहारी के अंतर्गत ग्राम हथवार में पूर्वी रेंज का अनुभूति कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें नवोदय विद्यालय के 80 छात्र छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया विद्यार्थियों को सबसे पहले बनास नदी की प्राकृतिक छटा एवं जंगल की सैर कराई गई नाश्ता एवं भोजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक मध्य प्रदेश मोहनलाल मीणा रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएफ महेंद्र प्रताप सिंह शहडोल एवं विशिष्ट दीजिए रूप में नवोदय विद्यालय की प्राचार्य उमा राउत रहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक मीणा ने कहा कि अनुभूति कार्यक्रम मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिलों में होता है बच्चों को पेड़ पौधों के बारे में बताना जीव जंतुओं के बारे में बताना उनको प्रकृति से जोड़ना यही हमारा लक्ष्य है आज जो मानव और जीव जंतुओं के बीच में द्वंद हो रहा है यदि हमें जानकारी होगी तो कम होगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीएफ महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम सबको पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.–1, नर्मदापुरम (म.प्र.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निविदा सूचना क्र0 02/2026/e-Tender/N.Puram दि0.12/01/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :–

| स0 क्र0 | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_475073 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | आई0 ए0 से एस. एच. 22 पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 416.19 | 416190/- |
| 2 | 2026_PWDRB_475074 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | विकासखण्ड माखननगर में मानागॉव से सन्नाटोला मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 252.84 | 252840/- |
| 3 | 2026_PWDRB_475075 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | चौराहेट से हथनाबड़ मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 239.25 | 239250/- |
| 4 | 2026_PWDRB_475076 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | खटामा से अमाड़ा मार्ग लं0 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 184.88 | 184880/- |
| 5 | 2026_PWDRB_475077 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | गुरमखेड़ी पामली से रिटालखापा मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 73.19 | 73190/- |
| | | | | कुल योग (रू. लाख में) | | 1166.35 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 28/01/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन0 आई0 टी0 एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ0 डी0 आर0 एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे।

G- 24743/25

कार्यपालन यंत्री,
लो0नि0वि0 संभाग नर्मदापुरम

## कार्यालय कलेक्टर जिला रीवा एवं पदेन अपरसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: घोषणा;-

पत्र क्र. 1053 / भू-अर्जन / 2026 रीवा दिनांक 15/01/2026

ग्राम कोटा तहसील सेमरिया जिला रीवा में सिगमा टोला हटा (हटहा) सिगमा सेमरिया मार्ग में कुरवाई नदी पर जलमग्नीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य निजी भूमि रकवा 0.680हे. का भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 का प्रकाशन पूर्व में म.प्र. राजपत्र में दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को प्रकाशन किया गया था।

भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -19 की उपधारा (7) के परन्तुक के प्रावधानों के तहत समुचित सरकार (कलेक्टर) द्वारा 12 मास की अवधि विस्तारित करते हुए किये जाने के अधिकार प्राप्त हैं, अतः धारा 19 (7) के तहत 12 मास की अवधि विस्तारित करते हुए ग्राम कोटा तहसील सेमरिया की निजी भूमि का धारा-19 के प्रकाशन हेतु निम्नानुसार अनुसूची संलग्न है।

चूकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (2) में उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भू-अर्जन अधिनियम 2013, संशोधन (क्र.-एक, सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जांता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है-

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन:- (म.प्र. शासन/निजी खाता)
(क) जिला- रीवा
(ख) तहसील- सेमरिया
(ग) नगर/ग्राम- कोटा
(घ) क्षेत्रफल- 0.680हे.

| क्र. | भू-स्वामी का नाम / पिता का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकवा (हे. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बाबूलाल सिंह पिता अनुसुइया सिंह | 19/3 | 0.028 |
| 2 | बेवा राजकली पति दयानंद, नागेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह पिता दयानंद | 19/4 | 0.028 |
| 3 | राजेन्द्र प्रसाद पिता लालमन प्रसाद | 18/1 | 0.032 |
| 4 | शिवसम्पत कुमार पिता रामसजीवन | 18/2 | 0.016 |
| 5 | नंदकिशोर पिता रामसजीवन | 18/3 | 0.016 |
| 6 | राजमन प्रसाद पिता भैयालाल | 18/4 | 0.028 |
| 7 | मु. लीलावती बेवा रामबहोर, विनोद कुमार, रघुवरण शरण पिता रामबहोर | 18/5 | 0.032 |
| 8 | वीरभान सिंह पिता इन्द्रपाल सिंह | 51/2 | 0.012 |
| 9 | बेवा बुद्धी पत्नी लोकनाथ सिंह, उदयभान, सुरेन्द्र, रामबहोर सिंह पिता लोकनाथ सिंह | 51/3 | 0.012 |
| 10 | विक्रम सिंह पिता केलाश सिंह | 53/1/1 | 0.052 |
| 11 | गीता सिंह बेवा मिथलेश सिंह, राघवेन्द्र सिंह पिता रामखेलावन सिंह, प्रशांत सिंह पिता मिथलेश सिंह | 58/3 | 0.004 |
| 12 | बाबूलाल पिता अनुसुइया सिंह | 58/5 | 0.032 |
| 13 | रामभान सिंह, नरेन्द्र सिंह पिता शम्भू सिंह | 58/7 | 0.004 |
| 14 | प्रदुमन प्रसाद पिता राजमन प्रसाद | 54/2 | 0.004 |
| 15 | बृजेन्द्र प्रसाद पिता राजमन प्रसाद | 54/3 | 0.004 |
| 16 | ददुमन प्रसाद पिता राजमन प्रसाद | 54/4 | 0.004 |
| 17 | रघुवरशरण पिता रामबहोर | 66/7 | 0.013 |
| 18 | विनोद कुमार पिता रामबहोर | 66/8 | 0.013 |
| 19 | बाबूलाल पिता अनुसइया सिंह | 93/6 | 0.044 |
| 20 | रामावतार पिता बैजनाथ सिंह | 93/5 | 0.044 |
| 21 | अमर सिंह पिता लक्ष्मी सिंह | 93/1/1/4 | 0.044 |
| 22 | रावेन्द्र सिंह पिता लक्ष्मी सिंह | 93/1/2 | 0.044 |
| 23 | उदयभान, सुरेन्द्र, रामबहोर सिंह पिता लोकनाथ सिंह, बेवा बुद्धी पत्नी लोकनाथ सिंह, | 93/3 | 0.027 |
| 24 | तेजभान सिंह पिता इन्द्रपाल सिंह | 93/2/1 | 0.027 |
| 25 | रावेन्द्र सिंह पिता लक्ष्मी सिंह, गीता सिंह पति अमर सिंह | 93/7 | 0.027 |
| 26 | रमेश कुमार पिता गोविन्द प्रसाद गुप्ता, आशीष कुमार पिता जगन्नाथ , प्रमोद कुमार पिता रामदास गुप्ता | 93/1/1/1 | 0.024 |
| 27 | रमेश कुमार पिता गोविन्द प्रसाद गुप्ता, आशीष कुमार.पिता जगन्नाथ गुप्ता, प्रमोद कुमार पिता रामदास गुप्ता | 93/1/1/2 | 0.024 |
| 28 | रमेश कुमार पिता गोविन्द प्रसाद गुप्ता , आशीष कुमार पिता जगन्नाथ गुप्ता , प्रमोद कुमार पिता रामदास गुप्ता | 94/1/1/1 | 0.028 |
| 29 | रमेश कुमार पिता गोविन्द प्रसाद गुप्ता , आशीष कुमार पिता जगन्नाथ गुप्ता , प्रमोद कुमार पिता रामदास गुप्ता | 94/1/2/1 | 0.013 |
| | कुल योग 29 किता (हे.में) | | 0.680 |

1- सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता हे- रीवा जिले के सिगमा टोला हटा (हटहा) सिगमा सेमरिया मार्ग में कुरवई नदी पर जलमग्नीय पुल एवं पहुंचमार्ग निर्माण कार्य हेतु।
2- भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) रीवा एवं कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग रीवा के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

G-24750/25

(प्रतिभा पाल)
कलेक्टर
जिला रीवा एवं पदेन अपर सचिव
राजस्व विभाग

## सार्वजनिक सूचना / Public Notice

सर्वसाधारण एवं ज्योति सिंह पति स्व0 स्वर्ण सिंह को सूचित किया जाता है कि ग्राम नेबुहा, तहसील सिरमौर, जिला रीवा, मध्य प्रदेश स्थित भूमि, जिसका आराजी / खसरा नंबर 59, 60, 70,71,77 उपरोक्त सभी खसरा नम्बरो के पूरे पूरे रकवे के सम्बन्ध में दिनांक 13/05/2024 को श्री राजनारायण मिश्रा क्रेता/अनुगन्धग्रहीता एवं श्रीमती ज्योति सिंह विक्रेता/ अनुबन्धकर्ता के मध्य एक नोटरीकृत विक्रय अनुबंध (Agreement to Sell) विधिवत निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय अनुबंध के निष्पादन के समय क्रेता / अनुबन्धग्रहीता श्री राजनारायण मिश्रा द्वारा विक्रेता / अनुबन्धकर्ता श्रीमती ज्योति सिंह पति स्व0 स्वर्ण सिंह को 5,00,000/- (रुपये पाँच लाख मात्र) की अग्रिम राशि विधिवत अदा की गई थी, जिसे विक्रेता/अनुबन्धकर्ता /ज्योति सिंह द्वारा प्राप्त कर स्वीकार किया गया।

विक्रय अनुबंध की स्पष्ट, वैधानिक एवं बाध्यकारी शर्तों के अनुसार विक्रेता/अनुबन्धकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य निर्धारित 10 माह की समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाना अनिवार्य था:- 1. भूमि का विधिवत शासकीय सीमांकन कराना, 2. वास्तविक एवं निर्विवाद कब्जा बताना/सुपुर्द करना, 3. भूमि पर विद्यमान के.सी.सी. (KCC Loan) ऋण की संपूर्ण राशि संबंधित बैंक में जमा कर NOC प्राप्त करना 4. उपरोक्त समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण कर विधिवत विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादित करना।

किन्तु विक्रेता श्रीमती ज्योति सिंह द्वारा बार-बार मौखिक, लिखित एवं अधिवक्ता के माध्यम से विधिक नोटिस दिए जाने के बावजूद आज दिनांक तक अनुबंध की किसी भी शर्त का पालन नहीं किया गया है, जो कि भारतीय अनुबंध अधिनियम के अंतर्गत जानबूझकर किया गया अनुबंध उल्लंघन (Willful Breach of Contract) माना जायेगा यह आंशका है कि विक्रेता द्वारा उक्त भूमि को अधिक मूल्य प्राप्त करने के उद्देश्य से किसी तृतीय व्यक्ति को विक्रय अथवा हस्तांतरित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि पूर्णतः अवैधानिक, अनुबंध-विरुद्ध एवं न्यायालयीन विवाद को आमंत्रित करने वाला कृत्य होगा।

**विक्रेता / अनुबन्धकर्ता हेतु अंतिम वैधानिक चेतावनी-** इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से विक्रेता श्रीमती ज्योति सिंह को अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है कि वह अविलंब विक्रय अनुबंध की समस्त शर्तों का पालन करे, अन्यथा उसके विरुद्ध सक्षम न्यायालय में विशिष्ट वाद (Specific Performance) स्थगन आदेश (Temporary/Permanent Injunction), दीवानी कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विक्रेता की स्वयं की होगी।

**सर्वसाधारण / संभावित क्रेताओं हेतु चेतावनी-** सभी संभावित खरीदारों एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि पूर्व से अनुबंधाधीन एवं विवादग्रस्त है। यदि कोई भी व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि को क्रय करता है अथवा किसी भी प्रकार का लेन-देन करता है, तो वह अपने जोखिम पर करेगा तथा भविष्य में उत्पन्न होने वाली समस्त कानूनी जटिलताओं एवं आर्थिक क्षति के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।

यह सार्वजनिक सूचना जनहित एवं वैधानिक अधिकारों की सुरक्षा के उद्देश्य से प्रकाशित कराई जा रही है।

दिनांक 20/01/2026
स्थान / रीवा (मध्य प्रदेश)

भवदीय
**राजनारायण मिश्रा पिता ज्ञानेन्द्र मिश्रा पता आनन्तपुर वार्ड क. 09 तहसील हुजूर नगर जिला रीवा म0प्र0 मोबाइल नंबर 7000687801**

**गणतंत्र दिवस एवं गांधी निर्वाण दिवस पर मांसाहारी पदार्थों का क्रय-विक्रय रहेगा बंद : कटनी।** शासन निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी दिन सोमवार को तथा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर 30 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को नगर में मांसाहारी पदार्थ मुर्गा, मुर्गी, मांस, मछली आदि का क्रय विक्रय बंद रहेगा। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने आम सूचना के माध्यम से नागरिकों एवं मांसाहारी पदार्थों का क्रय विक्रय करने वाले दुकानदारों को सूचित किया है कि वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी तथा गांधी निर्वाण दिवस 30 जनवरी 2026 को मांसाहारी पदार्थों का क्रय विक्रय न करें। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो0नि0वि0 वि0/यां0 संभाग रीवा

क्रमांक / 10325 /कार्य/निविदा/2025–26 रीवा, दिनांक 08/01/2026
निविदा क्र0 D– 49/2025–26 रीवा, दिनांक 08/01/2026

### निविदा आमंत्रण – सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन–लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण।

| क्र. | टेंडर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_475526_1 | जिला – रीवा में कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल रीवा में स्थापित 33 के.व्ही./0.4 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र के उन्नयन का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 02 माह सुपरवीजन आदेश के उपरान्त | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 3653972.00 | 5000.00 | 50000.00 |

निविदा फार्म online भुगतान कर 27/01/2026 को शाम 5:30 तक क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संसोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा केवल वेबसाइड पर अपलोड किया जायेगा।

निविदा दिनांक– 29/01/2026 को खोली जावेगी।

(इंजी. आर. पी. सिंह)
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि0/यॉ0)
संभाग रीवा (म0प्र0)

G- 24754/25

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## आवश्यकता है

अहमदाबाद स्थित एक प्रतिष्ठित एथिकल फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के पद हेतु रिक्तियां हैं। कार्य क्षेत्र (हेडक्वार्टर) : रीवा, सिंगरौली, कटनी, शहडोल एवं मध्यप्रदेश के अन्य सभी प्रमुख शहर। योग्यता: स्नातक अभ्यर्थी को प्राथमिकता। 1–2 वर्ष का कार्य अनुभव वांछनीय। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा (CV) निम्न संपर्क नंबर पर भेजें।
ईमेल:journalist.mr.kuldeep@gmail.com
संपर्क नंबर :– 9753340522
RN-83302 (19/01)

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## 23 जनवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 33 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**कटनी।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार 23 जनवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के अंतर्गत नगर निगम कटनी द्वारा 33 पात्र जोड़ों का सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह नगर निगम कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को गरिमामय सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने हेतु मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने की। बैठक में समिति सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर स्वच्छता, पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ साथ वर-वधुओं एवं उनके परिजनों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था, मंच सज्जा, विद्युत एवं ध्वनि व्यवस्था, विवाह एवं निकाह की सभी धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों हेतु आवश्यक सामग्री, सुरक्षा व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत तथा पार्किंग की व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं।

## तहसीलदार कार्यालय तहसील रायपुर कर्चु. जिला - रीवा (मध्यप्रदेश)

क्रमांक / 321 / प्रवाचक / पहड़िया /2026

सामान्य जन को सूचित किया जाता है कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर के अधीन उप–क्षेत्रीय कार्यालय, रीवा द्वारा मौजा कोष्टा तहसील रायपुर कर्चुलियान, जिला रीवा (म.प्र.) स्थित शासकीय भूमि के एक भाग के आवंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के अनुसार खसरा क्रमांक 323/1, कुल रकबा 0.3500 हेक्टेयर में से 0.100 हेक्टेयर शासकीय भूमि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के शासकीय प्रयोजन हेतु आवंटित किए जाने का प्रस्ताव है। आवेदन मध्यप्रदेश नजूल –निवर्तन समिति, 2020 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / फर्म आदि को कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में आवश्यक प्रमाण सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर, अर्थात् दिनांक 05.02.2026 तक, कार्यालय तहसीलदार, रायपुर कर्चुलियान, जिला रीवा में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक : 21.01.2026

तहसीलदार
तहसील रायपुर कर्चुलियान
जिला रीवा (मध्यप्रदेश)

RN-

## कार्यालय कलेक्टर जिला रीवा एवं पदेन अपरसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना ;-

पत्र क्र.1056../ भू-अर्जन / 2026 रीवा दिनांक 15/01/2026

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक / लोक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा – 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची खाने के (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11 की उपधारा 2 द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। साथ ही अधिनियम की धारा 11 (4) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अनुसूची

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक/लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| रीवा | हुजूर | अमिलिकी | 0.254हे. | उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेलवे रीवा | ललितपुर- सिंगरोली रेल लाइन के निर्माण हेतु |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) रीवा के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(प्रतिभा पाल)
कलेक्टर
जिला रीवा एवं पदेन अपर सचिव
राजस्व विभाग

G-24727/25

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्रि-परिषद् समिति तय करेगी नई आबकारी नीति

**विसं भोपाल ।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति के निर्धारण, उससे संबंधित अनुषांगिक विषयों पर समय-समय पर निर्णय लेने तथा आगामी वर्षों के लिए सुझाव प्रस्तुत करने के उद्देश्य से मंत्रि-परिषद् समिति का गठन किया गया है। समिति में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,उदय प्रताप सिंह मंत्री परिवहन एवं स्कूल शिक्षा तथा सम्पतिया उइके, मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति के सचिव प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर होंगे। समिति द्वारा आबकारी नीति 2026-27 को अंतिम रूप देने के साथ-साथ संबंधित विषयों पर निर्णय लेकर आगामी वर्षों के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए जाएंगे।

### कर्मचारियों को कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एवं शासकीय बुंदेलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर के संयुक्त तत्वावधान में सी.पी.आर. एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। कार्यशाला में सी.पी.आर. प्रशिक्षण के लिये उपयोग किये जाने वाले मानव पुतले एवं कुछ वीडियों की सहायता से सी.पी.आर. तकनीक का व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। चिकित्सकों द्वारा अन्य जीवन रक्षक तकनीकों यथा पानी में डूबे हुए व्यक्ति का बचाव, किसी भी प्रकार के शॉक लगने वाले व्यक्ति का बचाव, सिक्का या किसी अन्य वस्तु का गलती से श्वास नली में फंस जाने एवं चोट लगने पर उसका प्राथमिक उपचार इत्यादि पर विस्तृत जानकारी भी दी गई। प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान भी इस कार्यशाला में किया गया।

### भू-अर्जन मुआवजा गणना के लिए समिति गठित

**भोपाल।** प्रमुख सचिव राजस्व विवेक कुमार पोरवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा भू-अर्जन अधिनियम, 2013 के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन में मुआवजे की गणना फैक्टर के निर्धारण के संबंध में समिति का गठन किया गया है। यह समिति लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में गठित की गई है। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप समिति के सदस्य हैं। प्रमुख सचिव पोरवाल ने बताया कि समिति द्वारा इस विषय पर जन मानस से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

### मल्टीपल बिजली बिलों का भुगतान अब एक क्लिक पर

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कॉर्पोरेट, सरकारी और निजी उपभोक्ताओं को बिजली बिल का भुगतान करने के लिए समेकित भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई है। इससे बिजली कंपनी के उपभोक्ताओं को सभी बिलों का एक क्लिक से पेमेंट करने में मदद मिलेगी। इससे नगर निगम, प्रदेश एवं भारत सरकार के उपक्रम, बैंकों, निजी बीमा कंपनियों और टेलीकॉम कंपनियों को मल्टीपल बिजली कनेक्शन के लिए एक क्लिक पर बिल भरने की सुविधा मिल जाएगी। भोपाल सर्किल में ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या ढाई हजार से अधिक है।

### आत्मा परियोजना में पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन आत्मा योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में विभिन्न पुरस्कारों के लिए 31 जनवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसमें भोपाल जिले के ऐसे किसान जिन्होंने कृषि को लाभ का धंधा बनाने एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने में भूमिका निभाई है। उनके आवेदन की तारीख 31 जनवरी तक बढ़ाई गई। उप जिला एवं विकासखंड स्तर पर सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए कृषि, उद्योगिकी, पशुपालन, मत्स्य व कृषि अभियंत्रिकी के आवेदन प्रारूप पूरा भरकर कार्यालय में समय-सीमा में जमा कर सकते हैं। कृषक पुरस्कार के लिए राशि 10 हजार रुपए व जिला स्तर पर सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 25 हजार रुपए, राज्य स्तर पर चयन होने पर राशि 50 हजार रुपए निर्धारित की गई है। किसान आवेदन को पूरा भरकर 31 जनवरी 2026 तक अपनी प्रविष्ठि, कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा, कलेक्ट्रेट भोपाल में जमा कर सकते हैं।

### सरकारी अस्पतालों में 7 करोड़ का खरीदी घोटाला, जांच शुरू

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में नवजात शिशुओं के लिए खरीदे गए वॉर्मर उपकरणों की खरीदी में अनियमितताओं को लेकर जांच शुरू कर दी है। यह मामला करीब 7 करोड़ रुपये की खरीदी से जुड़ा है, जिसमें निर्धारित मानकों के विपरीत यूपीएस की जगह इन्वर्टर सप्लाई कर दिए गए थे। मामला का खुलासा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और जांच के लिए प्रक्रिया तेज की गई। इस मामले में एनएचएम की संचालक सलोनी सिडाना ने बताया कि नवजात शिशु वॉर्मर खरीदी से जुड़ी शिकायतों को कॉरपोरेशन के समक्ष रखा गया है।

---

**तीसरे अनुपूरक बजट के लिए विभागों से मांगे प्रस्ताव, वित्त विभाग अधिकारियों के साथ कर रहा है मंथन**

# अधिकारियों ने कहा-कम बजट से योजनाएं होती हैं प्रभावित

- प्रस्ताव के आधार पर ही अधिकारियों ने मांगा बजट
- वाहन,एसी और फर्नीचर खरीद पर लगाई रोक



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य शासन के कई विभागों ने अगले वित्तीय बजट में वित्त विभाग से ज्यादा बजट की मांग की है। अधिकारियों ने दलील है कि पिछले बार मांग के अनुपात में कम बजट मिलने से उनके विभागों के कई आवश्यक योजनाएं प्रभावित हुई है। इधर वित्त विभाग ने एक बार फिर से सभी विभागों से 31 मार्च से पहले तक नए वाहन,एसी,फर्नीचर सहित दूसरे गैर जरुरी सामग्री खरीदने पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि वर्ष 2026-27 के वित्तीय बजट को लेकर अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथस वित्त विभाग ने मंथन शुरु कर दिया है। सूत्रों की माने तो मंथन के दौरान कुछ अधिकारियों ने वित्त विभाग से कहा है कि उन्हें पिछले वित्तीय बजट में उनकी मांग से कम बजट उपलब्ध कराया गया था,जिससे उनकी कई आवश्यक योजनाओं पर आर्थिक संकट उत्पन्न हुआ है। ऐसे में अगले वित्तीय बजट के दौरान उनकी मांग के अनुरुप ही बजट उपलब्ध कराया जाए।

### कुछ विभागों से मांगे गए प्रस्ताव

इधर वित्त विभाग ने तीसरे अनुपूरक बजट को लेकर चुनिंदा विभागों से प्रस्ताव मांगे है। सूत्रों की माने तो वित्त विभाग द्वारा नगरीय विकास,लोकनिर्माण विभाग,जल संसाधन,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,स्वास्थ्य विभाग सहित कुछ और विभागों से बजट के लिए प्रस्ताव मांगे। बताया गया है कि प्रस्ताव के साथ विभागों से बजट मांगने का कारण भी पूछा गया है,यानि कि विभागों के यह बताना होगा कि अनुपूरक में मांगी राशि से किस तरह के कार्य कराए जाएगे। बताया गया है कि अनुपूरक बजट बजट सत्र के दौरान सदन में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष बजट निर्माण की प्रक्रिया जीरो वेस्ड बजट प्रणाली के आधार पर की है,जिससे सभी मदों की समीक्षा के बाद ही प्रावधान किए गए हैं। बताया गया है कि अनुपूरक बजट के लिए आने वाले प्रस्तावों पर इस बात का ध्यान दिया जाएगा कि मांगी गई राशि तय मापदण्ड के अनुकूल है या नहीं।

### ऑन लाइन देना होगा प्रस्ताव

विभागीय अधिकारियों की माने तो तीसरे अनुपूरक बजट के लिए वित्त विभाग ने सभी चिन्हित विभागों से 23 जनवरी तक ऑनलाइन प्रस्ताव मांगे है। ये सभी प्रस्ताव प्रशासकीय विभाग से अनुमोदन के बाद ही मांगे गए है। साथ ही विभागों को यह भी साफ तौर पर बताना होगा कि केन्द्र सरकार द्वारा उन्हें कौन से मदो से बजट मिला है और वहां से कितनी राशि विभाग को मिली है,इसमें अनुदान कितना है। विभाग ये सभी वित्तीय विवरण के साथ प्रस्ताव ऑन लाइन भेजे।

### ये प्रस्ताव होंगे स्वीकार

जानकारी के अनुसार तीसरे अनुपूरक बजट में उन प्रस्तावों को स्वीकार किया जाएगा। जिनमें कामों के लिए राज्य की आकस्मिक निधि से बजट स्वीकृत किया गया है। इसी तरह विशेष पूंजीगत सहायता योजना में जिन विभागों द्वारा केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं या उन्हें भेजना है,उसके अंतर्गत अलग से बजट लाइन खोलने की आवश्यकता हो,तो प्रतीक प्रावधान से अलग बजट लाइन खोलने का भी प्रस्ताव स्वीकार किया जाएगा।

### अधिकारियों को भेजी गई गाइडलाइन

अधिकारियों के साथ वित्त विभाग ने बैठक करने से पहले सभी को अगले वित्तीय बजट और तीसरे अनुपूरक बजट को लेकर आवश्यक गाइडलाइन भेजी है। जिसमें विभागों से अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों से कहा गया है कि अगले वित्तीय बजट के लिए उनके विभागों द्वारा जो प्रस्ताव भेजे गए,उसका एक बार फिर से विश्लेषण किया जाए और तीसरे अनुपरक बजट के लिए बहुत आवश्यक प्रस्तावों के लिए ही राशि की मांग की जाए।

### कॉलेजों में जनभागीदारी समिति की बैठकें अनिवार्य

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने यूनिवर्सिटी और कॉलेजों की प्रशासनिक व शैक्षणिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए प्रशासन अकादमी में सहायक कुलसचिवों और प्रभारी प्राचार्यों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ करते हुए अधिकारियों से सीधा संवाद करते हुए सभी महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कॉलेजों में रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया पर भी चर्चा की। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में मध्य प्रदेश का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) राष्ट्रीय औसत से अधिक है। इस प्रोग्राम के जरिए रिसर्च, इनोवेशन, और एजुकेशन को निरंतर बढ़ावा देने पर अक्सपर्ट ने अपने विचार रखे। आयुक्त प्रबल सिपाहा ने बताया कि कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के अफसरों को अकादमिक के साथ प्रशासनिक दायित्वों के लिए नियमों की समुचित जानकारी होना आवश्यक है। 24 जनवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 20 विश्वविद्यालयों के सहायक कुलसचिव और 20 कॉलेजों के प्रभारी प्राचार्य शामिल हो रहे हैं।

---

## निजी कॉलेजों को सेंटर बनाकर परीक्षाएं कर रहा बरकतउल्ला




**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में बीएड (ओल्ड पाठ्यक्रम) प्रथम वर्ष की परीक्षा मंगलवार से शुरू हुई। यह परीक्षाएं 2 फरवरी तक चलेंगी। परीक्षा का समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इन परीक्षाओं में विश्वविद्यालय के डीएमई विभाग द्वारा निजी महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने का मामला सामने आया है। नियम अनुसार किसी भी निजी संस्था या उसके स्वयं के अध्ययन केंद्र को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जा सकता। इसके बावजूद विश्वविद्यालय के डीएमई विभाग द्वारा निजी महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाना परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता के साथ गंभीर खिलवाड़ माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार विश्वविद्यालय में इससे पहले भी परीक्षा एवं प्रशासनिक लापरवाही के मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। कुछ माह पूर्व ही डीएमई विभाग की तत्कालीन विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता दिनकर को पूर्व कुलपति केसी गुप्ता द्वारा लापरवाही के आरोपों के चलते निलंबित किया गया था। इससे पहले भी भोज यूनिवर्सिटी के परीक्षा केंद्रों पर जमकर नकल और सामूहिक नकल प्रकरण के मामले सामने आते रहे हैं। बीएड (ओल्ड पाठ्यक्रम) की परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 31 जनवरी तक चलेंगी। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से 2 बजे तक रहेगा।

> कोई नए परीक्षा केंद्र नहीं बनाए गए हैं, जो पहले थे उन पर ही परीक्षा कराई जा रही है। प्राइवेट कॉलेजों के परीक्षा केंद्र बनाया गया है तो मैं मालुम करता हूं।
>
> **प्रो. मिलिंद दांडेकर** कुलगुरु, भोज मुक्त विश्वविद्यालय

## ग्राम सभाओं में बताई जाएंगी 'जीराम जी' की खूबियां

**प्रदेशभर में होगा 24 से 28 जनवरी तक ग्राम सभाओं का आयोजन, बैठक की होगी वीडियोग्राफी**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण (वीबी जीरामजी) करने पर भले ही अभी भी विपक्षी दल हमलावर हों, लेकिन प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों को इसकी खूबियां गिनाने की तैयारी कर ली है। प्रदेश सरकार कं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने गणतंत्र दिवस पर प्रदेश की 23 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में 24 से 28 जनवरी के बीच विशेष ग्राम सभाएं बुलाने की तैयारी की है। इन सभाओं का सबसे प्रमुख एजेंडा केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई वीबी जीरामजी योजना है। सभाओं में ग्रामीणों को विस्तार से बताया जाएगा कि यह योजना मनरेगा से कितनी अलग और लाभकारी है। इन सभाओं में ग्रामीणों को बताया जाएगा कि नई योजना से ग्रामीणों को 100 के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलने के साथ कृषि और बुनियादी ढांचे के कामों को प्राथमिकता दी जाएगी।



### स्वास्थ्य, स्वच्छता और डिजिटल इंडिया पर भी मंथन

ग्राम सभा के दौरान मौके पर ही ग्रामीणों के मोबाइल में स्वच्छता साथी एप डाउनलोड कराया जाएगा। इसके माध्यम से ग्रामीण स्वच्छता संबंधी सेवाओं और शिकायतों का तत्काल समाधान पा सकेंगे। इसके साथ ही गांव में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया जाएगा। एजेंडे के मुताबिक इंटरनेशनल मिलेट ईयर के तहत, ग्राम सभाओं में बच्चों और युवाओं को श्रीअन्न (मोटे अनाज) जैसे कोदो-कुटकी, रागी और बाजरा के पोषण संबंधी लाभ बताए जाएंगे। इसे भविष्य का भोजन बताते हुए स्कूलों के मध्याह्न भोजन में शामिल करने पर भी चर्चा होगी।

### ग्राम सभाओं के लिए एजेंडा तय, आय बढ़ाना सबसे बड़ा टारगेट

इन ग्राम सभाओं के लिए एजेंडे का ड्राफ्ट पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने तैयार कर लिया है। इन ग्राम सभाओं में पंचायतों की आय बढ़ने से लेकर वहां के नागरिकों की आमदनी में इजाफा करने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पंचायतों को केवल सरकारी अनुदान पर निर्भर रहने के बजाय अपनी आय ब ?ाने के तरीके खोजे जाएंगे। इसमें स्थानीय मेलों, बाजारों और संपत्तियों से कर वसूली जैसे बिंदु शामिल हैं। इसके अलावा गांवों की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए पीएम कुसुम और पीएम सूर्य योजना पर फोकस होगा। इसके अलावा इस बार की ग्राम सभाओं में अहम बिंदु हर गांव में महिला सशक्तिकरण और जेंडर फोरम का होगा। इसके तहत प्रत्येक पंचायत स्तर पर जेंडर फोरम का गठन किया जाएगा। यह मंच गांव की महिलाओं की समस्याओं को सुनने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और विकास में हिस्सेदारी तय करने के लिए एक सक्रिय इकाई के रूप में कार्य करेगा। इसके साथ रोजगार गारंटी के काम में महिलाओं, एससी और एसटी वर्ग के मजदूरों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर विचार होगा।

### हाई-टेक होगी मॉनिटरिंग, पंचायत निर्णय पोर्टल पर होगा अपलोड

इन ग्राम सभाओं के आयोजन की पारदर्शिता और प्रमाणिकता बनाए रखने के लिए सरकार ने इस बार सख्त नियम भी बनाए हैं। इसके तहत प्रत्येक ग्राम सभा की पूरी कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य होगा। ग्राम सभाओं के बाद इसके फोटो, वीडियो और पारित प्रस्तावों को तत्काल पंचायत निर्णय पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिसकी निगरानी सीधे जिला और राज्य मुख्यालय से होगी।

---

## विधायकों का संरक्षण करे विधायिका: नरेंद्र सिंह तोमर

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाले तत्वों का विधायिका कैसे पालन करे और पालन करवाए। हमारी शक्ति विधायकों सहित लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाले तत्वों के संरक्षण में लगनी चाहिए। तोमर बुधवार को लखनऊ में आयोजित 86 ववें पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास की रक्षा करना हमारा सर्वोच्च दायित्व है। यह विश्वास ही हमारी शक्ति है और यही हमारी जिम्मेदारी भी। विधायिका के सदस्यों का आचरण, सदन के भीतर और बाहर दोनों ही स्थानों पर, लोकतंत्र की साख से जुड़ा होता है। आज यह आवश्यक है कि हम केवल सिद्धांतों पर चर्चा न करें, बल्कि व्यवहार में भी जवाबदेही को और सुदृढ़ करने के उपायों पर विचार करें। जब एक जनप्रतिनिधि जनता के हित की बात करता है तो लोकतंत्र मजबूत होता है। जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही विषय पर बोलते हुए तोमर ने विधायिका के दायित्वों, उनकी चुनौतियों और समाधान पर विस्तृत विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत की शासन व्यवस्था में सत्ता का जनता के प्रति उत्तरदायी होना वैदिक काल से है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभुश्री रामचंद्र जी के द्वारा स्थापित राम राज्य वस्तुतः जनोन्मुखी शासन प्रणाली ही है। सम्राट विक्रमादित्य और सम्राट अशोक जैसे कई राजा हुए जिनका शासन जन कल्याण के लिए सदैव उदाहरण के रूप में उल्लेखित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा संविधान में निहित है और संविधान की जीवनरेखा विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच संतुलन में है। इनमें विधायिका को यह विशिष्ट स्थान प्राप्त है कि वह सीधे जनता के मत से निर्मित होती है।



86 वें पीठासीन अधिकारी सम्मलेन में शामिल हुए स्पीकर तोमर

## भाजपा हिन्दुओं के नहीं हिन्दुत्व के साथ है: दिग्विजय सिंह

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिन्दू धर्म के साथ नहीं है,अलबत्ता हिन्दुत्व के साथ है और हिन्दुत्व कोई धर्म नहीं बल्कि पहचान है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिन्दूओं को और ओबैसी मुसलमानों तो डराकर राजनीति कर रहे है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को बीना में कहा कि भाजपा और आरएसएस हिंदू धर्म के साथ नहीं है हिंदुत्व के साथ है। उन्होंने कहा कि हिंदू शब्द असल में वैदिक शब्द नहीं है। ये फारसी भाषा का शब्द है, फारसी लोग जब इधर आए तो वे स को ह कहते थे. तो जो सिंध नदी के इस पार रहते थे, वो हिंदू कहलाने लगे। पूर्व सीएम ने कहा कि मोहन भागवत सही कहते हैं कि हिंदू मुस्लिम, हिंदू इसाई, हिंदू सिख क्योंकि हिंदू धर्म नहीं भौगोलिक इकाई है। सही मायने में हमारा धर्म हमारा है। दिग्विजय ने कहा कि सनातन धर्म का मतलब जिसका कोई अंत नहीं है. सनातन में जो नर है, वही नारायण है. हृदय में नारायण हैं.। उन्होंने कहा कि वास्तव में आरएसएस वाले भाजपा के लोग हिंदुत्व के साथी हैं. सनातन के साथी नहीं हैं। जगह-जगह हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं भण्डारा किए जा रहे है। जिसके लिए हमसे चंदा लेकर हम ही लोगों को ही भंडारा खिलाया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इनका धर्म से को कोई लेना देना नहीं है। धर्म से ये केवल लोगों को डराते हैं कि हिंदूओं एक हो जाओ. हिंदू धर्म खतरे में हैं. उधर औवैसी कहते हैं मुसलमानों एक हो जाओ हिंदुओं से खतरा है,जबकि हकीकत तो यह है कि ये दोनों मिलकर खेल रहे हैं। ना तो हिंदूओं को मुसलामानों से खतरा है और ना ही मुसलनमानों को हिंदुओं से खतरा है। इस तरह की लड़ाई से अगर किसी को खतरा है,तो वह हमारा देश है।



### योगी को माफी मांगनी चाहिए

दिग्विजय सिंह ने जोशी मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले को लेकर कहा कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनसे माफी मांगनी चाहिए। अविमुक्तेश्वरानंद मेरे गुरु भाई है और मेरी संवेदना उनके साथ है। उन्होंने कहा कि सनतान धर्म की हमारी चार पीठ हैं. ये प्रतिष्ठित चार पीठ हैं. द्वारका, पुरी, रामेश्वरम, बद्रीनाथ और जोशी मठ. इन मठों में शंकराचार्यों की पीठ स्थापित है। उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं। आज शंकराचार्य अन्न जल त्यागकर सत्याग्रह कर रहे हैं। वे मेरे गुरु भाई हैं, मेरी संवेदना उनके साथ है।

## नबीन के अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओ ने मनाया जश्न

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन की ताजपोशी का प्रदेश में भी जश्न मनाया गया। पार्टी दफ्तर में कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई,तो दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नए अध्यक्ष से भेंट की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नितिन नबीन के संगठन कौशल से पार्टी सफलता के नए शिखर तक पहुंचेगी। पार्टी के लिए संगठन पर्व केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी आत्मा है। संगठन पर्व के माध्यम से नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होना कार्यकर्ता-आधारित नेतृत्व की सशक्त मिसाल है। भारतीय जनता पार्टी के नव-निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण करने पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्साह और उल्लास के साथ आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर उत्सव मनाया गया।



### मुख्यमंत्री ने की नए अध्यक्ष से भेंट

डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की कमान नितिन नबीन को सौंपा जाना यह दर्शाता है कि पार्टी अपने भविष्य को युवा, ऊर्जावान, दूरदर्शी और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध नेतृत्व के हाथों में सुरक्षित देख रही है। यह निर्णय भाजपा के मजबूत संगठन, अनुशासन और विचारनिष्ठ राजनीति का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को नई गति मिलेगी।

---

**ऑपरेशन मुस्कान** — 11 जिलों में एमपी पुलिस ने चलाया अभियान

## 7 दिन में 29 मासूमों को खोजकर परिवार को सौंपा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश पुलिस ने गुमशुदा और अपहृत बच्चों की तलाश में एक हफ्ते के 11 जिलों में चलाए गए विशेष अभियानों के दौरान 29 नाबालिगों को सकुशल बरामद कर उनके माता-पिता को सौंप दिया। इस अबियानों के दौरान एमपी की पुलिस ने ने केवल एंमपी बल्कि अन्य प्रदेशों में भी दबिश देकर लापता हुए बच्चों को खोज निकाला। इसमें सबसे अहम एक्शन ग्वालियर पुलिस का रहा जहां मोहना से गायब बालिका को पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर दिल्ली से खोज निकाला। इसके अलावा बालाघाट की तिरोड़ी थाना पुलिस की टीम एक गुमशुदा बालिका को खोजने के लिए कच्छ (गुजरात) तक गई और उसे सुरक्षित वापस लाई। इसके अलावा इंदौर और खंडवा में भीड़भाड़ के बीच से गायब हुई छोटी बच्चियों को फील्ड रिस्पॉन्स के जरिए खोजकर परिजनों तक पहुंचाया गया।



**इन जिलो में हुआ एक्शन**

| जिला | बरामद बच्चे | विवरण |
|---|---|---|
| शिवपुरी | 7 | लखनऊ और कोटा में भी दबिश |
| देवास | 5 | 72 घंटों के भीतर सभी 5 बालिकाओं को ढूंढा |
| छतरपुर | 4 | रेलवे स्टेशन और सर्विलांस से 24 घंटे में खोजा |
| खरगोन | 1 | मंदिर से गुमी बेटी आधे घंटे में तलाश ली |
| अशोकनगर | 2 | 1 घंटे के भीतर दोनों बच्चियों को खोजा |
| विदिशा | 3 | अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, बालिकाएं सकुशल |
| छिंदवाड़ा | 2 | स्कूल से गुमे छात्रों को दस्तयाब किया |

### सीसीटीवी सर्विलांस बना मददगार

इस अभियान में मध्यप्रदेश पुलिस ने सीसीटीवी सर्विलांस और मोबाइल लोकेशन ट्रेसिंग का सहारा लिया। इन अबियानों के दौरान यह भी उजागर हुआ कि अधिकांश बच्चे अपने माता-पिता की डांट फटकार और पढ़ाई का दबाव बनाने के कारण घर छोड़कर गए थे। इन बच्चों की सकुशल बरामदगी के बाद पुलिस ने इन बच्चों और उनके परिजनों की काउंसलिंग कर समझाइश भी दी। इसके साथ ही पुलिस ने माता-पिता को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहने और खासतौर से कम उम्र के बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की समझाइश भी दी।

## शाह को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सिंघार ने उठाए सवाल

**भोपाल।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले सरकार के मंत्री विजय शाह से इस्तीफे को लेकर राजधानी भोपाल में मंगलवार को कांग्रेसियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। जबकि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने भाजपा पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर दिए है। सिंघार ने कहा कि विजय शाह से सरकार को तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए और भाजपा को उन्हें सभी तरह के दायित्वों से मुक्त कर देना चाहिए। देश की सेना और महिलाओं के सम्मान से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। प्रदेश महासचिव अमित शर्मा ने समर्थको के साथ पीसीसी के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता की भावनाओं को आहत करने वाले भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट द्वारा केस दर्ज किए जाने के स्पष्ट आदेश के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई न होने से जनमानस में भारी रोष व्याप्त है। यह अत्यंत चिंताजनक और शर्मनाक है कि जिस मंत्री पर सुप्रीम कोर्ट ने केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं, उसे भाजपा सरकार खुला संरक्षण दे रही है। यह न केवल संविधान का अपमान है, बल्कि देश की जनता की भावनाओं के साथ सीधा खिलवाड़ है।



### नेम प्लेट पर पोती कालिख

भोपाल में युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित खत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने वाले मंत्री विजय शाह के बंगले पर अपने साथियों सहित जाकर मंत्री की नेम प्लेट पर कालिख पोत कर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। खत्री ने कहा है कि अगर मंत्री ने पद से इस्तीफ़ा नहीं दिया तो युवा कांग्रेस उनका सार्वजनिक रूप से मुँह काला करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल बोले-मोदी गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं

**रायबरेली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने रायबरेली दौरे पर हैं। उन्होंने



कहा- नरेंद्र मोदी सारा पावर अपने हाथों में लेकर गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं। मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाकर उनका अपमान किया है। मगर मुख्य बात नाम बदलने की नहीं है। हमारी गरीब जनता को जो सुरक्षा दी गई थी, उसे मोदी सरकार ने खत्म कर दिया है। एक तरफ हम जनता की रक्षा कर रहे हैं, दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी देश का पूरा धन खींचकर अंबानी और अडाणी के हाथों में दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मनरेगा को बचाने का आंदोलन कर रही है। हम मजदूरों की रक्षा के लिए मजबूती से उनके साथ खड़े हैं। राहुल ने मंगलवार सुबह कांग्रेस और सपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, फिर रायबरेली प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात की। टॉस के लिए सिक्का भी उछाला। इसके बाद राहुल ने चौपाल लगाई और मनरेगा मजदूरों से बात की। राहुल सोमवार देर रात रायबरेली पहुंचे थे।

जन नायकन विवाद

### मद्रास हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**मद्रास, जेएनएन।** उच्च न्यायालय ने सीबीएफसी द्वारा दायर अपील पर अपना




फैसला सुरक्षित रख लिया। इस अपील में विजय अभिनीत फिल्म जन नायकन को यू/ए प्रमाणपत्र देने के एकल न्याया-धीश के निर्देश को चुनौती दी गई थी। सुनवाई की नई तारीख की घोषणा अभी बाकी है। इसका मतलब यह है कि नई रिलीज तिथि के बारे में अफवाहों के विपरीत, जन नायकन के 26 जनवरी को सिनेमाघरों में आने की उम्मीद नहीं है। दिन भर चली सुनवाई के बाद फिल्म के भविष्य पर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा दायर अपील पर सुनवाई जारी रखी, जिसमें विजय अभिनीत फिल्म जन नायकन को अंडर ए प्रमाणपत्र देने के एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी।

### बीएमसी मेयर पद, शिवसेना ने फिर दावेदारी के संकेत दिए

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सोमवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका मेयर पद पर



शिवसेना की दावेदारी के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी से शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की जन्मशती वर्ष की शुरुआत हो रही है। शिवसैनिकों की इच्छा है कि इस मौके पर बीएमसी में शिवसेना का मेयर होना चाहिए। हालांकि शिंदे ने यह भी स्पष्ट किया कि शिवसेना कोई ऐसा फैसला नहीं करेगी जो जनादेश के खिलाफ हो। उन्होंने याद दिलाया कि बीएसी चुनाव शिवसेना और बीजेपी ने गठबंधन में लड़ा था। जिन नगर निगमों में शिवसेना और बीजेपी ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा है, वहां महायुति का ही मेयर बनेगा। महाराष्ट्र में बीएमएस समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को चुनाव हुए थे और 16 जनवरी को रिजल्ट आया था। बीएमसी के 227 सीटों में भाजपा को 89 और शिंदे गुट को 29 सीटें मिली थीं। मेयर के लिए बहुमत का आंकड़ा 114 है। इसके लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी।

### पाकिस्तानी मंत्री मरियम का बदला रूप, लोग हैरान



**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पीएमएल-एन की सीनियर नेता मरियम औरंगजेब इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। वजह है लाहौर में हुई शादी में उनका बदला हुआ लुक। यह शादी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नाती और मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर की थी। मरियम औरंगजेब यहां मेहमान के तौर पर शामिल हुई थीं। जुनैद सफदर की शादी शंजे अली रोहैल से लाहौर में धूमधाम से हुई थी। हालांकि, शादी से ज्यादा चर्चा मरियम औरंगजेब की तस्वीरों को लेकर हुई। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में मरियम औरंगजेब पहले के मुकाबले ज्यादा स्लिम, शार्प फेस फीचर्स और बदले हुए लुक में नजर आईं। कई यूजर्स ने उनके ग्लो और फिटनेस की तारीफ की। कई लोगों उनके लुक में आए बदलाव को लेकर सवाल भी उठाए। यूजर्स ने यह अटकलें भी लगाईं कि मरियम औरंगजेब ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई हो सकती है।




प्रयागराज में माघ मेला 2026 के दौरान संगम के पास संत संध्याकालीन अनुष्ठान करते हुए। माघ मेला 3 जनवरी से शुरू होकर 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि तक चलेगा। इस दौरान कई प्रमुख स्नान पर्व और धार्मिक आयोजन होंगे। पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने व्यापक तैयारियां की गई हैं।

# नाटो की बैठक: ट्रंप स्विट्जरलैंड में तय करेंगे ग्रीनलैंड का भविष्य

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने नक्शा जारी कर कनाडा-वेनेजुएला को भी बताया अमेरिका का हिस्सा

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को नाटो चीफ मार्क रूट से फोन पर बात की है। बातचीत में ग्रीनलैंड के मुद्दे पर स्विट्जरलैंड के दावोस बैठक बुलाने का फैसला लिया गया। हालांकि उन्होंने बैठक की तारीख नहीं बताई। ट्रम्प ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर एक मैप भी शेयर किया, जिसमें कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया। ट्रम्प ने बताया कि इस मुद्दे (गाजा) पर नाटो चीफ मार्क रूट से उनकी फोन पर बहुत अच्छी बातचीत हुई है। बातचीत के बाद अलग-अलग पक्षों के साथ स्विट्जरलैंड के दावोस में बैठक करने पर सहमति बनी है। ट्रम्प ने नाटो चीफ मार्क रूट का एक पर्सनल मैसेज सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस मैसेज में ने ट्रम्प से कहा -मिस्टर प्रेसिडेंट,आज आपने सीरिया में जो हासिल किया है, वह अविश्वसनीय है। मैं दावोस में अपने मीडिया इंटरव्यू में सीरिया, गाजा और यूक्रेन में आपके काम को सामने रखूंगा।



### ट्रंप की फ्रांस को 200% टैरिफ की धमकी



ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल न होने को लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को धमकाया है। ट्रंप ने कहा कि यदि मैक्रों बोर्ड ऑफ पीस में शामिल नहीं होते तो फ्रांस की वाइन और शैंपेन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगा दूंगा। हालांकि फ्रांस ने ट्रंप की इस पेशकश को ठुकरा दिया है। ट्रंप ने दुनिया भर के संघर्षों को सुलझाने और पुनर्निर्माण की निगरानी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय निकाय बोर्ड ऑफ पीस बनाने का प्रस्ताव दिया है। इसके चार्टर के अनुसार, सदस्यों को इसमें शामिल होने के लिए 1 बिलियन डॉलर का योगदान देना होगा। ट्रंप और मैक्रों के बीच चल रहा यह विवाद वैश्विक कूटनीति का सबसे गरमागरम मुद्दा बन गया है।

**फ्रांस का जवाब- धमकी देना स्वीकार्य नहीं:** मैक्रों के करीबी सूत्रों ने कहा कि विदेशी नीति को प्रभावित करने के लिए टैरिफ की धमकी देना न तो स्वीकार्य है और न ही प्रभावी। फ्रांस ने स्पष्ट किया है कि वह अपनी संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगा।

### बोले नॉर्वे पीएम सरकार नहीं कमेटी देती है नोबेल पुरस्कार

नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोर ने सोमवार को ट्रम्प का लेटर मिलने की पुष्टि की। इसके बाद बयान जारी कर उन्होंने साफ किया कि नोबेल शांति पुरस्कार नॉर्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी देती है। सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है। दरअसल, ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिठ्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की बात कही थी। ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि अगर किसी को लगता है कि नॉर्वे नोबेल प्राइज को कंट्रोल नहीं करता है, तो यह मजाक है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि नॉर्वे क्या कहा रहा है। मैं बस लोगों की जिंदगी बचाने के बारे में सोचता हूं।

घने कोहरे का कहर

### बागपत एक्सप्रेसवे पर 14 वाहन टकराए



**बागपत, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में मंगलवार को दिल्ली अक्षरधाम से बागपत तक बने एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते बड़ा सड़क हादसा हो गया। कम विजिबिलिटी के कारण एक्सप्रेसवे पर एक के बाद एक 14 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हादसा खेकड़ा क्षेत्र के हसनपुर मसूरी मवी कला गांव के पास उस समय हुआ, जब अचानक घनी धुंध छा गई। कोहरे के कारण सामने से आ रहे वाहनों की दूरी का अंदाजा नहीं लग सका और कई गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं। हादसे में कार, पिकअप और अन्य वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही खेकड़ा थाना पुलिस, बागपत कोतवाली पुलिस और एनएचएआई की टीम एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची।

## घरेलू मांग बढ़ी, निर्माण इंडेक्स रिकॉर्ड स्तर पर

*एफआईसीसीआई के ताजा सर्वे के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में भारत का मैन्युफै. रिंग इंडेक्स रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। 10 में से 9 से ज्यादा कंपनियों ने बताया कि उनका उत्पादन या तो बढ़ा है या स्थिर बना हुआ है।*



### 2026 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर

**91%** कंपनियों ने उत्पादन को स्थिर या बढ़ा हुआ बताया। पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 87 प्रतिशत था।

**75%** फैक्ट्रियां लगभग तीन-चौथाई क्षमता पर। यह निरंतर आर्थिक गतिविधि का मजबूत संकेत।

**86** कंपनियां मानती हैं कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ऑर्डर या तो बढ़ेंगे या पिछले क्वार्टर के बराबर रहेंगे।

अगले 6 महीनों में निवेश और विस्तार की योजनाएं स्थिर। उद्योग जगत को भविष्य को लेकर भरोसा है।

**90%** कंपनियों ने स्टॉक को स्थिर या बढ़ा हुआ बताया।

**83%** कंपनियां उम्मीद कर रही हैं कि स्टॉक स्तर स्थिर रहेगा या बढ़ेगा।

**69%** कंपनियों ने निर्यात को स्थिर या बेहतर बताया

**70%** से अधिक कंपनियां उम्मीद कर रही हैं कि निर्यात पिछले साल से बेहतर या बराबर रहेगा



#### रोजगार में तेजी

**अगले 3 महीनों में- 38 फीसदी** कंपनियां नई भर्ती करेंगी। पिछले साल यही आंकड़ा-35 फीसदी था।

#### फंडिंग और ब्याज दर

**औसत ब्याज दर- 8.9 प्रतिशत**
87 फीसदी से अधिक कंपनियों का कहना कि बैंकों से पर्याप्त फंडिंग मिल रही है।

#### लागत का दबाव

57 प्रतिशत कंपनियों ने बताया कि लागत, बिक्री के मुकाबले बढ़ी है।

## किम जोंग ने डिप्टी पीएम को लगाई फटकार, मंच से ही किया बर्खास्त

**प्योंगयांग, जेएनएन।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने डिप्टी पीएम यांग सुंग-हो को बर्खास्त कर दिया है। किम जोंग उन योंगसोंग मशीन कॉम्प्लेक्स में सोमवार को इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के पहले चरण के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। किम ने अपने संबोधन के दौरान यांग सोंग-हो को हटाने का आदेश दिया। किम ने डिप्टी पीएम को फटकार भी लगाई। किम ने मंच से ही डिप्टी पीएम से कहा, बहुत देर होने से पहले, अपने पैरों पर खुद यहां से चले जाओ। किम ने कहा कि यांग जिम्मेदारियां संभालने के लायक नहीं हैं। किम ने कहा, एक बकरी गाड़ी नहीं खींच सकती। यह हमारे कैडर अपॉइंटमेंट सिस्टम में हुई एक गलती थी। आखिरकार, गाड़ी बैल खींचता है, बकरी नहीं।



**कई मौके दिए मगर सुधार नहीं हुआ:** किम जोंग उन ने कहा कि उन्होंने यांग को योंगसोंग मशीन कॉम्प्लेक्स के पहले चरण के आधुनिकीकरण में हुई गंभीर गलतियों को सुधारने के लिए कई बार मौका दिया था। इसके बावजूद काम में कोई सुधार नहीं हुआ। किम ने यह भी स्पष्ट किया कि यांग को पद से हटाना जरूरी था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें पार्टी-विरोधी माना जाए। किम के मुताबिक, यांग ने पार्टी की केंद्रीय समिति को ऐसे सुझाव दिए जो न तो व्यवहारिक थे और न ही सच्चाई पर आधारित थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यांग ने अपने फायदे के लिए पार्टी को गुमराह करने की कोशिश की, यहां तक कि पिछले महीने हुई पार्टी की अहम बैठक में भी।

#### काम में देरी के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब देश में सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की नौवीं पार्टी कांग्रेस की तैयारी चल रही है। उत्तर कोरिया में किसी अधिकारी को इस तरह सार्वजनिक रूप से फटकार लगना आम बात नहीं मानी जाती। यांग सुंग-हो पहले देश के मशीनरी उद्योग के मंत्री थे। बाद में उनका प्रमोशन करके मशीनरी क्षेत्र की जिम्मेदारी संभालने वाला उपप्रधानमंत्री बना दिया गया। दक्षिण कोरिया की सरकारी एजेंसी योनहाप के मुताबिक, वह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भी शामिल थे, लेकिन वहां उनकी भूमिका स्थायी नहीं थी। अभी तक यह नहीं बताया गया है कि उनकी जगह अब किसे जिम्मेदारी दी जाएगी।

तमिलनाडु में राष्ट्रगान का अपमान

## राज्यपाल ने विधानसभा से बिना स्पीच किया वॉकआउट

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु विधानसभा सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में फिर हाईलेवल ड्रामा हुआ। राज्यपाल आरएन रवि एक बार फिर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाते हुए स्पीच दिए बिना ही असेंबली से बाहर चले गए। पिछले सालों की तरह गवर्नर ने कहा कि तमिल गान के बाद राष्ट्रगान बजाया जाए। लेकिन स्पीकर अप्पावु ने इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद गवर्नर रवि शुरुआती भाषण पढ़े बिना ही विधानसभा से बाहर चले गए। इससे पहले 2024-25 में भी वे ऐसा कर चुके हैं। राज्यपाल ने आरोप लगाया कि उनके भाषण में रुकावट डाली गई। उन्होंने कहा कि मैं निराश हूं। राष्ट्रगान को उचित सम्मान नहीं दिया गया। गवर्नर के वॉकआउट के बाद विपक्षी एआईएडीएमके के नेता भी असेंबली से बाहर चले गए और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं तमिलनाडु सीएम ने इसे असेंबली का अपमान बताया है।



#### गवर्नर का बंद किया माइक

राज्यपाल के असेंबली से बाहर जाने के बाद लोक भवन ने प्रेस रिलीज जारी की। इसमें कहा गया कि एक बार फिर राष्ट्रगान का अपमान किया गया। गवर्नर का माइक बार-बार बंद किया गया। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि यह कदम सदन की बेइज्जती करता है और असेंबली के प्रोटोकॉल के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मैं सीएन अन्नादुराई की बात याद दिलाना चाहूंगा जिन्होंने पहले कहा था, बकरे को दाढ़ी की क्या जरूरत है, और राज्य को गवर्नर की क्या जरूरत है।

## हल्दी का पानी स्वास्थ्य के लिए है रामबाण

हेल्थ-वॉच

आयुर्वेद की दुनिया में हल्दी काफी रामबाण मानी जाती है। यह बड़े से बड़े रोग को बेहद आसानी से ठीक कर सकती है। हालांकि, यह खाने की रंगत को भी बदल सकती है। अगर आप रोजाना हल्दी का पानी पीते हैं, तो इससे आपके शरीर को क्या फायदे मिल सकते हैं? हल्दी में मुख्य रूप से करक्यूमिन, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, मैंगनीज, आयरन, पोटेशियम, विटामिन-सी, और विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स पाया जाता है। जिन लोगों के शरीर में अक्सर खून की कमी हो जाती है। उन लोगों को रोजाना अपनी डाइट में हल्दी का पानी शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद आयरन शरीर में खून की कमी को पूरा करने का काम करता है। इन दिनों लोग तेजी से दिल से जुड़ी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। दिल को हेल्दी रखने के लिए आपको हल्दी का पानी पीना चाहिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है। हल्दी का पानी प्रोटीन का रिच सोर्स होता है और प्रोटीन आपकी मसल्स को स्ट्रांग बनाने का काम करता है।

## शार्ट पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं नवविवाहिता की मौत का कारण, फुल पीएम का इंतजार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में कारण अब भी बरकरार है। शार्ट पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं दिया गया है, इसलिए पुलिस को अब फुल पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस ने बिसरा भी प्रिजर्व किया है। इधर, मृतका के भाई सोनू ने जीजा पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना था कि गला दबाकर बहन की हत्या की गई है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर संदेही पति के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। 28 वर्षीय कंचन साहू पति हेमराज साहू राधाकृष्ण कालोनी खेजड़ा की रहने वाली थी। 14 महीने पहले उसकी हेमराज से शादी हुई थी। सोमवार सुबह वह बिस्तर पर मृत मिली।



मृतका के बड़े भाई ने आरोप लगाया कि बहन की जीजा ने गला दबाकर हत्या की है। शादी के बाद से ही वह दहेज नहीं मिलने पर उसे प्रताड़ित कर रहा था। मां की मौत के बाद पहला त्यौहार मनाने बहन रविवार को घर आई थी। शाम के समय उसका पति लेने आया। बहन ने उससे दो दिन बाद और मायके में रुकने की लिए बोला। इस पर जीजा नाराज हो गया और उसे साथ लेकर चला गया। देर रात ढाई बजे पति ने उसकी हत्या कर दी। इसके पूर्व उनके बीच विवाद हुआ था। निशातपुरा एसीपी अक्षय चौधरी ने बताया कि नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई है। मामले की जांच जारी है। फुल पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता लग सकेगा। पुलिस को फुल पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

# बदलेगी जल प्रबंधन की तस्वीर,पहली बार झरनों की बनेगी डिजिटल कुंडली

### विंध्य और सतपुड़ा पर्वतों समेत गांव-गांव होगी गिनती

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश अपनी नदियों और जंगलों के साथ उन अनमोल जल स्रोतों का हिसाब रखने जा रहा है जो सदियों से आदिवासियों और पहाड़ी गांवों की प्यास बुझा रहे हैं। भारत सरकार के निर्देश पर प्रदेश में पहली बार झरनों की गिनती (स्प्रिंग सेंसस) की तैयारी शुरू हो गई है। यह गणना 7वीं लघु सिंचाई गणना के साथ की जाएगी, जिससे प्रदेश के जल प्रबंधन की तस्वीर बदल सकती है। इसके लिए प्रदेश के जल संसाधन विभाग को नोडल एजेंसी के तौर पर काम सौंपा है। वह नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, राजस्व आदि विभागों के साथ तालमेल कर प्रदेश के सभी झरनों की गिनती करेगी। जल संसाधन विभाग के ईएनसी विनोद कुमार देवड़ा ने इसके लिए चीफ इंजीनियर को उनके कार्यक्षेत्र में स्थित झरनों की जानकारी देने को कहा है। इसी तरह अन्य विभाग भी अपनी जानकारी भरकर जल संसाधन विभाग को देंगे। इसके बाद इस जानकारी का डिजिटाइजेशन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

**पहाड़ों और जंगलों में गुमनाम झरनों की मिलेगी जानकारी:** राज्य का बड़ा हिस्सा सतपुड़ा, विंध्य और मैकल पर्वत श्रेणियों से घिरा है। अमरकंटक से लेकर पचमढ़ी और छत्तीसगढ़ से सटे इलाकों तक ऐसे सैंकड़ों प्राकृतिक झरने हैं, जो न केवल पीने के पानी का स्रोत हैं, बल्कि नर्मदा, सोन और बेतवा जैसी नदियों का बहाव बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन से कई बारहमासी झरने मौसमी हो गए हैं।

### मोबाइल ऐप से होगी मैपिंग और टैगिंग

इस स्प्रिंग सेंसस के लिए पटवारी, वनकर्मी या जल संसाधन विभाग के कर्मचारी केवल कागजी खानापूर्ति नहीं करेंगे। इस बार तकनीक की मदद लेते हुए हर झरने की लोकेशन को जीपीएस के जरिए मैप किया जाएगा। इसके लिए बकायदा एक पोर्टल तैयार किया जा रहा है जिस पर हर झरने का डाटा (पानी की मात्रा, उपयोग और गुणवत्ता) दर्ज होगा। इस सर्वे के लिए नीति आयोग और जल शक्ति मंत्रालय ने मानक तय किए हैं। प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी क्षेत्र, अनूपपुर जिले के अमरकंटक क्षेत्र, छिंदवाड़ा, बैतुल और बालाघाट के साथ ही सतपुड़ा की पहाड़ियों में बसे आदिवासी गांवों के साथ ही रीवा और सीधी में विंध्याचल पर्वतमाला के झरनों पर खास फोकस होगा। जानकारी के अनुसार इनमें से अधिकांश झरने सरकारी दस्तावेजों मे दर्ज नहीं है लेकिन लोगों की प्यास के साथ सिंचाई जैसे अहम रोल निभाते हैं। झरनों का डाटा मिलने के बाद सरकार स्प्रिंगशेड मैनेजमेंट के तहत उन इलाको में पौधरोपण और जल संरक्षण केकाम करेगी ताकि सूखे झरने फिर से जीवित हो सकें।



#### झरनों के जरिए ये आएगा बदलाव

- पहाड़ी क्षेत्रों में सिंचाई की नई योजनाएं इन झरनों के आधार पर बनाई जा सकेंगी
- नल-जल योजना के लिए इन झरनों को स्थाई स्रोत के रूप में विकसित किया जाएगा।
- कुछ झरनों पर पहले से ही पर्यटन क्षेत्र हैं, नए झरनों की लोकेशन को भी टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर विकसित करने का प्लान बनेगा

### 10 साल पहले सूखे झरनों का होगा पुनर्जन्म

गणना की रोचक बात है कि इसमें केवल बहते हुए झरने ही नहीं गिने जाएंगे। गिनती करने वाला स्टाफ उन झरनों का भी पता लगाएंगे जो पिछले 5 से 10 वर्षों में सूख चुके हैं। इसके लिए कर्मचारी मौके पर जाकर सूखे हुए झरनों की टैगिंग करेंगे, ताकि भविष्य में उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना बनाई जा सके। स्प्रिंग सेंसस के दौरान यदि कोई झरना घने जंगल के भीतर है तो उसे उसके निकटतम गांव या वार्ड के साथ मैप किया जाएगा। इस गणना के लिए लोकल गवर्नमेंट डायरेक्ट्री कोड का उपयोग किया जाएगा क्योंकि एमपी के सभी गांव और शहरी वार्ड पहले से ही इस डिजिटल फ्रेमवर्क में लॉक हैं। झरनों की गिनती के लिए 6 माह का टारगेट दिया गया है। सरकार ने झरने की सटीक परिभाषा तय की है ताकि गिनती में गलती न हो। झरना केवल उस जल स्रोत को माना जाएगा जहां जमीन के भीतर का पानी एक निश्चित बिंदु से बाहर निकलता है। वहीं अगर किसी नदी या झील के किनारे से पानी धीरे-धीरे रिस रहा होगा तो उसे झरना नहीं माना जाएगा।

# पुलिस द्वारा भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर मंगलसूत्र छीनने वाली अंतर्राज्यीय महिला गैंग के 6 महिलाओं को किया गया गिरफ्तार

## आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से रैकी कर धार्मिक आयोजनों/ कार्यक्रम स्थल को किया जाता था टारगेट आरोपियों के कब्जे से दो सोने के मंगलसूत्र व घटना में प्रयुक्त ईको कार सहित करीबन 06 लाख का मशरुका किया गया जब्त



**जागरण, पन्ना ।** सलेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 19 जनवरी 2026 को ग्राम श्यामगिरी में अड़गड़ानंद स्वामी के सत्संग कार्यक्रम के दौरान भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से मंगलसूत्र छीनने की घटना को अंजाम देने वाली अंतर्राज्यीय महिला गैंग का पन्ना पुलिस द्वारा सफल खुलासा किया गया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह के मार्गदर्शन में की गई। फरियादिया रूपा सिंह गोड निवासी ग्राम श्यामगिरी, थाना सलेहा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपनी जेठानी एवं देवरानी के साथ सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। दोपहर लगभग 02:30 बजे, हेलीकॉप्टर के उतरने के दौरान अधिक भीड़ होने का फायदा उठाकर अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके तथा उनकी देवरानी रोशनी सिंह के गले से सोने के मंगलसूत्र झपट लिए गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अपराध क्रमांक 22/2026, धारा 304(2) बीएनएस 2023 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सलेहा उनि. बलवीर सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा समीपवर्ती ग्रामों एवं क्षेत्रों में स्थानीय नागरिकों को अज्ञात एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु समझाइश दी गई। इसी सतत प्रयासों के फलस्वरूप कलदा क्षेत्र में कुछ संदिग्ध महिलाओं की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके से संदिग्ध महिलाओं को तत्काल अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपिया किरन ने पुलिस अभिरक्षा में बताया कि उनके द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसे कार्यक्रमो/आयोजनो को चिन्हित करते है जहां अधिक भीड़भाड होने की संभावना है फिर वहां पहुंचकर अपने साथियों प्रभावती, सीमा, सुनीता, किरन एवं सुमन के साथ मिलकर भीड़-भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में महिलाओं के गले से मंगलसूत्र, गहने एवं रुपये छीनने की पूर्व नियोजित योजना बनाकर वारदातों को अंजाम देती थी। आरोपियों द्वारा किराए की इको कार (क्रमांक UP 54 BA 6961) से दिनांक 18 जनवरी 2026 को ग्राम श्यामगिरी पहुंचकर दो-दो एवं तीन-तीन की टीम बनाकर घटना को अंजाम दिया गया तथा चोरी किए गए मंगलसूत्रों को आपस में बांटने की योजना थी। सलेहा पुलिस द्वारा त्वरित, सतर्क एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाली अंतर्राज्यीय महिला गैंग को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है।

**बरामदगी :** आरोपियों की कब्जे से दो सोने मंगलसूत्र, अनुमानित कीमत 1,00,000/- घटना में प्रयुक्त इको कार, अनुमानित कीमत ?5,00,000/- इस प्रकार कुल लगभग ?6,00,000/- की संपत्ति जब्त की गई है।
**नाम पता आरोपी :** फीता उर्फ गीता, पति निपोरीचन्द्र, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम रह्नी, थाना दक्षिणटोला, जिला मऊ (उ.प्र.), सुमन, पति रमेश , उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम रह्नी, थाना दक्षिणटोला, जिला मऊ (उ.प्र.), किरन उर्फ माला, पति सतेन्द्र उर्फ मनटू, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम दौलतपुर, थाना घोषी, जिला मऊ (उ.प्र.), सीमा देवी, पति रामलखन, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम अमावाकला, थाना सरपतहा, जिला जौनपुर (उ.प्र.), प्रभावती, पिता सौखा , उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम रह्नी, थाना दक्षिणटोला, जिला मऊ (उ.प्र.), सुनीता, पति विजय, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम रह्नी, थाना दक्षिणटोला, जिला मऊ (उ.प्र.)
**सराहनीय योगदान :** उक्त कार्यवाही में उनि. बलवीर सिंह, सउनि. सुशील तिर्की, प्र.आर. आदित्य कुशवाहा, गोविन्द सिंह, रियाज मोहम्मद, राजेश प्रजापति, तेजवती, आर. बब्लू पटेल, भरत पाण्डेय, जीतेन्द्र एवं म.आर. प्रियंका सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट
# टाई ब्रेकर में जीती नीमच और केरल की टीम




जागरण, पन्ना । जिले के शहर स्थित छत्रसाल स्टेडियम में 19 जनवरी से प्रारंभ हुए अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट में दर्शकों को एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच देखने को मिल रहे हैं द्य जिसमें बुधवार को खेले गए दोनों मैचों का फैसला पेनल्टी शूटआउट टाई ब्रेकर से हुआ द्य दूसरे मैच में तो रोमांच यहां तक पहुंच गया कि टाई ब्रेकर में बराबरी पर रहने पर निर्णय सडन डेथ टाइ ब्रेकर तक पहुंच गया द्य जिसमें केरल ने दिल्ली पर जीत दर्ज की द्य पहले मैच में नीमच फुटबॉल क्लब नीमच ने पेनल्टी शूटआउट ।

ऐसीबी इंडिया कोरबा पर 5--4 की रोमांचक जीत दर्ज की : पहले मैच में नीमच के नागेश बैरागी ने हवाई शॉट से बेहतरीन मैदानी गोल कर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी , जो लगभग पूरे समय तक बनी रही द्य लेकिन खेल खत्म होने के कुछ देर पूर्व कोरबा के सोनाराम ने बराबरी का गोल करके मैच को टाई ब्रेकर में पहुंचा दिया द्य जिसमें नीमच के गोलकीपर अनमोल पर्तेती ने एक पेनल्टी किक का बचाव करके अपनी टीम को 5---4 से जीत दिला दी द्य कोरबा के सोनाराम को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया द्य केरल और दिल्ली के बीच खेले गए दूसरे मैच में भी निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक-एक गोल की बराबरी पर रहीं द्य टाइ ब्रेकर में भी दोनों टीम बराबरी पर रही अंत में सदन डेथ पेनेल्टी शूट में केरल के गोल कीपर सैमुअल ने शानदार बचाव करके अपनी टीम को 5 --4से जीत दिला दी द्य जिसके चलते सेमवाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया द्य आज के मैच में मुख्य अतिथि के तौर पर प्राणनाथ ट्रस्ट से राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम शर्मा ,सचिव नरेंद्र धामी प्रेम किशोर शर्मा, चिदानंद शर्मा अनिल शर्मा और अमित शर्मा तथा पत्रकार जगत से राकेश शर्मा मोहम्मद नईम सौरभ साहू ,राजेश रावत और अतुल रैकवार उपस्थित रहे ।

**आज के मैच:** .पहला मैच स्थानीय टीमपन्ना बनाम कोवलम केरलादोपहर 12 बजे से दूसरा मैच मुंबईकर मुंबई बनाम न्यू बाल्मीकि स्त्रष्ट बड़वानी दोपहर 2 बजे से ।

# ई-टोकन व्यवस्था शुरू, अब मोबाइल से घर बैठे होगा उर्वरक के लिए पंजीयन

**पन्ना ।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा उर्वरक वितरण की नवीन ई-टोकन व्यवस्था आरंभ कर दी गई है। इस प्रणाली अंतर्गत उर्वरक कूपन जारी कर खाद का वितरण किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा भी पारदर्शी और सुगम सुविधा का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किसानों से किया गया है। अब ई-टोकन के माध्यम से किसानों द्वारा मोबाइल के माध्यम से घर बैठे ही उर्वरक के लिए पंजीयन करवाया जा सकेगा। कृषक को लाइन में नहीं लगना होगा। ई-टोकन प्राप्त करने के लिए किसानों को द्धह्लह्लश्चह्य्र्//द्गह्लश्चद्गठ्ठ.द्वश्चद्बह्वद्बह्यद्धद्ब.श्चह्द्ग/ पोर्टल पर आधार कार्ड के जरिए पंजीयन करवाना होगा। इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जिला एवं स्थानीय स्तर पर कृषि अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण व मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।

# मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाने के लिए प्राप्त हुए 13 हजार से अधिक आवेदन, अंतिम दिन आज

**जागरण, पन्ना ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 22 जनवरी को मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाने के लिए आवेदन का अंतिम दिन है। अब तक जिले में कुल 13 हजार 7 मतदाताओं ने फॉर्म 6 में नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। छूटे हुए शेष मतदाता गुरूवार को भी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं। एक जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता भी अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके अलावा वर्ष 2026 में एक अप्रैल, एक जुलाई अथवा एक अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता भी सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम आवेदन कर सकेंगे, लेकिन 21 फरवरी को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में इन मतदाताओं के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे, बल्कि निर्धारित आयु पूर्ण करने के उपरांत निर्धारित प्रक्रिया के तहत नाम शामिल किया जाएगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार एसआईआर प्रक्रिया के तहत गत 23 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था। इसके उपरांत पन्ना जिले की पवई विधानसभा में अब तक 4953, गुनौर में 3381 एवं पन्ना विधानसभा में 4673 आवेदन मतदाता सूची में नवीन नाम जोड़ने के लिए प्राप्त हुए हैं। जिले में बीएलओ द्वारा नाम निरसन के लिए फॉर्म 7 में कुल 1301 व संशोधन एवं शिफ्टिंग के लिए फॉर्म 8 में कुल 4429 आवेदन भी प्राप्त किए गए।

# जिला पंचायत सदस्य रामकुमार चौधरी के तीखे तेवरों से बैठक में मचा हड़कंप, भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय उपेक्षा पर घेरे अधिकारी




**जागरण, पन्ना ।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में वार्ड-11 के सक्रिय सदस्य रामकुमार चौधरी ने प्रशासन की कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। चौधरी ने स्पष्ट लहजे में कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ 4 वर्षों से हो रहा सौतेला व्यवहार और अधिकारियों की तानाशाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**आजीविका मिशन के भ्रष्ट अधिकारियों को तत्काल हटाने के निर्देशः :** रामकुमार चौधरी ने सदन में मुद्दा उठाया कि आजीविका मिशन पन्ना में पदस्थ भ्रष्ट कर्मचारियों के स्थानांतरण के आदेश मंत्रालय (भोपाल) से 2 महीने पहले जारी होने के बावजूद उन्हें जिले में ही संरक्षण दिया जा रहा है। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्र) ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों को तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश, दिए।

**छात्रावासों की बदहाली और कमीशन के खेल का पर्दाफाशः** चौधरी ने सिंघवारा छात्रावास के निरीक्षण का अनुभव साझा करते हुए बताया कि वहां वार्डन ने अभद्र व्यवहार किया और अधिकारियों को %मासिक कमीशन% देने का दावा किया। वहीं, कुंवरपुर छात्रावास में नन्हीं बालिकाओं से कराई जा रही पुताई (बाल श्रम) का मुद्दा भी गरमाया। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने स्वयं छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने और दोषियों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए।

# आबकारी विभाग द्वारा राजसात वाहनों की नीलामी हुई



**जागरण, पन्ना ।** दूपहिया और चार पहिया वाहनों की नीलामी जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन पन्ना में संपन्न हुई । जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 47- क (2) के अंतर्गत राजसात किए वाहनों की नीलामी हेतु सीलबंद टेंडर आमंत्रित किए गए थे। जिसमें 6 चार पहिया वाहन और 12 दो पहिया वाहन नीलामी में शामिल किए गए थे। 18 वाहनों के लिए 15 टेंडर प्राप्त हुए । जिसमें 10 वाहनो पर ऑफर मूल्य निर्धारित ऑफसेट मूल्य एक लाख सत्तावन हजार रुपए से अधिक मूल्य एक लाख सतासी हजार रुपए के प्राप्त हुए थे । शेष वाहनों पर कोई टेंडर प्राप्त नहीं हुआ । इस नीलामी के लिए गठित समिति में जिला आबकारी अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम), जिला परिवहन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (लोक निर्माण विभाग) शामिल है । इसके अलावा आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, हरीश पाण्डेय, सहायक ग्रेड 3 अरुण चौरसिया, आईटी ऑपरेटर ऋषिकांत सोनी सहित आबकारी स्टाफ उपस्थित रहा । शेष वाहनों की नीलामी की तिथि बाद में घोषित की जाएगी ।

# कौशल विकास की पहल, उन्नति फाउंडेशन और महाविद्यालय का संयुक्त प्रयास



**जागरण, पन्ना ।** उन्नति फाउंडेशन, बैंगलोर के सहयोग से छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय एवं तृतीय बैच का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। द्वितीय बैच का प्रारंभ 20 जनवरी को प्रातः 10꞉30 बजे तथा तृतीय बैच का प्रारंभ 21 जनवरी को दोपहर 1꞉30 बजे हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सिद्धू सिंह, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल, सह संयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी एवं ट्रेनर अमित सोनी द्वारा मां वीणा वादिनि के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को व्यावहारिक कौशल, व्यक्तित्व विकास, संचार क्षमता तथा रोजगार से जुड़े आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुखी बनाना है, जिससे वे निजी एवं कॉर्पोरेट क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक कौशल और व्यक्तित्व विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्नति फाउंडेशन का यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. सिद्धू सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत इस प्रकार के प्रशिक्षण युवाओं को सही दिशा देने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने बताया कि इस 30 दिवसीय कार्यक्रम में कम्युनिकेशन स्किल, इंटरव्यू स्किल, टीमवर्क, समय प्रबंधन एवं प्रोफेशनल एटीट्यूड जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे प्रशिक्षणार्थी रोजगार के योग्य बन सकें। सह संयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है। ट्रेनर अमित सोनी ने प्रशिक्षण की रूपरेखा बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण पूरी तरह व्यवहारिक गतिविधियों पर आधारित होगा, जिससे प्रतिभागियों में वास्तविक कार्यक्षेत्र की समझ विकसित हो सकेगी। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय की 17 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो प्रशिक्षण की निरंतर निगरानी एवं समन्वय करेगी। इस अवसर पर डॉ. अरविंद तिवारी, डॉ. पियूषा शर्मा, डॉ. अनुराधा चौरसिया, डॉ. प्रदीप रावत, डॉ. पुनीत दुबे, डॉ. निशांत खरे, डॉ. पुष्पराज चौरसिया, डॉ. सुजा सुकुमारन, श्री सूरज पटेल,स्वप्निल मेश्राम, सुश्री वर्षा सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# खेलों एमपी यूथ गेम्स 2026 में महाविद्यालय के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**पन्ना ।** हाल ही में खेल विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के 03 छात्रों द्वारा शानदार उपलब्धि हासिल की गई। तीनों ने अपना स्थान राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित किया है! महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय से बी.कॉम. प्रथम वर्ष के छात्र ओम गुप्ता ने 81 किलोग्राम वजन श्रेणी में कुश्ती खेल में स्वर्ण पदक जीता है, कला संकाय से बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र पीयूष विश्वकर्मा ने जूडो खेल में 60 किलो वजन श्रेणी में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है, साथ ही बी.कॉम. प्रथम वर्ष के छात्र प्रिंस। रैकवार ने 73 द्मद्द वजन श्रेणी में कांस्य पदक का खिताब अपने नाम किया है। तीनों ही छात्र आगामी समय में भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तर की प्रतियोगिता में सह भागिता करेंगे। छात्रों की स्वर्णिम सफलता पर महाविद्यालय परिवार द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ? एस ? डी ? चतुर्वेदी जी द्वारा छात्रों को खेल अभ्यास में और अधिक मेहनत करने एवं बेहतर खेल सुविधाओं को महाविद्यालय में व्यवस्थित करने, तथा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने की बात कही है, छात्रों ने अपना अभ्यास कार्य महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी धर्मेन्द यादव के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।

# वन मंडल उत्तर पन्ना (सामान्य) में अनुभूति शिविर का आयोजन, विद्यार्थियों ने प्रकृति से सीखा संरक्षण का महत्व



**जागरण, पन्ना ।** मध्यप्रदेश वन विभाग की महत्वाकांक्षी एवं फ्लैगशिप योजना अनुभूति के अंतर्गत 20 जनवरी 2026 को 'वन मंडल उत्तर पन्ना' में एक दिवसीय, शैक्षणिक शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर 'वन परिक्षेत्र पन्ना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर' में आयोजित हुआ, जिसमें 'शिविर में शासकीय रुद्र प्रताप उच्चतर विद्यालय पन्ना के 49 विद्यार्थियों एवं शासकीय कन्या हाई स्कूल ककरहटी 63 विद्यार्थियों के कुल '112 विद्यार्थियों' ने भाग लिया। अनुभूति योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकालकर उन्हें प्राकृतिक परिवेश में शिक्षा प्रदान करना तथा वनों, वन्यजीवों और जैव विविधता के प्रति जागरूक बनाना है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 112 विद्यार्थियों के एक बैच को वन क्षेत्र में लाया जाता है, जहाँ वे वन विभाग के अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर्स एवं अपने शिक्षकों के साथ प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से सीखते हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों के लिए 'बर्ड वॉचिंग' एवं 'नेचर ट्रेल' जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनसे छात्र/छात्राओं ने विभिन्न पौधों, पक्षियों और वन पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही 'पर्यावरण आधारित क्विज प्रतियोगिता, ''रोचक खेल' तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों ने छात्रों में उत्साह और जिज्ञासा को और बढ़ाया। विद्यार्थियों के लिए 'नाश्ता एवं दोपहर के भोजन' की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में धीरेन्द्र प्रताप सिंह' 'वन मंडलाधिकारी वन मण्डल उत्तर पन्ना एवं अंशुल तिवारी उप वनमण्डलाधिकारी विश्रामगंज, कृष्णा मरावी उप वनमण्डलाधिकारी पन्ना, जनप्रतिनिधि श्रीमती मान्सी तिवारी सरपंच ग्राम पंचायत तिलगवां, कुमारी नीलम राय सरपंच ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर एवं अजय बाजपेयी वन परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना, की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर वनों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर प्रकाश डाला। अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, वनरक्षक एवं मास्टर ट्रेनर संदीप यादव, तथा परिक्षेत्र सहायक देवेन्द्र सिंह,राजीव कुमार वर्मा, पंकज प्रकाश कुशवाहा,अरुण त्रिवेदी वनपाल एवं वन परिक्षेत्र पन्ना का समस्त वन अमला उपस्थित रहा।

# राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**जागरण, पन्ना ।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना में आयोजित कृषि सखियों के द्वितीय बैच के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रमंडल सदस्य संजीव खरे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से चयनित 40 कृषि सखियों ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने जैविक और प्राकृतिक खेती के अंतर को सरल भाषा में समझाया। कृषि सखियों को जीवामृत, घनजीवामृत तथा बीजामृत के निर्माण व उपयोग की विधियां सिखाई गईं, जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, फसल की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने तथा उत्पादन वृद्धि में सहायक होंगी। मल्चिंग, वापसा प्रबंधन, फसल विविधीकरण जैसे विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। प्राकृतिक कीटनाशकों जैसे ब्रम्हास्त्र, अग्निअस्त्र तथा नीमास्त्र के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा मृदा परीक्षण तथा प्राकृतिक विधियों से सब्जी, फल और फूल उत्पादन की तकनीकों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस पहल से जिले में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होकर टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण के समापन सत्र में कृषि सखियों के प्राकृतिक खेती से संबंधित शंकाओं को दूर किया गया। साथ ही उनके द्वारा प्रशिक्षण के अनुभव भी साझा किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और अपने क्षेत्रों में जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने की अपेक्षा की गई। समापन कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पी.एन. त्रिपाठी, तरुण पाठक, विक्रांत दुबे, नोडल अधिकारी डॉ. रितेश जायसवाल, वैज्ञानिक डॉ. आर.पी. सिंह, रितेश बागोरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयचंद लोधी, शिवमंगल सिंह, देशराज प्रजापति, जया कोरी, संदीप त्रिपाठी, महक पटेरिया, आरती काल्वे और कृषि सखियां भी उपस्थित रहीं। संचालन रावे छात्रा दिव्यांशिका त्यागी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर.पी. सिंह द्वारा किया गया ।

# विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा 23 जनवरी को

**पन्ना ।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागीय योजनाओं अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचलित निर्माण कार्यों, हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्य संपादन के दृष्टिगत शुक्रवार, 23 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई है। इस संबंध में संबंधित विभाग प्रमुखों को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायत सीईओ सभी निर्माण व विकास कार्य तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी की कार्ययोजना तथा विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण आदि की जानकारी के साथ उपस्थित होंगे, जबकि शेष विभाग के अधिकारियों को विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। **विद्युत, जल और सड़क की समस्याओं पर घेरा :** बैठक में प्रधानमंत्री सड़क योजना, लोग स्वस्थ यंत्र की विभाग,जल निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए चौधरी ने कहा कि कागजी खानापूर्ति बंद कर धरातल पर सुधार करें। उन्होंने क्वाश्व में टुकड़ा पद्धति से किए गए लाखों के भ्रष्टाचार की तकनीकी जांच रिपोर्ट सदन में पेश करने की मांग की। क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और बिजली-पानी के संकट के त्वरित निराकरण हेतु अध्यक्ष द्वारा कड़े निर्देश जारी किए गए।

# मुख्य सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा



**जागरण, पन्ना ।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में स्वास्थ्य एवं पोषण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, नलजल योजनाओं की प्रगति, कानून-व्यवस्था सहित अन्य निर्धारित एजेंडा बिन्दुओं एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने आम जनता को संवेदनशीलता के साथ सुविधाजनक तरीके से शासकीय योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान करने सहित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, सुशासन, राजस्व ई-कोर्ट सिस्टम की स्थापना एवं राजस्व संग्रहण, एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से नागरिक सेवाओं के प्रदाय, अविवादित नामांतरण प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने, जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद, आगामी 31 मार्च तक पीएचई की सिंगल विलेज स्कीम का कार्य पूर्ण करने इत्यादि के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने, खनिज माफियाओं तथा खनिज के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही, पराली जलाने की घटनाओं के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए भी कहा। इस मौके पर कलेक्टर ऊषा परमार एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# खनुआ की बेटी वर्षा शाह ने डीएवी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

## अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से प्रशिक्षित तीरंदाजों ने दिखाई शानदार प्रतिभा

**जागरण वैढ़न**

खनुआ स्थित डीएवी स्कूल की कक्षा 7 की छात्रा वर्षा शाह ने नोएडा में आयोजित डीएवी संस्थानों की राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में अंडर.14 आयु वर्ग के 50 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपने स्कूल परिवार गांव और जिले का नाम रोशन किया है। मूल रूप से मझौली पाठ गांव की रहने वाली वर्षा ने बेहद कम समय में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया है।

वर्षा साह पिछले कुछ महीनों से अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से खनुआ गांव में संचालित तीरंदाजी अकादमी में अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रही हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनतए अनुशासन और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता ने उन्हें राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अदाणी फाउंडेशन की पहल पर धिरौली एवं सुलियरी परियोजना के आसपास के गांवों के इच्छुक बच्चों को तीरंदाजी का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व के लिए तैयार करना है। अकादमी से निकल रहे खिलाड़ियों के लगातार बेहतर प्रदर्शन के कारण खनुआ स्थित यह तीरंदाजी अकादमी अब पूरे जिले के लिए गौरव का केंद्र बनती जा रही है। इस अकादमी के संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी सिंगरौली जिला तीरंदाजी संघ को सौंपी गई है जहां कुशल और अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को वैज्ञानिक और व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अब तक इस अकादमी के माध्यम से कुल 50 स्कूली छात्र.छात्राओं को



प्रशिक्षण दिया जा चुका हैए जिनमें आर एंड आर कॉलोनी स्थित डीएवी द्वारा संचालित स्कूल के 25 तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय के 25 विद्यार्थी शामिल हैं। हाल ही में अकादमी के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ी सूर्यबली सिंह ;कक्षा 12 शासकीय विद्यालय खनुआ और रोहित गुप्ता कक्षा 11 शासकीय विद्यालयए खनुआ ने सिंगरौली जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय सब.जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में भाग लिया। यह प्रतियोगिता खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र धार में आयोजित की गई थी।

कांस्य पदक जीतने के बाद वर्षा साह काफी उत्साहित हैं और अपनी सफलता का श्रेय अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित तीरंदाजी अकादमी एवं अपने प्रशिक्षकों को देती हैं। वहींए वर्षा की मां इन्द्र कुमारी साह ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा हम अदाणी फाउंडेशन के आभारी हैं जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अकादमी में प्रशिक्षण दे रहे कोच रहीश सेन जो स्वयं राज्य की शीर्ष तीरंदाजी अकादमी से प्रशिक्षित खिलाड़ी हैं और मध्यप्रदेश के होनहार तीरंदाजों में शामिल रहे हैं ने बच्चों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा खनुआ से उभर रहे ये नए तीरंदाज आने वाले वर्षों में जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। तीरंदाजी न केवल शारीरिक क्षमता बल्कि बच्चों और युवाओं में अनुशासन एकाग्रता और आत्मविश्वास को भी मजबूत करती है। खनुआ स्थित इस तीरंदाजी केंद्र की सफलता ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति नई उम्मीद और ऊर्जा का संचार किया है। आने वाले समय में यहां से कई और प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आने की पूरी संभावना है। गौरतलब है कि अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से धिरौली एवं सुलियरी परियोजना के आसपास के गांवों में स्थानीय युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए समय.समय पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है और भविष्य में भी ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

# वसंत पंचमी, शिव.तत्व और ज्ञान शक्ति के समन्वय का महापर्व कल

**जागरण वैढ़न।** वसंत पंचमी का महापर्व माघ शुक्ल पक्ष पंचमी कल 23 को श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस दिन मां भगवती के विद्यादायिनी सरस्वती स्वरूप की विशेष आराधना की जाती है। वाणी.पूजन बागेश्वरी जयंती वसंत उत्सव एवं रतिकाम महोत्सव के साथ.साथ विद्या.अनुरागी श्रद्धालु मां सरस्वती की पूजा.अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। साथ ही शिवालयों में जाकर महामृत्युंजय भगवान भोलेनाथ की उपासना का विशेष महत्व है। शिवधाम मंदिर वैढ़न के महाप्रबंधक एवं ज्योतिषविद् पं. डॉ. एन.पी. मिश्र ने बताया कि वसंत पंचमी केवल मां सरस्वती की आराधना का पर्व ही नहीं है बल्कि इसका भगवान शिव से भी गहरा आध्यात्मिक संबंध है। शैव एवं वैदिक परंपराओं में इस तिथि को विशेष महत्व दिया गया है। भगवान शिव को आदियोगी और ज्ञान के मूल स्रोत के रूप में स्वीकार किया गया हैए जबकि मां सरस्वती ज्ञानए वाणी और कला की अधिष्ठात्री देवी हैं। वसंत पंचमी पर शिव और सरस्वती का समन्वय चेतना और ज्ञान.धारा के मिलन का प्रतीक माना गया है। डॉ एन पी मिश्र ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ माना जाता है। इस दिन उनकी पूजा करने से ज्ञान.विवेक स्मरण शक्ति तथा बुद्धि का विकास होता है। वसंत ऋतु सृजन और नवजीवन की प्रतीक है तथा शिव को सृष्टि स्थिति और संहार का आधार माना गया है। इस दिन शिव.पूजन से मानसिक शांति सृजनात्मक ऊर्जा और आत्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। वसंत पंचमी से वसंत ऋतु का आगमन होता है। प्रकृति में हरियाली पुष्पों की शोभा सरसों के पीले फूल आम की बौर और कोयल की कूक वसंत के स्वागत का संकेत देते हैं। पीला रंग उत्साह ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। पं.डा. मिश्र के अनुसार पंचमी तिथि का संबंध पंचतत्वों से है जिनके स्वामी भगवान शिव माने जाते हैं। इस दिन शिवलिंग पर जल दूध एवं बेलपत्र अर्पित करने से पंचतत्व संतुलित होते हैं और जीवन में शुभता आती है। योग एवं तांत्रिक परंपरा में भी वसंत पंचमी को ऊर्जा जागरण का विशेष अवसर माना गया है।

# मध्य प्रदेश जूनियर शालेय प्रतियोगिता में डीपीएस विंध्यनगर के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**जागरण विन्ध्यनगर।** सिंगरौली में मध्य प्रदेश अमटेउर तीरंदाज़ी संघ के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाज़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राज्य के सिंगरौली जनपद में आयोजित की गई थी। अंडर 10 इंडियन चक्र में विद्यालय के होनहार तीरंदाज़ ध्रुव कुमार शर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं अंडर 10 रिकर्व चक्र में विद्यालय के ही एक और खिलाड़ी अभय बैस ने प्रथम स्थान अर्जित किया। अंडर 13 केटेगरी में अपनी निशानेबाज़ी का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अथर्व ने इंडियन चक्र में प्रथम स्थान अर्जित किया। अंडर 13 के अंतर्गत रिकर्व चक्र में डीपीएस की ही आन्या दुबे ने प्रथम स्थान अर्जित किया। अंडर 15 के खिलाड़ियों में रिकर्व चक्र के अंतर्गत डीपीएस के तीरंदाज़ आयूष बैस ने प्रथम स्थान अर्जित किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय ने सभी पाँचों खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई व आशीर्वाद दिया। प्राचार्य डॉ. पाण्डेय ने सभी खिलाड़ियों की भूरि.भूरि प्रशंसा करते हुए आने वाले समय में अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने एवं देश का गौरव बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित भी किया।



# गायत्री बालिका गृह में बच्चियों को ठंड से बचाव हेतु 10 बच्चियों को जैकेट वितरित

**जागरण वैढ़न।** अमृता सेवा संस्थान द्वारा संचालित गायत्री बालिका गृह में बच्चियों को ठंड से बचाव हेतु 10 बच्चियों को जैकेट वितरित संयुक्त व्यापार मंडल के तत्वाधान में किया गया। संचालिका द्वारा कहीं से मेरा नंबर प्राप्त हुआ जो मुझसे एक हफ्ते पहले संपर्क की तथा मुझे लगा कि वास्तव में वहां कपड़ों की जरूरत तो मैं अपने व्हाट्सएप ग्रुप में डाल लोगों से सहयोग करने हेतु जिसमें से शंकर लाल केसरवानी एवं सुनील अग्रवाल के द्वारा स्वेटर एवं जैकेट का सहयोग प्राप्त हुआ जिसे मैं जाकर गायत्री बालिका गृह में वितरित किया यह रीवा संभाग का एक पहले इस तरह का सेवा संस्थान है जो कि गायत्री बालिका गृह के द्वारा संचालित है जो कि पर पूरे संभाग से सतना रीवा सीधी एवं वैढन की बच्चिया रह करके पढ़ाई लिखाई से लेकर सारी व्यवस्था खाने.पीने एवं रहने तक की पूरी व्यवस्था संस्था द्वारा की जा रही है।




जबकि संस्था के द्वारा मकान किराए पर ली गई है जो की विगत दो वर्षों से इस स्थान पर संचालित है एासन प्रशासन के द्वारा वहां पर किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है बच्चियों के देख.रेख के लिए कुछ स्टाफ भी उपलब्ध पाए गए। शासन प्रशासन से मांग करता हूं ऐसे संस्थानों के लिए कम से कम एक जगह उपलब्ध करा दी जाए जहां की किराया न लगे ताकि वह महिला भी सही ढंग से बच्चों का पालन पोषण कर सके क्योंकि साल भर में ढाई लाख रुपए किराए के रूप में दे देना पड़ता है जबकि उसके पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है फिर भी लोगों से मांग जांच करके संस्था को जीवित रखी है और चला भी रही है । वहां की समस्याओं के बारे में सुनकर के मुझे भी लगा की यह जो बचों बाहर से आई है बहुत ही गरीब परिवार की बच्चियों हैं जो यहां आकर संस्था के माध्यम से पढ़ लिख रही है। समाज के लोगों से भी आगे है ऐसे लोगों को सहयोग करें ताकि उन बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। जैकेट बांटने वालों में संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजाराम केसरी समाजसेवी लक्ष्मी चंद दुबे गायत्री बालिका संत की संचालिका मंजू सिंह सहायक सावित्री देवी उपस्थिति रही।

# वीएसआर क्षेत्र के 153 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में की सहभागिता



## क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान विंध्याचल द्वारा श्रम संहिताओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**जागरण विन्ध्यनगर।** आरएलआई विंध्याचल ने नई श्रम संहिताएँ विषय पर अर्द्ध दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चारों समेकित श्रम संहिताओं तथा उनके कार्यस्थल पर प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रशिक्षण चार बैचों में आयोजित किया गया जिसमें विंध्याचल सिंगरौली एवं रिहंद से आए कर्मचारी एसएमसी सदस्य एवं कर्मचारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वक्ता अमर नाथ वर्मा पूर्व कार्यकारी निदेशक मानव संसाधन एनटीपीसी के स्वागत के साथ संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख विंध्याचल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में श्री साहा ने वैधानिक जागरूकता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि नई श्रम संहिताओं की समझ बदलते औद्योगिक परिवेश में अनुपालन सुनिश्चित करने तथा श्रम संबंधी मुद्दों के प्रभावी प्रबंधन के लिए अत्यंत आवश्यक है। ए. जे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समेकित श्रम संहिताओं से प्रक्रियाएँ सरल हुई हैं और उनके क्रियान्वयन में स्पष्टता आई है। उन्होंने आरएलआई विंध्याचल की इस पहल की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि इससे एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में एकरूपता एवं व्यावहारिक समझ को मजबूती मिलेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वीएसआर क्षेत्र के लगभग 153 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सत्रों का समापन संवादात्मक चर्चाओं एवं प्रश्नोत्तर के साथ हुआ जिससे एनटीपीसी की सुदृढ़ अनुपालन व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों के प्रति प्रतिबद्धता पुनः पुष्ट हुई।

# ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच, एनटीपीसी विंध्याचल की पहल से क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**जागरण विन्ध्यनगर।** खेलों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत मिनी स्टेडियम नवजीवन विहार विंध्यनगर में ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। पाँच दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की 20 टीमों ने भाग लिया जिससे आयोजन को खासा उत्साह और जनभागीदारी मिली। उद्घाटन मुकाबला अनपरा और सरसवाह की टीमों के बीच खेला गया।




उद्घाटन समारोह में स्टेशन की ओर से कार्यपालक सीएसआर निखिल जायसवाल की उपस्थिति रही वहीं मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद श्रीमती श्यामला देवी वर्मा सहित अनेक स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। यह आयोजन ग्रामीण युवाओं में खेल अनुशासन टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ.साथ क्षेत्र में खेल संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खेलों के माध्यम से समावेशी सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है जो एनटीपीसी की सामाजिक उत्तरदायित्व की सोच को प्रतिबिंबित करता है।

# देश की आजादी के लिए हँसते.हँसते सूली पर चढ़ गए हेमू कालाणी

**जागरण सतना।** देश की आजादी के लिए हंसते.हंसते सूली पर चढ़ने वाले क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति द्वारा 21 जनवरी बुधवार को सिन्धी कॉलोनी स्थित अमर शहीद हेमू कालानी पार्क परिसर में विनोद गेलानी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किए गए इस अवसर पर संरक्षक गोपी गेलानी श्रीचंद मनवाणी मनोहर डिगवानी महामंत्री घनश्याम मंघरानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे' कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंत्री संजय वाधवानी ने बताया सर्वप्रथम पार्क परिसर में स्थापित हेमू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात विचार गोष्ठी आयोजित की गई। संस्थाध्यक्ष विनोद गेलानी ने अपने उद्बोधन में कहा क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालाणी अपने जीवन के 18 बसंत ही देख पाए और देश की आजादी के लिए हँसते. हँसते सूली पर चढ़ गए ऐसे वीर सपूत को समाज एवं संपूर्ण राष्ट्र शत शत नमन करते हैं।


## नगर पालिक निगम सिंगरौली जिला- सिंगरौली (म.प्र.)

कमांक / 203 / राजस्व / 26 सिंगरौली दिनांक – 21.01, 2026

### सार्वजनिक इश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म0 प्र0 अचल सम्पत्ति अन्तरण नियम 2016 के नियम 20 के तहत हरई आवासीय एंव ब्यवसायिक योजनान्तर्गात लीज पर आववटिंत भू–खण्डो को फ्री–होल्ड किये जाने हेतु निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | लीजग्रहिता का नाम एंव पिता का नाम | भू–खण्ड क्रमांक एंव साईज |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | श्री श्यामसुन्दर सिंह तनय साहेब सिंह | आवासीय भू–खण्ड क्रमांक 62 साईज 12 X 18 मीटर |
| 2 | रामसजीवन विश्वकर्मा तनय स्व0 श्री बाबूलाल विश्वकर्मा | ब्यव0 भू–खण्ड क्रमांक 05 साईज 4 X 6 मीटर |
| 3 | श्रीमती किशुनदईया पत्नी श्री सुबाष चन्द तिवारी | ब्यव0 भू–खण्ड क्रमांक 23 साईज 4 X 6 मीटर |
| 4 | बसन्तलाल साहू तनय श्री जगदीश प्रसाद साहू | ब्यव0 भू–खण्ड क्रमांक 91 साईज 3 X 7 मीटर |
| 5 | नरेश कुमार शाह तनय श्री रामदास शाह | ब्यव0 भू–खण्ड क्रमांक 184 साईज 3 X 7 मीटर |
| 6 | धर्मेन्द्र कुमार शाह तनय श्री शुत्रहनलाल शाह | यव0 भू–खण्ड क्रमांक 187 साईज 3 X 7 मीटर |
| 7 | प्रशान्त कुमार गोयल वगै0 तनय श्री गरजेश गोयल | आवासीय भू–खेण्ड क्रमांक 113 साईज 12 X 18 मीटर |
| 8 | श्रीमती सुकवरिया साहू पत्नी श्री शंखलाल साहू | ब्यव0 भू–खण्ड क्रमांक 22 साईज 4 X 6 मीटर |
| 9 | रामलल्लू शाह तनय श्री शिवनारायण शाह | ब्यव0 भू–खण्ड क्रमांक 19 साईज 4 X 6 मीटर |

उपरोक्तानुसार भू–खण्डो के फ्री होल्ड किये जाने हेतु यदि किसी को कोई आपत्ति हो या किसी का स्वत्व प्रभावित होता है तो इश्ताहार प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते हैं। वाद में प्राप्त आपत्तियो पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा एंव नियमानुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही की जावेगी।

**प्रभारी अधिकारी ( राजस्व )**
**उप कार्यालय नवजीवन विहार**
**नगर पालिक निगम सिंगरौली**


# बीना अमलोरी एवं निगाही परियोजनाओं का किया निरीक्षण

## संविदाकर्मियों के वेतन सामाजिक सुरक्षा एवं कार्य.परिस्थितियों की हुई समीक्षा

### कोल इंडिया की हाई पावर कमेटी का दो दिवसीय एनसीएल दौरा सम्पन्न

**जागरण सिंगरौली**

संविदाकर्मियों के वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी के उद्देश्य से गठित कोल इंडिया की हाई पावर कमेटीने एनसीएल की बीनाएअमलोरी एवं निगाही परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान समिति के सदस्यों में केशव राव निदेशक मानव संसाधन.एमएसीएल मनीष कुमार निदेशक मानव संसाधन.एनसीएल मु.अंजार आलम निदेशक वित्त ईसीएल सीएस तिवारी निदेशक तकनीकी सीसीएल गौतम बनर्जी कार्यकारी निदेशक एचआर सीआईएल जयब्रत मजूमदार महाप्रबंधक सीएमसी सीआईएल रंजन बेहरा बीएमएस शिवकांत पांडे एचएमएस नरेश मंडल एटक मानस चटर्जी सीटू उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर महाप्रबंधक अमलोरी क्षेत्र आलोक कुमार महाप्रबंधक बीना क्षेत्र आर के सिंह महाप्रबंधक निगाही क्षेत्र राजेंद्र वर्मा महाप्रबंधक मानव संसाधन समीर बरला उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन राजेश चौधरी अमलोरी बीना व निगाही परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे



। हाई पावर कमेटी ने बीना व अमलोरी परियोजना का दौरा किया व आज निगाही परियोजना का दौरा किया। इस अवसर पर खदानो का निरीक्षण किया साथ ही संविदा श्रमिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे कैंपरेस्ट शेल्टर कैंटीन आदि काजायजा लिया गया। सदस्यों ने संविदा कर्मियों से संबंधित वेतन भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली स्वास्थ्य व अन्य लाभों की विस्तार से समीक्षा की। समिति ने संविदा श्रमिक शिविरों में विभिन्न वैधानिक दस्तावेजों की जांच भी की व एनसीएल की कार्यसंस्कृति व संविदा कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं की सराहना की। समिति के सदस्यों ने परियोजना मेंअधिभार हटाव में कार्यरत संविदा श्रमिकों से संवाद कर उनकी कार्य.परिस्थितियों सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर फीडबैक लिया। इस अवसर पर बीना परियोजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित भी किया गया। समिति के सदस्यों ने निगाही में ड्रैगलाइन संचालन व सतत खनन पहल के तहत विकसित बरेजा ईको.पार्क भी देखा। गौरतलब है कि यह संयुक्त समिति एनसीएल के दो दिवसीय दौरे थी जो संविदा श्रमिकों के जीवन स्तरए कार्य.परिस्थितियों एवं सामाजिक सुरक्षा के उन्नयन हेतु समग्र मूल्यांकन कर अपने सुझाव देती है जिससे भविष्य में संविदाकर्मियों के हित में और अधिक प्रभावी नीतिगत सुधार सुनिश्चित किए जा सकें।

## रामवन का पांच दिवसीय बंसतोत्सव मेला 23 से 27 तक

**सतना।** जिले के प्रसिद्ध स्थल रामवन में बसंत पंचमी के अवसर पर पांच दिवसीय मेला 23 जनवरी से 27 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। ग्राम पंचायत मतहा की सरपंच श्रीमती मनीषा अनंत प्रताप सिंह ने बताया कि रामवन मेले का शुभारंभ 23 जनवरी को विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह के मुख्यातिथ्य में किया जायेगा।

## बीएलओ घर-घर जाकर लेंगे दावा-आपत्ति फार्म

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक जिले की समस्त विधानसभाओं के मतदाता केन्द्रों में नियुक्त बीएलओ कार्यालयीन दिवसों में मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहकर दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य कर रहे है। जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध कम संख्या में फार्म-6 प्राप्त हुए है।




# कलेक्टर-एसपी ने किया आईएसबीटी का औचक निरीक्षण

## व्यवस्थाओं को सुधारने के दिए निर्देश

जागरण सतना

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने बुधवार को नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड (आईएसबीटी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने आईएसबीटी परिसर में यात्रियों के बैठने, पेयजल, सुरक्षा और बसों के आवागमन की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतरराज्यीय बस स्टैंड की सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त रखी जाएं। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, जिला पंचायत सीईओ एवं नगर निगम कमिश्नर शैलेंद्र सिंह, डिप्टी कमिश्नर नगर निगम सत्यम मिश्रा, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री बी.आर. सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर और एसपी ने इस दौरान पूरे आईएसबीटी का भ्रमण कर बसों के स्थानक, कन्ट्रोल रूम और पार्किग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बस स्टैण्ड के सामने की ओर ऑटो स्टैण्ड, चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहनों की पार्किंग का स्थान भी चिन्हित किया। कलेक्टर ने आरटीओ को निर्देशित किया कि अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड के यात्रियों को सुविधा प्रदान करने सतना शहर के अंदर से जाने वाली नागपुर, प्रयागराज, बांदा जैसी अंतरराज्यीय बसे और इन्दौर-भोपाल जाने वाली लम्बी दूरी की बसों को आईएसबीटी तक एप्रोच करें। कलेक्टर ने सूत्र सेवा के कोआर्डिनेटर तथा अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड के सीसीटीवी कैमरे का कन्ट्रोल रूम चौबीसो घंटे कार्यरत रखने कर्मचारियों की डयूटी लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बस स्टैण्ड से कारगिल ढाबा तक निर्माणाधीन सडक मार्ग (फोरलेन) को प्राथमिकता देकर तेजी से पूर्ण कराये जाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण एवं ठेकेदार को दिये है। बाद में कलेक्टर-एसपी ने निर्माणाधीन फोरलेन बायपास के निर्माण का भी अवलोकन किया।

## दूसरे दिन भी जंगल में उतरी पुलिस

### 3 क्विंटल महुआ लाहन नष्ट करने के साथ 6 शराब भट्टियां की गई ध्वस्त

**जागरण सतना।** नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ी चौकी पुलिस ने दूसरे दिन बुधवार को भी गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। कुलगढ़ी डैम से लगे जंगल पोड़ी डुडहा गांव से नागौद की ओर उचेहरा नागौद दोनों परिक्षेत्र के जंगल में पुलिस को 150 के करीब प्लास्टिक के डिब्बों में 3 क्विंटल महुआ लाहन मिला जिन्हें मौके पर ही नष्ट किया और 6 भट्टियां मिली जिन्हें मौके पर ध्वस्त किया गया है। हालांकि पुलिस को देखते ही धंधेबाज मौके से फरार हो गये। चौकी प्रभारी आरपी वर्मा के अनुसार फरार भट्टी संचालकों की पहचान की जा रही है और क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा किसी भी सूरत में इस तरह के गैरकानूनी धंधे को पनपने नहीं दिया जायेगा। उक्त कार्यवाहीं में उप निरीक्षक आरपी वर्मा पोड़ी चौकी प्रभारी के साथ प्रधान आरक्षक रामकिशोर कुशवाहा प्रआ संतोष सिंह गहरवार शामिल रहे। ज्ञात हो कि मंगलवार को भी पुलिस ने कुलगढ़ी जलाशय के पास 250 प्लास्टिक के डिब्बों में करीब 5 क्विंटल महुआ लाहन व भट्टी को किया नष्ट किया था।

## नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यालय अब प्रातः 9 बजे से होंगे संचालित

**जागरण सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले में शीतऋतु के प्रभाव से तापमान में गिरावट होने के कारण जिले अंतर्गत संचालित समस्त शालाओं के प्रारंभ होने का समय प्रातः 10 बजे निर्धारित किया गया था। कलेक्टर द्वारा आदेशानुसार वर्तमान में ठंड कम होने के कारण जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, आईसीएसई, सीबीएसई तथा अन्य मान्यता प्राप्त नर्सरी से कक्षा 8वीं तक समस्त विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः 9 बजे नियत किया गया है।


मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana — Ayushman Bharat PM-JAY
उपलब्ध विभाग
- हड्डी रोग (आर्थोपेडिक्स)
- प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
- कैंसर रोग एवं कीमोथैरेपी
- जनरल मेडिसिन
- जनरल सर्जरी
- यूरोलॉजी
- पीडियाट्रिक
- पॉलीट्रामा
- पल्मोनरी
- मेडिसिन

न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668

डॉ. बीरभान सिंह
एम.डी. (मेडिसिन)
DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
उपलब्ध सुविधाएं
- कमर दर्द (साइटिका ● मिर्गी (फिट), बुखारी मिर्गी, बच्चों की मिर्गी ● सिर दर्द माइग्रेन/अर्ध कपारी
- मूवमेंट डिसार्डर्स (ऑखें एवं चेहरे का फड़कना, गर्दन टेढ़ी होना) ● बोटॉक्स का इंजेक्शन लगाना
- पार्किंसंस (हाथ पैर में कपन होना), अनिद्रा, नीद में बडबडाना या चौक जाना। ● चक्कर आना (वर्टाइगो)
- यादाश्त में कमी, पेशाब का पता न चलना व कपड़ों में पेशाब निकल जाना, भूलने की बीमारी।
- आँखों में दर्द के साथ-साथ धुंधला दिखना और दो-दो दिखाई देना, रंग साफ न दिखना आचानक से आँखो की रोशनी कम होना ● हाथ पैर में झनझनाहट या सुन्नपन, झुनझुनी (न्यूरोपैथी)
- अनिद्रा (स्लीप डिसाआर्डर) ● मस्तिष्क एवं रीढ़ के इन्फेक्शन ● चलने में परेशानी, लड़खड़ा के चलना, धीरे-धीरे चलना, चलते समय गिर जाना व गिरने का भय। ● दिमागी बुखार ● मांसपेशियों में कमजोरी, फड़कना या हाथ पैर का पतला होना ● गर्दन दर्द (सर्वाइकल स्प,एडलाइटिस) ● चेहरा का तिरछापन (बेल्स पालसी)

पताः श्रवण कुमारी स्कूल के पास,गुड़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा
- एंडोस्कोपी
- कोलोनोस्कोपी
- फाइब्रोस्केन
- ERCP

Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
- IUI, IVF, ICSI
- फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
- एग फ्रीजिंग
- एंब्रियो फ्रीजिंग
- स्पर्म फ्रीजिंग

डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा






जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com